खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com



# देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 03 फरवरी 2025 | वर्ष-69 | अंक-82 | पृष्ठ-12 | मूल्य-3.00 रु.

■ सत्ता में बने रहने का...
■ दिल्ली के नतीजे ... 04
■ रूस की सेना अपने ही नागरिकों को मार रही..
■ गाजा में युद्धविराम के बाद भी हो रहीं मौतें ... 09
■ कम्पोस्ट खाद से बढ़ाएं खेती की पैदावार
■ लहसुन की उन्नत खेती 11
■ बंगाल टाइगर्स ने...
■ योगासन प्रतियोगिताओं.. 10

## अयोध्या में दिल दहला देने वाली वारदात

# दलित युवती से सामूहिक दुष्कर्म, हत्या, आंखें निकालीं

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में पुलिस ने अनुसूचित जाति (एससी) की लापता युवती का निर्वस्त्र शव बरामद किया, जिसकी बेरहमी से हत्या कर आंखें निकाल ली गई थीं और शरीर पर कई जख्म दिए गए थे। पुलिस ने युवती के साथ सामूहिक बलात्कार के बाद उसकी हत्या किए जाने की बात कही है।

अयोध्या के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशुतोष तिवारी का कहना है, 22 साल की एक युवती की गुमशुदगी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की। शनिवार सुबह युवती का निर्वस्त्र शव बरामद हुआ। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, शव भयावह स्थिति में था, जिसे देखकर मृत युवती की बड़ी बहन और गांव की दो महिलाएं बेहोश हो गईं। उन्होंने बताया कि युवती गुरुवार रात 10 बजे किसी धार्मिक आयोजन में जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी, जिसके बाद परिजनों ने गांव में उसकी तलाश की।

### पीड़ित परिवार की गुहार सुन लेते तो बच जाती जान : राहुल

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने अयोध्या में दलित युवती से दरिंदगी को हृदयविदारक और शर्मनाक बताया है। उन्होंने मामले में पुलिस पर लापरवाही का भी आरोप लगाते हुए कहा कि अगर पीड़ित परिवार की गुहार पर प्रशासन ध्यान दिया होता तो शायद उसके जीवन को बचाया जा सकता था। एक और बच्ची के जीवन का घिनौने अपराध की वजह से अंत हो गया। आखिर कब तक और कितने परिवारों को इस तरह से रोना-तड़पना पड़ेगा?

### 'मैं इस्तीफा दे दूंगा, मोदी के सामने रखूंगा बात'

अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद इस घटना पर फूट-फूट कर रोए प्रसाद ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में मैं मोदी जी से बात करूंगा। कड़ी कार्रवाई न हुई तो इस्तीफा दे दूंगा।

### परिजनों का पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप

सूत्रों के अनुसार, परिजनों ने शुक्रवार को अयोध्या थाने में युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस युवती की सक्रियता से तलाश करने के बजाय महज खानापूर्ति कर रही थी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह युवती के जीजा को उसका शव गांव से आधा किलोमीटर दूर छोटी नहर में मिला। उसने शव मिलने की जानकारी परिवार को दी, जिसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। परिजनों के मुताबिक, युवती की आंखें निकाल ली गई थीं और उसके शरीर की कई हड्डियां भी टूटी हुई पाई गईं। उन्होंने युवती की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की बात कही है। परिजनों ने बताया कि हाथ-पैर रस्सी से बांधे गए थे और चेहरे व कपाल पर गंभीर जख्म के निशान थे।

## अंडर-19 महिला विश्व कप



# भारत की बेटियों ने लहराया परचम

**कुआलालम्पुर।** भारत की बेटियों ने रविवार 2 फरवरी को इतिहास रचते हुए लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी-20 वर्ल्ड कप पर कब्जा जमाया है। टीम ने फाइनल में एकतरफा अंदाज में साउथ अफ्रीका को नौ विकेट से मात दी। फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया के लिए गोंगडी त्रिशा ने गेंद और बल्ले से धमाका मचाते हुए साउथ अफ्रीका को मैच से बाहर कर दिया। उन्होंने पहले गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए तीन विकेट लिए और इसके बाद बल्ले से धमाका करते हुए 44 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। ( विस्तृत समाचार खेल पृष्ठ 10 पर )

### मुख्यमंत्री ने महिला क्रिकेट टीम को दी बधाई

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत की अंडर-19 विमेन्स टी-20 क्रिकेट टीम द्वारा विश्व कप जीतने पर बधाई और शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि विमेन्स टीम ने यह प्रतियोगिता दूसरी बार जीती है। फाइनल मैच में लगातार दक्षिण अफ्रीका की टीम को हराकर भारतीय टीम ने यह गौरव हासिल किया है।

## सार संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने दी बसंत पंचमी की शुभकामनाएं

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बसंत पंचमी की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि माँ सरस्वती की आराधना के पावन पर्व पर प्रार्थना है कि सरस्वती माँ की अनंत कृपा प्रदेशवासियों पर बनी रहे।

### कोलकाता में मैनहोल साफ करने उतरे तीन मजदूरों की मौत

**कोलकाता।** दक्षिण 24 परगना जिले के बंटाला इलाके में लेदर कॉम्प्लेक्स में रविवार को मैनहोल साफ करते समय नाले में गिरने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। प्रारंभिक संदेह यह है कि मौत का कारण दम घुटना है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। आपदा प्रबंधन बल और दमकल विभाग के कर्मचारियों की मदद से तीनों मजदूरों के शवों को मैनहोल से बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान फरजान शेख, हसी शेख और सुमन सरदार के रूप में हुई है। मजदूर मूल रूप से मुर्शिदाबाद जिले के निवासी हैं।

### बीजापुर में पुलिस ने 25 किलो आईईडी को किया नष्ट

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में बीजापुर पुलिस को रविवार को बड़ी सफलता मिली है। उसूर-आवापल्ली मुख्य मार्ग पर उसूर से 3 किलोमीटर की दूरी पर धान मंडी के पास सड़क पर माओवादियों द्वारा लगाए गए 25 किलो के आईईडी को बीडीएस टीम ने खोजकर नष्ट कर दिया। माओवादियों ने सड़क के बीचों-बीच प्लास्टिक के कंटेनर में आईईडी को रखा था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, माओवादियों ने बड़े वाहनों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से कमांड स्वीच सिस्टम से आईईडी को मुख्यमार्ग पर प्लास्टिक के कंटेनर में रखा था।

### गैंगस्टर जोगिंदर ग्योंग को फिलीपींस से दिल्ली लाया गया

**नई दिल्ली।** आपराधिक साजिश और हत्या के मामले में हरियाणा पुलिस द्वारा वांछित कुख्यात गैंगस्टर जोगिंदर ग्योंग को फिलीपींस से दिल्ली लाया गया है। जोगिंदर को रविवार सुबह फिलीपींस से डिपोर्ट कर भारत लाया गया। अधिकारियों के अनुसार, जोगिंदर को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने पर पुलिस को सौंप दिया गया। वह कई सालों से फिलीपींस में रह रहा था और लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था।



# गुजरात में बड़ा हादसा, श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बस खाई में गिरी, 5 की मौत

**डांग।** गुजरात में एक बड़ा हादसा हुआ है। श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस खाई में गिर गई, जिसमें पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। घटना गुजरात के डांग की है। पुलिस ने बताया कि मरने वाले लोग मध्यप्रदेश के निवासी थे। बचाव और राहत कार्य पूरा हो चुका है।

**चालक ने बस से नियंत्रण खोया-** पुलिस ने बताया कि गुजरात के डांग जिले में रविवार सुबह तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक निजी बस के गहरी खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी पुलिस अधीक्षक एसजी पाटिल ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 4:15 बजे हुई, जब सापुतारा हिल स्टेशन के पास बस के चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। उन्होंने बताया कि बस में 48 तीर्थयात्री सवार थे और हादसे में बस क्रैश बैरियर को तोड़ते हुए करीब 35 फीट गहरी खाई में गिर गई।

### म.प्र. के तीर्थ यात्री थे बस पर सवार

पुलिस ने बताया कि बस महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर से श्रद्धालुओं को लेकर गुजरात के द्वारका जा रही थी। पुलिस ने बताया कि बस में श्रद्धालु मध्यप्रदेश के गुना, शिवपुरी और अशोक नगर जिलों के थे। अधिकारी ने बताया कि हादसे में मरने वाले पांच लोगों में से दो महिलाएं और तीन पुरुष हैं। इन पांचों की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को आहवा के एक सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# महाकुंभ : बसंत पंचमी पर दो दिन अमृत स्नान

**प्रयागराज, लखनऊ, देशबन्धु।** बसंत पंचमी इस बार 2-3 फरवरी को मनाई जा रही है। महाकुंभ में 2 फरवरी से अमृत स्नान शुरु हो गया और आज 3 फरवरी को अखाड़ों सहित करोड़ों श्रृद्धालु डुबकी लगाएंगे।

महाकुंभ में बसंत पंचमी के अमृत स्नान को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अनुमान जताया जा रहा है कि बसंत पंचमी के मौके पर महाकुंभ में देश-दुनिया से आने वाले करीब 3 करोड़ श्रद्धालु अमृत स्नान करेंगे। बसंती पंचमी के पहले सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यहां की तैयारियों का जायजा लिया। मौनी अमावस्या के मौके पर हुई भगदड़ को देखते हुए पुलिस ने घाटों की निगरानी शुरू कर दी है। पुलिस संगम नोज इलाके पर किसी को भी रुकने नहीं दे रही है। बसंत पंचमी को लेकर डीएम प्रयागराज रवींद्र कुमार ने बताया कि बसंत पंचमी के मौके पर 2 और 3 फरवरी को प्रयागराज में डायवर्जन स्कीम लागू की रहेगी। गाडियों की एंट्री पर किसी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। सीएम योगी ने प्रशासन को बसंत पंचमी के मौके पर व्यवस्थाओं को जीरो एरर रखने के निर्देश दिए हैं। महाकुंभ में हुई भगदड़ के बाद प्रशासन ने सभी तरह के वीआईपी पासों को रद्द कर दिया है। साथ ही भीड़ को नियंत्रण करने के लिए वन वे रूट लागू कर दिया गया है। रेलवे ने भी बसंती अमृत स्नान को लेकर कई विशेष ट्रेन चलाने की व्यवस्था की है।



योगी ने किया निरीक्षण, वीआईपी पास रद्द

# वक्फ संशोधन विधेयक : आज लोकसभा में पेश होगी जेपीसी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** वक्फ (संशोधन) विधेयक की समीक्षा के लिए गठित संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट सोमवार यानि तीन फरवरी को लोकसभा में पेश की जाएगी।

लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी बुलेटिन में कहा गया है कि समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल और सदस्य संजय जायसवाल सोमवार को लोकसभा में रिपोर्ट पेश करेंगे। इससे पहले समिति ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को रिपोर्ट सौंप दी थी। समिति ने बुधवार को बहुमत से रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया था, जिसमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के सदस्यों द्वारा सुझाए गए संशोधन शामिल किए गए थे। जिसके बाद विपक्ष ने इस प्रक्रिया को वक्फ बोर्डों को नष्ट करने का प्रयास करार दिया। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति ने मसौदा कानून पर रिपोर्ट को 15-11 बहुमत से अपनाया गया है। विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट पर असहमति जताई थी।

### नसीर हुसैन ने कमेटी पर गंभीर आरोप लगाए

कांग्रेस सांसद नसीर हुसैन का दावा है कि, रिपोर्ट को लेकर उन्होंने जो असहमति जताई थी। उस हिस्से को उनकी परमिशन के बिना एडिट किया गया। हुसैन ने कहा- आखिर हम (विपक्ष) को चुप कराने का प्रयास क्यों किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्रों से मध्यप्रदेश को मिलेगा लाभ :मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त करते हुए केंद्रीय बजट 2025 में कौशल विकास और रोजगार को केंद्र में रखा गया है। मध्यप्रदेश इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्रदेश को 'कौशल शक्ति प्रदेश' के रूप में विकसित करने के लिए तत्पर है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम एक ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं, जहां हर युवा को नवीनतम औद्योगिक जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षण मिलेगा। इससे प्रदेश की प्रतिभा न केवल राष्ट्रीय बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट-2025 में घोषित 5 राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना से मध्यप्रदेश को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। इन केंद्रों के माध्यम से मेक फॉर इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड अभियान को मजबूती मिलेगी, जिससे राज्य में प्रशिक्षकों के उन्नत प्रशिक्षण, प्रमाणन प्रणाली और उद्योग से जुड़े पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पहल को राज्य के युवाओं के लिए ऐतिहासिक अवसर बताया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कौशल विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

### स्टार्ट-अप्स और उद्यमिता को मिलेगा नया आयाम-

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्टार्ट-अप्स के लिए10 हजार करोड़ रुपये के फंड ऑफ फंड्स की घोषणा से मध्यप्रदेश के नवाचार और उद्यमिता को नई दिशा मिलेगी। राज्य सरकार इस कोष का अधिकतम लाभ उठाने के लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार कर रही है, जिससे स्थानीय स्टार्ट-अप्स को पूंजी और संरचनात्मक सहायता मिल सके। कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने कहा कि यह बजट केवल कौशल विकास की बात नहीं करता, बल्कि इसे रोजगार से जोड़कर समग्र विकास का एक मॉडल प्रस्तुत करता है। हम मध्यप्रदेश में डिजिटल लर्निंग, एआई आधारित शिक्षा और नए उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्राथमिकता देंगे। यह युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में घोषित योजनाओं को राज्य स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा व्यापक रणनीति बनाई जा रही है। >>शेष पृष्ठ 2 पर




## सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई-पेपर epaperÐdeshbandhumpÐ-com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-**प्रयागराज महा कुंभ में मुस्लिम समुदाय हिन्दु भक्तों की सेवा में जुटा हुआ है।
**चुहिया- हां प्रिये-**नफरत पर हमेशा ही सद्भाव भारी पड़ता है।




## सद्भाव

### महाकुंभः मुस्लिमों ने पेश की गंगा-जमुनी तहजीब

# अमृत स्नान करने पहुंचे श्रृद्धालुओं के लिये खोल दिये अपने घरों के दरवाजे

**प्रयागराज। एक ओर जहां समुदायों के बीच में खाई खोदने का काम वोट के याचक कर रहे हैं वहीं समरसता में भरोसा रखने वाली अवाम ऐसे उदाहरण पेश कर देती है जो फिरकापरस्तों के मुंह पर करारा तमाचा जैसा होता है। प्रयागराज महा कुंभ में भी ऐसे ही भले नमूने देखने मिल रहे हैं।**



महाकुंभ के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या के मौके पर शहर में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली थी। रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते जब बंद हो गए तो पुराने शहर के मुस्लिम समुदाय ने श्रद्धालुओं के लिए अपने घरों के दरवाजे खोल दिए। अब बसंत पचंमी पर एक बार फिर सामाजिक समरसता देखने मिल रही है। मुस्लिम समुदाय द्वारा स्कूल परिसर में अब वसंत पंचमी पर भी श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की जा रही है। कॉलेज के प्रबंधक गौहर काजमी ने कहा कि रहने और खाने की व्यवस्था विद्यालय परिसर में ही रहेगी। बेकरी कारोबारी राशिद सगीर ने मौनी अमावस्या में आई भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं के रुकने के लिए शहरारा बाग मस्जिद खुलवाई थी। तब उन्होंने चादर व कंबल बांटे थे। महिलाओं के रुकने के लिए उन्होंने अपना रेस्टोरेंट खोल दिया था। राशिद ने बताया कि वसंत पंचमी के लिए भी पूरी तैयारी है। वहीं, चौक में ही हसीब अहमद ने श्रद्धालुओं के लिए लंगर बांटा था। कहा कि वसंत पंचमी पर श्रद्धालुओं के रुकने की व्यवस्था की जाएगी। युवा नेता अदील हमजा ने भी पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को अपने वाहन उपलब्ध कराए थे। अदील >>शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## सोमालिया की गुफाओं में छिपे आतंकी अमेरिकी हवाई हमलों में ढेर- डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** अमेरिकी सेना ने सोमालिया में आईएसआईएस के ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं, जिसमें कई आतंकवादी मारे गए। यह जानकारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर दी। डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार सुबह आईएसआईएस के वरिष्ठ हमलावर और उसके द्वारा सोमालिया में भर्ती किए गए आतंकवादियों पर सैन्य हमले का आदेश दिया। ये आतंकवादी गुफाओं में छिपे हुए थे, लेकिन अमेरिकी सेना ने उन पर सटीक हमला किया। ट्रंप ने कहा कि ये आतंकवादी अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए खतरा थे।

# आय बढ़ाने में भी वेटलैंड्स की अहम भूमिका : मुख्यमंत्री योगी

**गोंडा/लखनऊ, (आईएएनएस)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भूजल संरक्षण, सिंचाई-पेयजल की उपलब्धता, बाढ़ व सूखे पर नियंत्रण, कार्बन भंडारण व जलीय पारिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर वनस्पतियों, वन्य प्राणियों, प्रवासी व स्थानीय पक्षियों के संरक्षण के साथ-साथ भोजन, औषधि, आजीविका, आय के संसाधन उपलब्ध कराने में वेटलैंड्स की बड़ी भूमिका है। जलीय पारिस्थितिकी ही नहीं, बल्कि जीव-जंतु की पारिस्थितिकी भी वेटलैंड्स पर निर्भर करती है।

यह प्रकृति के मूल स्वरूप की तरफ ध्यान आकर्षित करने का माध्यम भी बनती है। पार्वती और अरगा प्राकृतिक झील प्रकृति के मूल स्वरूप की तरफ हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं। यह भारत की उस विरासत का प्रतीक है, जो सरयू नदी के कारण सैकड़ों वर्ष पहले प्राकृतिक झील बना। इसका स्वरूप आज भी उसी रूप में है। यहां प्रवासी व स्थानीय पक्षी बैठे हैं। हजारों किमी. की दूरी तय कर वे हर बार यहां आते हैं। गर्मी बढ़ने पर अपने देश जाने लग जाएंगे। यह अपने साथ वहां की परिस्थितियों से भी हमें अवगत कराने को प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व वेटलैंड्स डे पर रविवार को गोंडा के पार्वती अरगा पक्षी विहार में हम सभी के भविष्य के लिए आर्द्रभूमियों का संरक्षण विषयक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीएम ने विभिन्न पुस्तकों का विमोचन, प्रदर्शनी का अवलोकन और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। सीएम ने कहा कि पर्यटन अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का माध्यम है। ईको, हेरिटेज, स्प्रिचुअल टूरिज्म रोजगार सृजन का भी बड़ा माध्यम बनता है। यहां से 20 किमी. दूर अयोध्या में 2016 में महज 2.35 लाख पर्यटक आए थे। हमारी सरकार ने वहां कनेक्टिविटी ठीक की, थोड़ी सुविधाएं बढ़ाईं तो 2024 में 16.11 करोड़ लोग यहां आए। इससे रोजगार में काफी वृद्धि हुई। गाइड, रेस्तरां, टैक्सी, होटल, होम स्टे, टेंट सिटी, फूल-पत्ती, व्यवसाय आदि के जरिए भी लोगों का रोजगार बढ़ा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती हमारी माता है। पुत्र के रूप में मां का संरक्षण व सुरक्षा करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि अक्सर ऐसी साइट अतिक्रमण की चपेट में आती है। बेतरतीब निर्माण होता है, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होता है। अनेक वेटलैंड इसके दुष्परिणाम भुगत रहे हैं। इससे जीव-जंतुओं की प्रजातियां भी नष्ट होती हैं। इसी को ध्यान में रखकर रामसर अंतरराष्ट्रीय वेटलैंड कन्वेंशन (यह ईरान के अंदर है) में 1971 में तय हुआ था कि दुनिया को बचाना है तो इस पर ध्यान देना होगा। सीएम ने कहा कि आजादी के बाद मात्र 23 रामसर साइट्स तैयार हुए थे। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में 10 वर्ष में इसे बढ़ाकर 89 तक पहुंचाने में सफलता हासिल की गई। यूपी में भी इस साइट्स के संरक्षण के निरंतर प्रयास करने पड़ेंगे।

मुख्यमंत्रीने कहा कि पार्वती अरगा वेटलैंड्स में आसपास के गांवों को जोड़ने और महिला स्वयंसेवी समूह को प्रोत्साहित करते हुए अमेजन के साथ मिलकर उनके उत्पादों को ऑनलाइन बिक्री हो सके, इसके लिए स्थानीय प्रशासन ने प्रयास प्रारंभ कर दिया है। अभी तक उत्पाद अच्छा बनता था, लेकिन मार्केटिंग व पैकेजिंग समस्याएं थीं। अब अच्छी पैकेजिंग हो रही हैं, मार्केटिंग के लिए ऐसी संस्थाएं भी आ रही हैं। सीएम ने कहा कि महिला स्वयंसेवी समूह आत्मनिर्भरता की दिशा में बहुत बड़ा काम कर सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच-सात साल पहले तक किसी आयोजन पर लोग चीन के प्रोडक्ट का गिफ्ट देते थे, लेकिन आज उपहार स्वरूप ओडीओपी का उत्पाद दिया जाता है। इससे लोकल मार्केट सुदृढ़ होता है। ढेर सारे लोगों को रोजगार का अवसर मिलता है। महिला स्वयंसेवी समूह के माध्यम से भी बढ़ने वाले कार्य भी आत्मनिर्भरता की तरफ अग्रसर करेंगे। ग्राम पंचायत व प्रत्येक परिवार को आत्मनिर्भर बनाना पड़ेगा। आत्मनिर्भरता का लक्ष्य यदि इस माध्यम से बढ़ा लेंगे तो तीन से चार वर्ष में यूपी की इकॉनमी को एक ट्रिलियन डॉलर की बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में हम सफल होंगे। सीएम ने कहा कि टिकरी जंगल को ओपन सफारी के रूप में विकसित करने से यह मंडल व अवध क्षेत्र को ईको टूरिज्म के बहुत बड़े केंद्र के रूप में विकसित कर देगा। कनेक्टिविटी की जिम्मेदारी यूपी सरकार लेगी। पार्वती व अरगा वेटलैंड्स को सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना के साथ जोड़ने के लिए भी सरकार कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आज से 8 वर्ष पहले हुए सर्वे में गोंडा देश का सबसे गंदा जनपद था, लेकिन आज गोंडा की रैंकिंग अच्छी आती है। आज यहां मेडिकल कॉलेज बन गया है। 100 वर्षों से जिन वनटांगिया को अधिकार नहीं मिला था, उन्हें आज अधिकार भी प्राप्त हुआ और सम्मानित जीवन भी व्यतीत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने 2070 में नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाने को कहा है। जब हम प्रदूषण पैदा करने वाले तत्वों को रोकेंगे तो कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम होगा। पहले लकड़ी, फिर केरोसिन पर भोजन बनता था। दुष्परिणाम के कारण इसमें सुधार किया गया और देश के 10 करोड़ से अधिक परिवारों को रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। सीएम ने कहा कि यूपी सरकार के नेतृत्व में हुए प्रयास से यूपी का ग्रीन कवर बढ़ा है। आठ वर्ष में 210 करोड़ पौधरोपण किया गया।

# सूडान के ओमडुरमैन बाजार में अर्धसैनिक बलों के हमले में 54 की मौत, 158 घायल : मंत्रालय

**खार्तूम, (आईएएनएस)।** सूडान की राजधानी ख़ार्तूम के उत्तर में स्थित ओमडुरमैन शहर में अर्धसैनिक बल रेपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा किए गए हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 54 हो गई है। सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सबरीन बाजार में हुए इस हमले में 158 लोग घायल भी हुए हैं। मंत्रालय ने आम नागरिकों पर किए गए इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय नियमों और कानूनों का उल्लंघन है। सूडान के सूचना मंत्री और सरकारी प्रवक्ता खालिद अली अलीसिर ने भी इस हमले की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह हमला नागरिकों के लिए विनाशकारी रहा और इससे व्यक्तिगत व सार्वजनिक संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है।

ओमडुरमैन के अल-नाओ अस्पताल के एक डॉक्टर ने सिन्हुआ को बताया कि स्थिति बेहद गंभीर है। अस्पताल को रक्त दानदाताओं और दवाओं की सख्त जरूरत है। ओमडुरमैन में एक सिन्हुआ के रिपोर्टर के अनुसार, इस गोलाबारी में बाजार के पास के रिहायशी इलाके भी प्रभावित हुए। हालांकि, आरएसएफ की ओर से अब तक इस हमले पर कोई बयान नहीं आया है। सूडानी सेनाका कहना है कि आरएसएफ, ख़ार्तूम राज्य के बहरी शहर से करारी इलाके पर लगातार हमले कर रही है। यह ओमडुरमैन का एकमात्र इलाका है जो अभी भी पूरी तरह सेना के नियंत्रण में है और घनी आबादी वाला है। खार्तूम में हाल ही में एसएएफ और आरएसएफ के बीच सैन्य टकराव तेज हो गया है। गौरतलब है कि सूडान में अप्रैल 2023 से ही सेना (एसएएफ) और आरएसएफ के बीच भीषण संघर्ष जारी है। इस संघर्ष में अब तक 29,683 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 1.5 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं।

* **दिल्ली में वायु गुणवत्ता काफी खराब-** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, रविवार सुबह 6 बजे शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 341 तक पहुंच गया, जो बहुत खराब श्रेणी में है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 1903/ अ-6/2024-25

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कुमारी संतोष चौकसे पुत्री आर सी चौकसे निवासी- म.नं. 1031 त्रिवेणी स्कूल के पास गोरखपुर हाथीताल जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 22/09/2004 के माध्यम से मौजा हाथीताल नं.ब. 753 प.ह.नं. 24/2 ख. नं. 129/1, 130 रकवा 900व.फु. विक्रेता सरदार बल्देव सिंह पिता सरदार बाला सिंह व अन्य से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारानामा/ हकत्याग/ हस्तांतरण पत्र/ दानपत्र एवं नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 13/02/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 29/01/2025 को जारी।

जारी दिनांक - 29/01/2025

पेशी दिनांक - 13/02/2025

र.नं. 2893

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**


# लखनऊ में जिलाधिकारी ने विकास कार्य और स्वच्छता अभियान का निरीक्षण किया

**लखनऊ, देशबन्धु।** लखनऊ में 2 फरवरी को जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी. द्वारा जनपद के विकास खंड गोसाईगंज की ग्राम पंचायत बक्कास मे निर्मित आरआरसी का निरिक्षण किया गयाद्य एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आरआरसी) का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी द्वारा वहां पर कार्यरत केयरटेकर एवं सोर्स सेग्रीगेशन का कार्य करने वाले महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से संवाद किया गया व साथ ही ग्राम पंचायत के सभी परिवारों से डोर टू डोर कलेक्शन प्रारंभ कराए जाने हेतु निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में यूजर चार्ज (स्वच्छता शुल्क) निर्धारित किए जाने पर भी जोर दिया गया व साथ ही जिन परिवारों द्वारा डोर टू डोर कलेक्शन के दौरान कूड़ा नहीं दिया जा रहा है उन्हें भी प्रेरित किए जाने के निर्देश दिये। डोर टू डोर कलेक्शन में गीला और सूखा कूड़ा अलग अलग देने के लिए ग्रामवासियों को प्रेरित किया जाए। साथ ही खंड विकास अधिकारी गोसाईगंज को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायत के निवासियों की अधिकता में स्वच्छता का ऑडिट कराना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए की ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर एक समिति बनाना सुनिश्चित किया जाए जिसमें संभ्रांत और भिन्न भिन्न क्षेत्र के लोगों को शामिल किया जाए। एकत्रित किए गए स्वच्छता शुल्क धनराशि से सभी ग्राम पंचायतों में फागिंग मशीन, एंटी लार्वा मशीन और अन्य सफाई के उपरकणों की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। तदोपरांत जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा ग्राम पंचायत में निर्मित पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया व साथ ही ग्राम वासियों से स्वच्छता के संबंध में संवाद किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ, उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज, जिला पंचायत अधिकारी लखनऊ, खंड विकास अधिकारी गोसाईगंज व अन्य उपस्थित रहे।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में खूनी झड़प, 41 मौतों

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आतंकवादियों और सेना के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई, जिसमें 23 दहशतगर्द और 18 सुरक्षाकर्मी मारे गए। सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर अशांत प्रांत में झड़पों के बीच बलूचिस्तान के दौरे पर गए। रिपोर्ट के अनुसार, सेना प्रमुख को प्रांत में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

सीनियर सुरक्षा और खुफिया अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के अनुसार, सेना प्रमुख ने बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती और राज्यपाल शेख जाफर खान मंडोखाइल से मुलाकात की। उन्होंने मारे गए सैनिकों के अंतिम संस्कार में प्रार्थना की और संयुक्त सैन्य अस्पताल क्वेटा में घायल सैनिकों का हालचाल जानने पहुंचे। जनरल मुनीर ने कहा, ये तथाकथित उन्मादी कुछ भी कर लें मगर हमारे गौरवशाली राष्ट्र और उसके सशस्त्र बलों से हार जाएंगे। मालूम हो कि बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ की अलग-अलग घटनाएं हुईं। इनमें 23 आतंकवादियों मारे गए, लेकिन 18 सुरक्षाकर्मियों की भी मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि पिछले 24 घंटों में अशांत बलूचिस्तान के विभिन्न इलाकों में ये आतंकवादी मारे गए। शनिवार को हरनई जिले में ऐसे ही एक अभियान में राष्ट्रीय सैनिकों की आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में 11 आतंकवादी मारे गए और कई आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया।

**पूरे पाकिस्तान से आतंकवाद के खात्मे के लिए दृढ़ संकल्प-** शुक्रवार रात को प्रांत के कलात जिले के मंगोचर इलाके में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के सड़क पर अवरोधक लगाने के प्रयास को विफल कर




दिया। साथ ही, 12 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने बताया, पिछले 24 घंटों में बलूचिस्तान में विभिन्न अभियानों के तहत कुल 23 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। सेना ने बताया कि सुरक्षा बल न केवल बलूचिस्तान बल्कि पूरे पाकिस्तान से आतंकवाद के खात्मे के लिए दृढ़ संकल्प हैं। हालांकि, किसी ने भी हमले की तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली। बयान के मुताबिक, अभियान के दौरान 18 सुरक्षाकर्मी भी मारे गए। सेना ने शुक्रवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के विभिन्न इलाकों में पांच अभियानों में 10 आतंकवादियों को मार गिराया गया था।

## निविद/नियुक्ति/जाहिरात


**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला- बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक/भण्डार/2024-25/774 बालाघाट, दिनांक 28.01.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट, कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक बालाघाट, कार्यालय मलेरिया अधिकारी बालाघाट, कार्यालय क्षय अधिकारी बालाघाट, कार्यालय जिला कुष्ट अधिकारी बालाघाट एवं जिले में अधिनस्थ सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में औषधियों की पूर्ति के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित दस्तावेज जिसमें शर्तों का उल्लेख https://mptenders.gov.in में किया जाकर निविदा में भाग लिया जा सकता है। उक्त निविदा को निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन भरना होगा। निविदा शर्तों के अनुरुप निविदा फार्म राशि रु. 1000/- एवं ई.एम.डी. राशि रु. 105000/- (अनुमानित आवंटन 350,00,00) रु. उपलब्धता होने पर का 3 प्रतिशत) ऑनलाईन जमा कर छायाप्रति तकनीकी दस्तावेजों के साथ ऑनलाईन संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा के दस्तावेजों को अंतिम तिथि 20 फरवरी 2025 को समय 01 बजे तक ऑनलाईन जमा करवाया जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। तकनीकी प्रस्ताव को दिनांक 21 फरवरी 2025 दोप: 12.00 बजे निविदाकारों के समक्ष जिला निविदा सह क्रय समिति द्वारा खोली जावेगी, निविदाकार स्वयं उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार जिला क्रय समिति का होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

जी- 22499/ 24 बालाघाट (म.प्र.)

**आम सूचना**

मैं मो.शहवाज आत्मज मोहम्मद अकरम निवासी रांकई तहसील करेली जिला नरसिंहपुर सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मौजा मोथेगांव प.ह.नं.गौरासतहसील गाडरवारा स्थित निम्न जमीने खसरा नंबर 12 रकवा 3.363 हे ख.नं.ख.नं. 9 रकवा 1. 044, ख.नं. 10 रकवा 1.161 हे.ख.न.11 रकवा 1.408 कुल 3.613 हे.ख नं. 11/2/2रकवा 0.303 हे ख.नं. 12/2/2 राकवा 0.506 है. जो कि वर्तमान में मो. अकरम आत्मज मो. जब्बार के नाम से 12/1 रकवा 2.0230 हे. सलमान नाबालिग मो. अकरम वली मां रुकसाना के नाम, ख.न. 9 रकवा 1.044, ख.नं. 10/1 रकवा 1.036 हे ख.नं.11 का कुल 3.488 हे भूमि मो. असलम वल्द मोहम्मद जब्बार के नाम से, खसरा नंबर रकवा 1.044 हे. मो. अर्श आत्मज मो. अकरम के नाम से एवं ख.नं.11/2/1 रकवा 0.380 हे.ख.नं.12/2/1 रकवा 0.834 हे. अमन पिता अकरम के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज चली आ रही है। उक्त जमीन में मेरा भी हक व हिस्सा है। उपरोक्त सभी जमीनों विवाद ग्रस्त है। उपरोक्त जमीनों के बाबद मैं मो. शहवाज और मेरे परिवार के ऊपर उल्लेखित व्यक्तियों के बीच न्यायालय में प्रकरण चल रहा है, जो कि अभी न्यायालय में लंबित है। मुझे अभी अभी ऐसी जानकारी मिली है कि ऊपर मेरे परिवार के व्यक्ति राजस्व रिकार्ड में अपना नाम दर्ज होने का नाजायज फायदा उठाते हुए वे उक्त विश्वादग्रस्त भूमियों को लोगों को बेचने के फिराक में है। अतः इस आम सूचना के जरिये सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ऊपर उल्लेखित भूमियों को मेरे परिवार के ऊपर उल्लेखित व्यक्ति किसी को विक्रय करते है या विक्रय करने का करार करते या वे अन्य किसी प्रकार से भूमि को हस्तांतरित करते है, तो कोई भी व्यक्ति ऊपर उल्लेखित भूमियों को उनसे क्रय न करे और न ही क्रय करने का करार करे और आप ऊपर उल्लेखित में मेरे परिवार के व्यक्ति भी उपरोक्त भूमियों को किसी को विक्रय न करें और न ही विक्रय करने का करार करे और न ही किसी भी प्रकार से भूमियों को हस्तांतरित करें। इस आम सूचना के बावजूद भी यदि कोई भी व्यक्ति व्यक्ति ऊपर उल्लेखित भूमियों को क्रय करता है या क्रय करने का करार करता है या आप ऊपर उल्लेखित मेरे परिवार के लोग उक्त भूमियों को किसी को विक्रय करते है या किसी से करार करते है, तो उक्त विक्रयपत्र, इकरारनामा एवं अन्य किसी भी प्रकार का हस्तांतरण अवैध एवं शून्य माना जावेगा, जिससे पाबंद नहीं रहूँगा और उक्त स्थिति में मैं संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध न्यायालय में कानूनी कार्यवाही करूँगा जिसके लिये संबंधित व्यक्ति स्वयं जबाबदार होवेगा।, दिनांक-31.01.2025,

मो.शहवाज आत्मज मोहम्मद अकरम निवासी रांकई तहसील करेली जिला नरसिंहपुर मो.नं. 9981003003

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग क्र -1, सिवनी**

**निविदा - सूचना**

निविदा आमंत्रण क्र. 21/482/ व.ले.लि. / 2024-25 सिवनी, दिनांक 31.01.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर क्र. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.में) | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि (रु.में.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा खोलने का कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2025_PWD RB_399916 | ए.आर. | उपसंभाग क्र-2 सिवनी के अन्तर्गत शासकीय डिग्री कालेज बरघाट में 2 नग सेमीनार हाल का रोनोवेशन का कार्य | प्रथम | 2000 | 10.54 लाख | 21080 | 15 (पन्द्रह) दिवस | कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग क्र.-1 सिवनी |
| 2 | 2025_PWD RB_399917 | ए.आर. | उपसंभाग क्र-2 सिवनी के अन्तर्गत शासकीय डिग्री कालेज बरघाट में पाईप लाईन, डोर एवं अन्य मरम्मत कार्य | प्रथम | 2000 | 5.61 लाख | 11220 | 15 (पन्द्रह) दिवस | कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग क्र.-1 सिवनी |
| 3 | 2025_PWD RB_399918 | ए.आर. | उपसंभाग क्र-2 सिवनी के अन्तर्गत शासकीय डिग्री कालेज बरघाट में रंगाई-पुताई, पेंटिंग इत्यादि कार्य। | प्रथम | 2000 | 9.91 लाख | 19820 | 15 (पन्द्रह) दिवस | कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग क्र.-1 सिवनी |
| | | | योग 03 कार्य | | | 26.06 लाख | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 18.02.2025, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन. आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्र. 205/प्रस/लोनिवि./20, भोपाल दिनांक 03.11.2020 से प्राप्त निर्देशानुसार भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज प्राप्त नही किये जायेगें, सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन ही अपलोड किये जायेगे एवं सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड नही किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नही किया जावेगा।

इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (धरोहर राशि) RTGS/NEFT के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें । इलेक्ट्रानिक के अलावा अन्य किसी भी रूप मे ई.एम.डी. (धरोहर राशि) स्वीकार नही की जावेगी ।

(इंजी. आर. के. हनुमते) कार्यपालन यंत्री लो. नि. वि. (भ/स) संभाग क्र -1 सिवनी

G-22479/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शपथकर्ता ARVIND KUMAR उम्र लगभग 47 वर्ष पिता LATE HARI KISHORE MANDAL निवासी प्लाट नं 161. लाला लाजपत राय वार्ड नं. 70, नानक नगर, मानेगाँव, थाना रांझी, जिला जबलपुर, म.प्र. पते का निवासी हूँ।

यह कि मेरा पुत्र आपके विद्यालय, पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय, सी.ओ.डी. जबलपुर, म.प्र. से कक्षा 03 री का छात्र है।

यह कि मेरे पुत्र के शाला के रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम AKSHA A MANDAL दर्ज है, जिसमें मेरे पुत्र के मिडिल नेम का शॉर्ट फार्म A दर्ज है।

यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड (4145 8105 5452) में मेरे पुत्र का नाम AKSHA ARVIND MANDAL दर्ज है, जो कि सत्य व सही है।

यह कि मेरे पुत्र के शाला के रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का पूरा व सही नाम AKSHA ARVIND MANDAL दर्ज किय जावे।

शपथकर्ता

ARVIND MANDAL

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शपथकर्ता ARVIND KUMAR उम्र लगभग 47 वर्ष पिता LATE HARI KISHORE MANDAL निवासी प्लाट नं 161. लाला लाजपत राय वार्ड नं. 70, नानक नगर, मानेगाँव, थाना रांझी, जिला जबलपुर, म.प्र. पते का निवासी हूँ।

यह कि मेरी पुत्री आपके विद्यालय, पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय, सी.ओ.डी. जबलपुर, म.प्र. से कक्षा 09 वी की छात्रा है।

यह कि मेरी पुत्री के शाला के रिकॉर्ड में मेरी पुत्री का नाम AMBALIKA A MANDAL दर्ज है, जिसमें मेरी पुत्री के मिडिल नेम का शॉर्ट फार्म A दर्ज है।

यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड (5366 8477 4162) में मेरी पुत्री का नाम AMBALIKA ARVIND MANDAL दर्ज है, जो कि सत्य व सही है।

यह कि मेरी पुत्री के शाला के रिकॉर्ड में मेरी पुत्री का पूरा व सही नाम AMBALIKA ARVIND MANDAL दर्ज किय जावे।

शपथकर्ता

ARVIND MANDAL


## कांग्रेस ने दिल्ली में केजरीवाल के खिलाफ किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** पूर्व सांसद उदित राज के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के घर से बाहर प्रदर्शन किया और पंजाब के अमृतसर में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने को लेकर उनसे माफी मांगने की मांग की।


**न्यायालयः- सुश्री दीपशिखा दांगी, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 सिहोरा, जिला जबलपुर**

प्रो.नं. /25

सिहोरा, दिनांक 31/01/25

आर.सी.एस.ए.-175/24

मीरा बाई वि. कल्पना बाई वगैरा

पेशी-04/03/25

प्रति,

1- कल्पना बाई पति ओंकार प्रसाद कुर्मी, साकिन- खजरी खिरिया करौंदा नाला के पास तह. पनागर जिला जबलपुर,

2-शालिनी पिता औंकार प्रसाद कुर्मी द्वारा कल्पना पटैल, साकिन खजरी खिरिया तह. पनागर जिला जबलपुर,

3-मोईना पिता औंकार प्रसाद कुर्मी, साकिन- खजरी खिरिया तह. पनागर जिला जबलपुर

कल्पना बाई, शालिनी बाई, एवं मोईना बाई को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आपके विरुद्ध आर.सी.एस.ए.-175/24 मीरा बाई वि0 कल्पना बाई वगैरा में आप अनावेदक कल्पना बाई, शालिनी बाई, एवं मोईना बाई की उपस्थिति हेतु नियत है। आवेदक मीरा बाई द्वारा उक्त प्रकरण में कल्पना बाई, शालिनी बाई, एवं मोईना बाई की उपस्थिति हेतु प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में दिनांक 05/03/2025 को आपकी उपस्थिति हेतु नियत है। इसलिए नियत पेशी दिनांक 04/03/25 को स्वयं अथवा मार्फत अधिवक्ता के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराये। यदि उक्त नियत पेशी दिनांक को आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं होते हैं या कोई जबाव, आपत्ति पेश नहीं करते तो आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। अतः आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप नियत पेशी दिनांक 04/03/25 को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो उक्त प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह आज तारीख 31/01/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मृदा लगा कर दिया गया है।

**(सुश्री दीपशिखा दांगी) चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 सिहोरा**


## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**राष्ट्री कौशल .....**

**रोजगार उन्मुख कौशल प्रशिक्षण और नए अवसर-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बजट में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर फ्रेमवर्क पर जोर दिया गया है, जिससे मध्यप्रदेश को टियर-2 शहरों में वैश्विक कंपनियों के कौशल केंद्रों को स्थापित करने का अवसर मिलेगा। इससे प्रतिभाशाली युवाओं को वैश्विक बाजार के अनुरूप तैयार किया जाएगा।

पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में मुद्रा लोन का प्रावधान किया गया है। सरकार होम-स्टे और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को विशेष वित्तीय सहायता प्रदान करेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अनुसूचित जाति और जनजाति महिलाओं एवं वंचित समुदायों के उद्यमियों के लिए सरकार पहली बार 5 लाख युवाओं को ऑनलाइन क्षमता निर्माण और उद्यमिता प्रशिक्षण से जोड़ने जा रही है।

**स्किल हबबनने की दिशा में अग्रसर मध्यप्रदेश**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बजट मध्यप्रदेश को कौशल और नवाचार का केंद्र बनाने की दिशा में मजबूत कदम है। राज्य में नए स्किलिंग हब, त्वष्ट केंद्र और स्टार्टअप्स के लिए फंडिंग से रोजगार के असंख्य अवसर उत्पन्न होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के आत्म-निर्भर भारत विजन को आगे बढ़ाते हुए मध्यप्रदेश 'स्किल हब ऑफ इंडिया' बनने की ओर अग्रसर है। मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने कहा कि राज्य सरकार आगामी वर्षों में कौशल विकास को रोजगार से सीधे जोड़ने के लिए नई रणनीति तैयार करेगी, जिससे हर युवा को उसकी क्षमता के अनुरूप अवसर मिल सके। यह बजट केवल वित्तीय आवंटन का दस्तावेज नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत है जहां कौशल ही विकसित समाज, विकसित प्रदेश और विकसित देश की नीव बनेगा।

**अमृत स्नान करने...** का कहना है कि मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना, हिंदी हैं हम वतन है, हिंदोस्तां हमारा। इस निशुल्क सेवा में जैद, अरीब, अजय त्रिपाठी, सुहेल, आहद, आजम ने भी योगदान दिया था।

वहीं, मंसूर उस्मानी, आफताब अहमद और आफशा शफीक की ओर से डफरिन अस्पताल के पास भंडारा और मुमताज महल में श्रद्धालुओं की रुकने की व्यवस्था अमावस्या पर की गई थी। उनका कहना है कि वसंत पंचमी के लिए भी हम तैयार हैं। मुख्यमंत्री से सम्मानित बहादुरगंज की दिव्यांग नसीमा बेगम ने कहा कि वह श्रद्धालुओं को निशुल्क चाय-नाश्ता उपलब्ध करवाएंगी।

मौनी अमावस्या पर कारोबारी ने बांटा था दो ट्रक बोतल बंद पानी

पटाखा कारोबारी मोहम्मद कादिर और उनके संगठन से जुड़े सदस्यों ने मौनी अमावस्या पर महाप्रसाद का वितरण किया था। इस दौरान दो ट्रक बोतल बंद पानी भी श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया गया था। वह वसंत पंचमी पर भी श्रद्धालुओं के लिए एक दिन का भंडारा करेंगे।

# देश-प्रदेश

उवाच

**विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि और स्कूटी देंगे**

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार ने सभी वर्गों के लिए निरंतर योजनाएं बनाने का काम किया है। सरकार की किसी भी योजना के मूल ढांचे में बदलाव नहीं होने दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विशेष रूप से विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा जल्द ही लैपटॉप की राशि देने का कार्य किया जाएगा। साथ ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से स्कूल स्तर पर जो विद्यार्थी प्रावीण्य सूची में सूची में शामिल हुए हैं उनको स्कूटी भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो हमारी मूल योजना है उसके अनुसार हम अपने बच्चों को यह सौगात देंगे। जनकल्याणकारी योजनाओं के स्वरूप में किसी तरह का परिवर्तन नहीं किया गया है।



जापान यात्रा से लौटने से पर मुख्यमंत्री का हुआ भव्य स्वागत, बोले-

## जापान के सहयोग से मप्र के विकास की बहुत संभावनाएं

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आने वाले समय में आर्थिक क्षेत्र में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री के कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व, दस वर्ष पहले भारत विश्व में अर्थव्यवस्था की दृष्टि से 11वें नंबर पर था। अब भारत विश्व में 5वीं बड़ी आर्थिक शक्ति है और इससे आगे बढ़ाने का भारत का प्रयास है। राष्ट्र के इन प्रयासों में मध्य प्रदेश महत्वपूर्ण योगदान देगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने जापान के साथ आर्थिक संबंधों को सशक्त बनाने पर ध्यान दिया। इन प्रयासों का लाभ हमारे देश को प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सफल जापान यात्रा से स्वदेश आगमन पर भोपाल विमान तल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के विकास के लिए जापान से हमारे रिश्ते अच्छे होना चाहिए। स्वाभाविक रूप से जापान के सहयोग से मध्यप्रदेश में विकास की बहुत संभावनाएं हैं, जिससे मध्यप्रदेश देश का नम्बर वन राज्य बन सकता है। मध्यप्रदेश में 55 जिले हैं और हमें सभी में विकास करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के पूर्व वर्षों के प्रयासों से मध्यप्रदेश को काफी महत्व मिला। जापान यात्रा के दौरान भी हमें काफी महत्व मिला। अनेक महत्वपूर्ण और बड़ी जापानी कंपनियों ने मध्यप्रदेश में निवेश में रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे भोपाल की 24 और 25 फरवरी को हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आमंत्रण देने जापान गए थे, लेकिन उन्हें निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए हैं, जो मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था को बदलने का कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जापान का भारत से गहरा संबंध है। जापान और हमारी संस्कृति दोनों में आपस में सह-संबंध है। जापान के नागरिक कार्य निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ काम करते हैं। जापान के लोग विनम्रता के साथ झुककर नमस्कार करते हैं। वहां रिटायरमेंट की कोई सीमा नहीं होती। जब तक शरीर चले तब तक काम चलता रहेगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के अग्रणी प्रांतों में स्थान बनाएगा। उन्होंने कहा कि भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट होने वाली है, जिसमें भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री जी पधार रहे हैं। आमंत्रण पर जापान के लोग बड़ी संख्या समिट में पधारेंगे। भोपाल स्टेट हेंगर आगमन पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का भव्य स्वागत किया गया। मंत्री, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पहारों से स्वागत किया।

# भारत ने 4-1 से जीती सीरीज

## अभिषेक शर्मा ने 37 बाल पर बनाया शतक





**नई दिल्ली।** इस मुकाबले में भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा की आक्रामक शतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 10.3 ओवर में सिर्फ 97 रन बना पाई और ऑलआउट हो गई। इस तरह सूर्यकुमार यादव की टीम ने इंग्लैंड को हराकर 4-1 से सीरीज अपने नाम कर ली।

भारत ने इंग्लैंड को पांचवें टी20 मैच में 150 रनों के अंतर से हराकर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को साल 2023 में 168 रन से हराया था। रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा की आक्रामक शतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 10.3 ओवर में सिर्फ 97 रन बना पाई और ऑलआउट हो गई। इस तरह सूर्यकुमार यादव की टीम ने इंग्लैंड को हराकर 4-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई थी। बेन डकेट को मोहम्मद शमी ने पारी के तीसरे ओवर की पहली गेंद पर अपना शिकार बनाया। वह खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। इस मुकाबले में इंग्लैंड के लिए फिल सॉल्ट के अलावा कोई बल्लेबाज ज्यादा देर तक टिक नहीं सका। उन्होंने मात्र 22 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 55 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौटे जबकि नौ बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को भी नहीं छू पाए। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने तीन विकेट चटकाए जबकि वरुण चक्रवर्ती, शिवम दुबे और अभिषेक शर्मा को दो-दो विकेट मिले। वहीं, रवि बिश्नोई को एक सफलता मिली।

**अभिषेक शर्मा ने मचाया धमाल**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी हुई थी। संजू सैमसन ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़कर अपनी टीम के इरादे साफ कर दिए थे। लेकिन वह विकेट पर ज्यादा समय नहीं बिता सके और 16 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद मोर्चा अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 43 गेंदों में 115 रनों की साझेदारी हुई, जिसे ब्रायडन कार्स ने तोड़ा। उन्होंने तिलक को अपना शिकार बनाया। वह 24 रन बनाकर लौटे। इस मैच में बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने वन मैन शो दिखाते हुए 54 गेंदों में 135 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से सात चौके और 13 छक्के निकले। उनके अलावा सूर्यकुमार यादव ने दो, शिवम दुबे ने 30, हार्दिक पांड्या ने नौ, रिंकू सिंह ने नौ, अक्षर पटेल ने 15 रन बनाए। वहीं, रवि बिश्नोई और मोहम्मद शमी खाता भी नहीं खोल सके। इंग्लैंड के लिए ब्रायडन कार्स ने तीन और मार्क वुड ने दो विकेट चटकाए। इसके अलावा आर्चर, ओवरटन और आदिल रशीद को एक-एक सफलता मिली।

**भारत ने सबसे तेजी से पूरे किए 100 रन**

भारतीय टीम ने अभिषेक की धमाकेदार पारी की मदद से महज 6.3 ओवर में ही 100 रन पूरे कर लिए थे जो उसका किसी टी20 मुकाबले में सबसे कम गेंदों पर 100 रन पूरे करना है। इससे पहले टीम ने पिछले साल अक्तूबर में बांग्लादेश के खिलाफ हैदराबाद में 7.1 ओवर में 100 रन पूरे किए थे। वहीं, भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 मुकाबले में पहले छह ओवर में एक विकेट पर 95 रन बनाए जो उसका टी20 में पावरप्ले में सर्वाधिक स्कोर है। टीम ने इससे पहले 2021 में स्कॉटलैंड के खिलाफ पावरप्ले में दो विकेट पर 82 रन बनाए थे जो उसका इस दौरान सर्वाधिक स्कोर था, लेकिन अभिषेक की धुआंधार पारी ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए।

## कांग्रेस ने चुनाव में धांधली की निगरानी के लिए बनाया कार्यसमूह

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने देश मे चुनावी निष्पक्षता की निगरानी और चुनाव में किसी भी स्तर पर धांधली रोकने के लिए वरिष्ठ नेताओं तथा विशेषज्ञों का कार्रवाई समूह गठित किया है।





दिग्विजय, माकन, सिंघवी, पवन खेड़ा समेत कई बड़े नाम शामिल

इस समूह में वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, अजय माकन, अभिषेक मनु सिंघवी, प्रवीण चक्रवर्ती, पवन खेड़ा, गुरदीप सिंह सप्पल, नितिन राउत और चल्ला वामशी चंद रेड्डी शामिल हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस समूह का गठन किया है जो पूरे देश में चुनाव में होने वाली धांधली पर नजर रखेगा। पार्टी अध्यक्ष ने वरिष्ठ नेताओं और विशेषज्ञों वाले इस समूह को तत्काल प्रभाव से चुनाव आयोग द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संचालन की निगरानी करने का काम सौंपा गया है। श्री वेणुगोपाल ने बताया कि इस समूह को सबसे पहले महाराष्ट्र में मतदाता सूची में कथित हेराफेरी के आरोपों की जांच करने को कहा गया है। समिति इस मुद्दे पर जल्द से जल्द एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर पूरा विवरण पार्टी नेतृत्व को सौंपेगी।

## मुख्यमंत्री ने अर्जुन के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय जनता पार्टी और जनसंघ के समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ता वरिष्ठ नेता अर्जुन सिंह के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र एवं समाज सेवा के लिए आजीवन समर्पित रहे श्रद्धेय अर्जुन सिंह के निधन का समाचार अत्यधिक दुखद है। मूलतः रीवा निवासी स्व. सिंह का सारा जीवन लोक कल्याण और जनसेवा के लिए समर्पित रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व. सिंह ने जनसंघ और भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता के रुप में जीवनपर्यंत माँ भारती की सेवा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेरी भगवान महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान और शोकाकुल परिजन को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति एवं संबल प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि अर्जुन सिंह का रविवार को प्रातः भोपाल के बंसल अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि गृह नगर रीवा में सोमवार को होगी।

दिल्ली में आज थम जाएगा प्रचार, सभी दलों ने ताकत झोंकी

## दिल्ली में बदलाव का बसंत आ गया है

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव आज प्रचार थम जाएगा। सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के प्रयासों में जुटे हैं। आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी अपने अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने की कोशिश में एक के बाद एक रैलियां और रोड़-शो कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर. के. पुरम में जनसभा को संबोधित किया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को दिल्ली के सीमापुरी में एक जनसभा को संबोधित किया। वरिष्ठ आप नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और संजय सिंह ने भी कई स्थानों पर प्रचार किया।



दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार ने आरके पुरम में करीब 1 घंटे जनता को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने आप-दा और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की। मोदी ने रैली की शुरुआत देशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई के साथ की। मोदी ने कहा- बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद 5 फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है। दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। आपदा के लीडर्स उसे छोड़कर जा रहे हैं। आपदा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। सरकार वो अच्छी है जो बहाने बनाने के बजाय दिल्ली को सजाने-संवारने में ऊर्जा लगाए।

इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। इस बार पूरी दिल्ली कह रही है- अबकी बार मोदी सरकार। साथियों दिल्ली की आपदा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी दिल्ली वासियों की सेवा का अवसर जरूर दें। 8 फरवरी को दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी, 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है, 8 मार्च तक, दिल्ली की बहनों के खातों में 2,500 रुपया पहुंचना शुरू हो जाएगा। इतना ही नहीं, बहनों को सस्ता सिलेंडर भी मिलेगा और पाइप से गैस पहुंचाने का काम भी तेज होगा। दिल्ली के बहनों के घर में भाजपा सरकार नल से शुद्ध जल भी पहुंचाएगी और ये मोदी की गारंटी है।

## देश में हर तरफ महंगाई की मार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को दिल्ली के सीमापुरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा।



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकार ने हर चीज पर जीएसटी लगा रखी है। सब कुछ महंगा है। बच्चों की स्कूली ड्रेस, मोजे, जूते, साड़ी, बिंदी और कॉपी-किताबों पर जीएसटी लगा दी है। पेट्रोल-डीजल महंगा है। देश में हर तरफ महंगाई है। संसद में बजट पर भाषण हुआ, लेकिन 'महंगाई' पर कोई चर्चा नहीं हुई। महंगाई कैसे कम होगी, इस पर सरकार की तरफ से एक शब्द नहीं बोला गया। जनता की हालत से सरकार को कोई मतलब ही नहीं है।

उन्होंने कहा कि जब यहां 'हैजा' फैला था, तब राजीव गांधी लोगों से मिलने आए थे। लेकिन क्या कभी पीएम नरेंद्र मोदी यहां आए हैं? राजीव गांधी प्रधानमंत्री रहते हुए जब गांव जाते थे तो महिलाएं काम को लेकर उनको डांट देती थीं। तब भी वे मुस्कुरा कर अपना कर्तव्य निभाते थे। लेकिन आज पीएम नरेंद्र मोदी से कोई सवाल पूछ ले तो उसे जेल में डाल देंगे। प्रियंका गांधी ने कहा कि हमारा स्वतंत्रता संग्राम दुनिया का सबसे अनोखा आंदोलन था, जो सत्य, अहिंसा और समानता पर आधारित था। इस संग्राम में हर धर्म और हर वर्ग के लोग शामिल हुए। जबकि पीएम नरेंद्र मोदी की विचारधारा के लोग अंग्रेजों की मदद कर रहे थे, अंग्रेजों को चिट्ठी लिख रहे थे। आजादी की लड़ाई नहीं लड़ी, इसलिए यह देश को नहीं समझ पा रहे और आज जनता को नकार रहे हैं। लेकिन जिस दिन देश की जनता जाग जाएगी, ये टिक नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने मेरी मां के बारे में कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति का अपमान किया है। सोचिए, ये कैसा मुद्दा है? एक बुजुर्ग महिला ने दूसरी बुजुर्ग महिला के प्रति अपनी सहानुभूति जताते हुए कहा कि राष्ट्रपति को एक घंटे का भाषण पढ़ना पड़ा, वह थक गई होंगी। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा ने इसे चुनावी मुद्दा बना दिया। जनता महंगाई से जूझ रही है, खाने को नहीं है, रोजगार नहीं है, लोग परेशान हैं, लेकिन सरकार बस फिजूल की बात कर रही है।

## भाजपा के बहकावे में न आएं


**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने झुग्गीवासियों को सचेत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बहकावे में आकर पैसे के बदले अपनी उंगली पर काली स्यही न लगवाएं वरना जेल हो सकती है।



श्री केजरीवाल ने रविवार को एक वीडियो संदेश जारी कर दिल्ली के झुग्गीवासियों को सचेत किया। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि भाजपा के बहकावे में आकर पैसे के बदले अपनी उंगली पर काली स्याही न लगवाएं। वरना आपको जेल हो सकती है। भाजपा वाले झुग्गियों में घर-घर जाकर कह रहे हैं कि तीन हजार रुपए ले लो, चुनाव आयोग आपके घर आकर वोट डलवा देगा। यह बहुत बड़ी साजिश है। अगर आपने अपने बूथ पर गए बिना उंगली पर स्याही लगवा ली तो ये लोग फर्जी वोट डालने के जुर्म में आपको ही गिरफ्तार करवा देंगे। उन्होंने कहा कि मेरे पास कई झुग्गी के लोगों के फोन आ रहे हैं। इनकी पार्टी वाले घर-घर जाकर कह रहे हैं कि 3 हजार रुपए ले लो, चुनाव आयोग आपके घर आकर वोट डलवा देगा। वे लोग से कह रहे हैं कि आप लोग घर पर वोट डाल देना और बदले में उंगली पर स्याही लगवा लेना। यह सुनकर मेरे रौंगटे खड़े हो गए क्योंकि यह आपको फंसाने के लिए एक बहुत बड़ी साजिश है। आप नेता ने कहा कि जो लोग आज आपको पैसे दे रहे हैं, वही लोग कल आपको गिरफ्तार करवाएंगे। यह सब बहुत बड़ा फ्रॉड है और 420 के केस में जेल जाओगे। इस झंझट में मत पड़ना। अगर फ्री के पैसे दे रहे हों तो ले लेना लेकिन अगर पैसे के बदले उंगली पर निशान लगवा रहे हों तो बिल्कुल मत लगवाना।

## महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विवि का चौथा दीक्षांत समारोह


**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय का चौथा दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कुलाधिपति राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने सारस्वत अतिथि नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को विश्वविद्यालय की ओर से डॉक्टरेट आफ साइंस की उपाधि से अलंकृत किया। 127 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कीं और सर्वोच्च अंक वाले 38 विद्यार्थियों को गोल्डमेडल भी पहनाए।



विश्वविद्यालय के शताब्दि हाल परिसर में आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्‌बोधन देते हुए राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने कहा अभिभावकों की अपेक्षाएं, उनके सपनों को पूरा करना विद्यार्थी की जिम्मेदारी है। असफलताओं से विचलित न हों, बल्कि धैर्य का मूलमंत्र अपनाकर युवा सार्थक जीवन का सृजन करें। उन्होंने जनजातीय संस्कृति का संरक्षण, संवर्धन, हमारे राष्ट्रीय गौरव संविधान के प्रति सम्मान प्रदर्शन और भावी पीढ़ी के सामने राष्ट्रसेवा सेवा का आदर्श प्रस्तुत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार थे। विशिष्ट अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार और छतरपुर विधायक ललिता यादव, राजनगर विधायक अरविंद पटैरया थे। अतिथियों ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पत्रिका दीक्षावाणी और न्यूज लैटर छत्रछाया का विमोचन किया।

सिंहस्थ के विकास कार्यों की अपर मुख्य सचिव ने की समीक्षा, दिए निर्देश

## साधु-संतों से चर्चा कर निर्माण कार्यों की योजना बनाएं




**भोपाल, देशबन्धु।** अपर मुख्य सचिव डॉ.राजेश राजौरा ने उज्जैन सिंहस्थ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि सिंहस्थ मेला क्षेत्र में स्थाई प्रकृति के निर्माण कार्यों की सभी साधु-संतों के साथ चर्चा कर कार्य-योजना बनाई जाए। स्थाई संरचनाओं में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आश्रम, पार्किंग, धर्मशाला, भोजनशाला, प्रवचन हॉल, सीवरेज लाइन, रोड़ और वॉटर सप्लाई कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए। सिंहस्थ मेला क्षेत्र में नगर विकास योजना की कार्ययोजना तैयार कर कार्य की शुरूआत जून 2025 से युद्ध स्तर पर की जाए। बैठक में सिंहस्थ में वॉटर सप्लाई नेटवर्क की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि 200 एमएलडी पेयजल क्षमता का मेला क्षेत्र में विकास किया जाएगा। सीवर नेटवर्क डिजाइन के अंतर्गत सिंहस्थ के दौरान मेला क्षेत्र में 160 एमएलडी का सीवरेज जनरेशन होगा, जिसमें 100 एमएलडी क्षमता के स्थाई एसटीपी निर्माण किए जाएंगे और अस्थाई रूप से 60 एमएलडी क्षमता के सीवरेज का निष्पादन किया जाएगा। मेला क्षेत्र के विकास के लिए आगामी 15 अप्रैल तक डीपीआर तैयार कर ली जाएगी। भवन अनुज्ञा का कार्य आगामी 15 जून तक कर लिया जाएगा और 25 जून से कार्य प्रारंभ होगा।

जल संसाधन विभाग के सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना का 15.50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसकी लागत लगभग 919.94 करोड़ रूपये है, वर्तमान में कुल लागत की 14.57 प्रतिशत वित्तीय प्रगति हो चुकी है। सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना के अंतर्गत डिजाइन और सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं खुदाई का कार्य जारी है। इसे मई 2027 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। सिंहस्थ महापर्व 2028 के मद्देनजर 778.91 करोड़ रूपये की लागत से 29 घाटों का निर्माण किया जाएगा। क्षिप्रा नदी को प्रवाहमान बनाए रखने के लिए क्षिप्रा नदी पर बेराजों की श्रंखला का निर्माण किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश के बाग प्रिंट शिल्पियों की पुणे की विरासत हाट में धूम

## बॉलीवुड हस्तियों ने बाग प्रिंट की सराहना की, शिल्पियों का बढ़ाया मनोबल

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले बाग प्रिंट ने पुणे के विरासत कारीगर हाट में अपनी अनूठी छाप छोड़ी। पुणे के मोनालिसा कलाग्राम में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रसिद्ध फिल्म निर्माता सुश्री गौरी शिंदे और आर. बाल्की ने किया। यह पहली बार है जब भारत में इस स्तर पर विरासत कारीगर हाट का आयोजन किया गया है, जिसमें देशभर के 30 प्रमुख शिल्पकारों को आमंत्रित किया गया है। यह प्रदर्शनी 3 फरवरी 2025 तक चलेगी।



धार जिले के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिल्पगुरु मोहम्मद युसुफ खत्री और अब्दुल करीम खत्री ने इस आयोजन में मध्यप्रदेश की प्रतिष्ठित बाग प्रिंट हस्तकला का प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों से आए शिल्प प्रेमियों ने इस प्राचीन कला को नजदीक से जाना, इसकी बारीकियों को समझा और बाग प्रिंट की समृद्ध परंपरा से रूबरू हुए। प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती लिसा पिंगले ने अपने फार्म हाउस मोनालिसा पर देशभर के 30 प्रतिष्ठित शिल्पकारों को निःशुल्क आमंत्रित किया। उन्होंने बाग प्रिंट के प्रति अपनी विशेष रुचि दर्शाते हुए स्वयं बाग प्रिंट की साड़ी खरीदी और वहीं पर ब्लाउज सिलवाकर इसे पहनकर इस हस्तशिल्प का प्रचार किया। बॉलीवुड की दिग्गज निर्माता गौरी शिंदे और आर. बाल्की ने बाग प्रिंट की सुंदरता और विशिष्टता की सराहना की। उन्होंने शिल्पगुरु मोहम्मद युसूफ और अब्दुल करीम खत्री के कार्यों को न सिर्फ सराहा बल्कि बाग प्रिंट कला को संरक्षित और बढ़ावा देने के प्रयासों की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर मोहम्मद युसूफ खत्री ने विरासत कारीगर हाट की ओर से फिल्म निर्माता आर. बाल्की को बाग प्रिंट की एक विशेष पेंटिंग भेंट की। यह हस्तशिल्प कला के प्रति उनके योगदान और समर्थन के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत की गई। प्रदर्शनी के दौरान पूना के नागरिकों ने बाग प्रिंट के सूती वस्त्रों को अत्यधिक पसंद किया और बड़ी संख्या में इन वस्त्रों की खरीदारी की। यह प्रदर्शनी न केवल बाग प्रिंट के प्रचार-प्रसार का एक महत्वपूर्ण मंच बनी बल्कि इससे मध्यप्रदेश के हस्तशिल्पियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर भी मिला। मध्यप्रदेश की पारंपरिक हस्तशिल्प और बाग प्रिंट को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने के प्रयासों में यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुआ है।



र.नं. 2232

देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 3 फरवरी 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# सत्ता में बने रहने का चुनावी बजट

एनडीए सरकार ने 1 फरवरी को अपना पूर्णकालिक बजट पेश किया। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल के इस पहले पूर्ण बजट में सत्ता पर किसी भी तरह बने रहने की भाजपा की लालसा साफ तौर पर नजर आई। लोकसभा चुनावों में भाजपा नुकसान उठा चुकी है, तो अब इसकी भरपाई के लिए उसने मध्यवर्ग को लुभाने की कोशिश की है। इसके साथ ही इस बजट में दिल्ली और बिहार में होने वाले विधानसभा चुनावों का असर भी साफ दिखा। दिल्ली में तो इस समय चुनाव प्रचार जोरों पर है और ढाई दशक से सत्ता से बाहर भाजपा का दावा है कि इस बार दिल्ली की जनता उसे मौका देगी। अपने दावे को सच करने के लिए भाजपा इस बार केन्द्रीय कर्मचारियों और वेतनभोगी मध्यवर्ग को अपने पाले में करने की कोशिश में है। अभी हाल ही में आठवें वेतन आयोग का गठन इसी दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है।

अब 2025-26 के बजट में केंद्र सरकार ने बड़ा ऐलान किया है कि 12 लाख रुपये तक की सालाना आय कर मुक्त रहेगी यानी कोई आयकर नहीं देना होगा और वेतनभोगी लोगों के लिए ये सीमा 12 लाख 75 हज़ार रुपए हैं। सरकार ने करमुक्त आय की सीमा को सीधे 5 लाख रुपए बढ़ाया दिया है। जो बहुत से लोगों की नजर में मोदी का मास्टर स्ट्रोक है। क्योंकि इससे देश का मध्यवर्ग खुश हो सकता है। मध्यवर्ग के दायरे में वो लोग शामिल होते हैं, जिनकी सालाना आय 5 से 30 लाख रुपये है। पीपुल्स रिसर्च ऑन इंडियाज़ कंज़्यूमर इकानॉमी के मुताबिक़ फ़िलहाल देश की आबादी का 40 प्रतिशत मध्यवर्ग के दायरे में आता है। इस लिहाज से देखें तो लगेगा कि देश के 40 प्रतिशत लोग इस फैसले से राहत पाएंगे। लेकिन यह गणित इतना सीधा नहीं है। भारत की लगभग एक अरब चालीस करोड़ की आबादी में सिर्फ़ साढ़े नौ करोड़ लोग आयकर भरते हैं और उनमें से भी छह करोड़ लोग शून्य रिटर्न दाख़िल करते हैं, इसका मतलब केवल साढ़े तीन करोड़ लोगों को इस कर में छूट का लाभ मिलेगा।

सरकार का दावा है कि यह कदम खपत और निवेश को बढ़ावा देने के लिए है। भारतीय अर्थव्यवस्था इस वक़्त मांग की कमी से जूझ रही है। भारत की आर्थिक विकास दर अभी 6.4 प्रतिशत है जो पिछले चार साल में सबसे सुस्त गति दिखा रही है। आर्थिक सर्वे में 6.3 से लेकर 6.8 प्रतिशत विकास का अनुमान लगाया जा रहा है, जबकि देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत तक चाहिए। सरकार इस लक्ष्य को शायद आयकर में छूट देकर हासिल करना चाहती है। वस्तुओं और सेवाओं का सबसे बड़ा उपभोक्ता समूह मध्यवर्ग होता है, लगातार बढ़ रही महंगाई और बेरोजगारी के कारण उस के हाथ में पैसा नहीं बच रहा है इसलिए ख़रीद क्षमता प्रभावित हुई और अर्थव्यवस्था में मांग घट गई है। कंपनियों ने भी कम खपत के कारण उत्पादन कम किया है और नए निवेश में भी कमी आई है। अब इस छूट से सरकार उम्मीद बांध रही है कि मांग, खपत, निवेश और बचत सारे लक्ष्य एक साथ साध लेगी। हालांकि सरकार का ही कहना है कि मध्यवर्ग को दी जा रही इस राहत से सरकारी खजाने पर करीब एक लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। प्रकारांतर से यह छूट भी उसी रेवड़ी संस्कृति का हिस्सा दिख रहा है, जिसकी मुखालफत श्री मोदी खुद करते हैं।

बहरहाल मध्यवर्ग को दी गई इस राहत से फौरी विकास तो शायद नजर आ जाए, लेकिन इसका दीर्घकालिक असर क्या पड़ेगा, ये विचारणीय है। राजकोषीय घाटे में एक लाख करोड़ का बोझ सरकार किस तरह उठाएगी या अप्रत्यक्ष तरीके से जनता से कैसे वसूली करेगी ये देखना होगा।

अभी अप्रत्यक्ष करों के जरिए भी सरकार को अच्छी-खासी कमाई होती है और उसमें केवल मध्यवर्ग नहीं गरीब से गरीब व्यक्ति को भी जेब हल्की करनी पड़ती है। ज़्यादातर वस्तुओं और सेवाओं पर ली जाने वाली जीएसटी की दरें 28 प्रतिशत तक हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक़ जीएसटी संग्रह लगातार बढ़ रहा है, साल 2023 की तुलना में साल 2024 में इसमें 7.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और ये दिसंबर 2024 में 1.77 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यानी सरकार अप्रत्यक्ष कर के ज़रिये लोगों की जेब से ज़्यादा पैसा निकाल रही है।

बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए खास प्रावधान नहीं है। कृषि, मनरेगा, रोजगार कौशल, आंगनबाड़ी और पोषण कार्यक्रमों आदि के लिए बेहद मामूली बढ़त की गई है, जो ऊंट के मुंह में जीरा साबित होगी। लगभग 50 लाख करोड़ के आम बजट में अगर सभी तबकों के लिए यथोचित प्रावधान होते, तब तो इसे वाकई विकसित भारत का बजट कहा जा सकता था। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट बताया और कहा कि ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। सवाल ये है कि क्या पांच किलो राशन के लिए कतार में खड़े 80 करोड़ लोगों के पास सपने देखने की गुंजाइश बची है।

इस बजट में बिहार के लिए मखाना बोर्ड का गठन, पटना आईआईटी का विस्तार, ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर परियोजना जैसी अहम घोषणाएं की गई हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री ने इसे बिहारवासियों के लिए उपहार बताया है, वहीं भाजपा, जदयू, लोजपा और हम जैसे दलों के नेताओं ने भी इन घोषणाओं का स्वागत किया है। निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के लिए जो साड़ी पहनी, उसकी बार्डर पर मिथिला की चित्रकारी की गई है, यह साड़ी मिथिला की कलाकार दुलारी देवी द्वारा भेंट की गई है। यानी बिहार को साधने की कोशिश मोदी सरकार ने की और इसके कारण एकदम स्पष्ट हैं। इसी साल बिहार में चुनाव होने हैं, जिसमें नीतीश कुमार को साथ रखने की चुनौती भाजपा के सामने है। साथ ही सत्ता पर भी उसे काबिज होना है इसलिए उसने एक साथ दो निशाने साधे हैं। अब चुनावी नतीजे बताएंगे कि निशाने कामयाब हुए या नहीं। लेकिन बजट जैसे महत्वपूर्ण विषय और अवसर को चुनावी राजनीति का मुद्दा बनाकर भाजपा ने बता दिया कि उसके लिए सत्ता से बढ़कर कुछ नहीं है। जहां तक बात विकसित भारत की है, तो 2014 के अच्छे दिनों से चलकर 2025 में विकसित भारत तक जुमले पहुंचे हैं, जनता वहीं की वहीं ठहरी है।

# दिल्ली के नतीजे बताएंगे कि कांग्रेस अकेली चलेगी या फिर अनिर्णय में फंसी रहेगी

राहुल ने दिल्ली चुनाव में समां बांध दिया। कांग्रेस जो दिल्ली में बिल्कुल खतम हो गई थी उसमें वापस जान फूंक दी। अगर इस चुनाव में राहुल इतने तेवर के साथ सामने नहीं आते तो कांग्रेस की स्थिति दिल्ली में भी बिहार-यूपी की तरह हो जाती। मगर सही टाइम पर राहुल ने दिल्ली का फैसला लिया और मोदी की तरह केजरीवाल पर भी उतने ही कड़े प्रहार किए या यह भी कह सकते हैं कि कांग्रेस की दिल्ली में जमीन आम आदमी पार्टी ने छीनी थी इसलिए उस पर ज्यादा फोकस किया। ज्यादा तगड़े वार! शायद सबसे बड़ा हमला वह था जब उन्होंने कहा कि- विपक्षी नेताओं में केजरीवाल सबसे ज्यादा मोदी से डरते हैं। राजनीति में डरना सबसे बड़ी कमी मानी जाती है। है तो फिल्म का डायलाग मगर राजनीति में बिल्कुल सही है कि जो डर गया समझो वह मर गया।

राहुल ने केजरीवाल के राजनीतिक खात्मे की घोषणा कर दी। और यह कांग्रेस के लिए सबसे जरूरी है। राहुल ने बिल्कुल सही कहा कि कांग्रेस और भाजपा में विचारधारा की लड़ाई चल रही थी बीच में केजरीवाल आ गए। खंबे पर चढ़ गए। मगर फिर धड़ाम से गिरे भी।

कांग्रेस के लिए यह बहुत जरूरी है। मोदी से आमने-सामने की लड़ाई कांग्रेस के लिए मुश्किल नहीं मगर बहुत सारे आवरण चढ़ाए केजरीवाल से लड़ना इसके लिए शुरू से अनिश्चितता का मामला रहा। 2013 में उसके समर्थन से ही केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने। और फिर 2015 और 2020 में केजरीवाल ने कांग्रेस को शून्य पर ला दिया। वोट परसेन्टेज 4. 3 पर। केवल 11 साल में यह हाल हो गया।

जबकि यूपी बिहार में कांग्रेस का बुरा हाल हुआ मगर शून्य पर वह कभी नहीं पहुंची। यूपी में पिछले विधानसभा चुनाव 2022 में वह सबसे कम केवल दो सीटों पर रह गई और बिहार में 2010 के विधानसभा चुनाव में वह सबसे कम केवल 4 सीटों पर रह गई थी। तीनों जगह दिल्ली, बिहार, यूपी इस बात में समानता है कि कांग्रेस कहीं भी एक निर्णय नहीं ले सकी। कभी साथ में कभी अकेले चुनाव लड़ती रही। यूपी में 1989 के बाद से वह सत्ता से बाहर है। और बिहार 1990 के बाद से। मतलब करीब 35- 36 साल से। दिल्ली में भी 11 साल हो गए। मगर अब दिल्ली में कांग्रेस जागी है। कितना कर पाएगी यह तो 8 फरवरी को पता चलेगा। लेकिन दिल्ली में वापस खड़ी हो गई यह अभी से दिखने लगा है।

यहीं से कांग्रेस को कोई बड़ा नीतिगत फैसला लेना होगा। राष्ट्रीय स्तर पर माना जाता है कि कांग्रेस ही भाजपा से लड़ रही है। मगर यथार्थ में होता यह है कि कई बड़े राज्यों में कांग्रेस दूसरे विपक्षी दलों के मुकाबले बहुत कमजोर हो जाती है। यूपी, बिहार, दिल्ली का तो अभी बताया ही मगर जम्मू-कश्मीर, झारखंड, पंजाब, महाराष्ट्र के अलावा दक्षिण और नार्थ ईस्ट के राज्यों में भी यही हालत हो गई है। कांग्रेस तीसरे-चौथे नंबर की पार्टी बन गई है। यह तब है जब उसके पास इस समय देश का सबसे निडर, मेहनती और आम जनता से सबसे ज्यादा मिलने जुलने वाला नेता है। सच तो यह है कि कई बार यह कहा जाता है कि देश के लोग राहुल को नहीं पहचान पा रहे। सही बात है। चमक-दमक के इस झालर, पन्नी के दौर में असली मेटल को लोग नहीं पहचान पा रहे। मगर लोगों से शिकायत तो तब बनती है जब खुद उनकी पार्टी उन्हें सही से पहचान लेती!



शकील अख्तर

> खुद कांग्रेस के नेता राहुल को नहीं पहचान पाए। उनके लिए राहुल भी एक चेहरा तो हैं मगर यह नहीं समझ पाए कि एक ऐसा शख्स उनके पास है जो कभी भी बाजी पलट सकता है। उनको सत्ता में ला सकता है। मुकाबला बहुत मुश्किल है। मोदी ने देश में एक ऐसा माहौल बना दिया है कि जनता पर किसी बात का असर नहीं हो रहा है। अभी कुंभ में भगदड़ में मारे गए लोगों की खबर छुपाई गई।

मुख्य बात तो यही है कि खुद कांग्रेस के नेता राहुल को नहीं पहचान पाए। उनके लिए राहुल भी एक चेहरा तो हैं मगर यह नहीं समझ पाए कि एक ऐसा शख्स उनके पास है जो कभी भी बाजी पलट सकता है। उनको सत्ता में ला सकता है। मुकाबला बहुत मुश्किल है। मोदी ने देश में एक ऐसा माहौल बना दिया है कि जनता पर किसी बात का असर नहीं हो रहा है। अभी कुंभ में भगदड़ में मारे गए लोगों की खबर छुपाई गई। अखिलेश यादव ने लोकसभा में बजट से पहले कुंभ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने की मांग करते हुए कहा कि हमें बजट के आंकड़ें नहीं लापता लोगों के आंकड़े चाहिए। कितने लोग मारे गए। कितने घायल हैं और कितनों का पता नहीं है। विपक्षी दलों ने लोकसभा में जोरदार मांग उठाई, वाक आउट तक कर गए मगर सरकार निश्चिंत बनी रही। उसे लगता है विपक्ष आवाज उठाता रहे जनता नहीं सुनेगी। जनता को नफरत के ऐसे नशे में डाल दिया है कि वह कुछ भी नहीं सुनती, सोचती। बस उसे नफरती बातों से ही खुशी मिलती रहती है।

कोई भी बड़ी से बड़ी घटना हो जाए जनता का नशा टूटता नहीं है। नोटबंदी, किसानों का आंदोलन, कोविड में बिना इलाज लोगों का मरना, चिता तक का इंतजाम नहीं, पुलों से लाशों का नीचे फेंकना, लॉकडाउन, लाखों मजदूरों का पैदल जाना, चीन द्वारा घुस कर हमारे आदमियों को मारना, फिर वापस न जाना, प्रधानमंत्री का इस बात को भी नकार देना, कहना न कोई घुसा है न कोई है, मगर किसी बात का असर नहीं होना।

ऐसे में राहुल का बिना हिम्मत हारे लगातार लड़ते रहना ही एक मात्र आशा की किरण रही। यहीं यह सवाल पैदा होता है कि क्या कांग्रेसियों को यह नहीं दिखता? या वह अपनी आदत से मजबूर हैं कि राहुल को जो करना है करें मगर हम तो उसी तरह गुटबाजी, काम न करना, अपने स्वार्थों में लिप्त रहना में लगे रहेंगे।

जी-23 सिर्फ और सिर्फ राहुल के खिलाफ ही बनाया गया था। 2019 में उन्हीं से अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिलवाया गया था। राजस्थान चुनाव पूरी तरह गुटबाजी की वजह से हारा था। और फिर हरियाणा भी ऐसे ही हाथ में आया हुआ गंवाया गया था। लोग बाकी राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र की हार को भी इसी क्रम में खड़ा करने लगते हैं। मगर इन राज्यों में कारण अलग थे। राजस्थान और हरियाणा शुद्ध रूप से सिर्फ गंदी गुटबाजी की वजह हारे गए थे। अगर कांग्रेस हरियाणा जो कि वह जीत रही थी जीत जाती तो क्या महाराष्ट्र के यह नतीजे आते? कांग्रेस हरियाणा जीत जाती तो देश का माहौल ही कुछ और होता। 8 महीने पहले 240 पर रोक कर जो मोदी को झटका दिया था उसका असर जारी रहता। प्रधानमंत्री मोदी ने जो फिर से आत्मविश्वास पा लिया है वह नहीं होता।

पता नहीं कांग्रेस समझेगी या नहीं! अभी तक के कांग्रेसियों का इतिहास तो यह बताता है कि कांग्रेसी नेता खुद से कभी नहीं समझते। उन्हें तो डंडे के बल पर समझाना पड़ता है। राहुल ने अभी वंचित समाज के दिल्ली सम्मेलन में यह माना कि कि कांग्रेस वह नहीं रह गई जो इन्दिरा गांधी के समय थी। सही बात है। राहुल को यहीं से आगे लाइन लेना चाहिए कि इन्दिरा गांधी कैसी सख्ती से पार्टी को डील करती थीं। जो वे कह रहे थे कि पिछले कुछ सालों में पार्टी कमजोर हो गई तो उसका कारण ही यही है कि नेतृत्व ने सख्त निर्णय लेना छोड़ दिए। दिल्ली चुनाव के बाद राहुल को पूरा समय पार्टी संगठन के पुनर्निर्माण में लगाना चाहिए। जाने कितने साल हो गए कुछ लोग पदों पर बैठे हुए हैं। उनका कमरा बदल दिया जाता है। जिम्मेदारी बदल दी जाती है। मगर पद बरकरार रहता है। कुर्सियों से चिपके हैं। इनकी क्या उपयोगिता है? इनके बदले और लोगों को मौका देना चाहिए। साल 2025 कांग्रेस ने संगठन का साल घोषित किया है। अगर सही मायनों में हो गया तो पार्टी की तकदीर बदल सकती है।

-( **लेखक वरिष्ठ पत्रकार है** )

# डॉक्टरों की बढ़ती आत्महत्याएं: चिकित्सकों को चिकित्सा की जरूरत

■ **अमरपाल सिंह वर्मा**

लोगों की सेवा एवं उनका इलाज करने के लिए जुटे रहने वाले डॉक्टर गंभीर संकट के दौर से गुजर रहे हैं। हाल ही में 'ब्रिटिश मेडिकल जर्नल' में प्रकाशित एक शोध रिपोर्ट चिंतित कर देने वाली है। इस रिपोर्ट में डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य स्थिति पर गहरी चिंता जताई गई है। इसमें यह तथ्य सामने आया है कि मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों और डॉक्टरों में आत्महत्या का खतरा आम लोगों की तुलना में कहीं अधिक है।

महिला डॉक्टरों पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ रहा है। तनाव की वजह से आत्महत्या का सबसे अधिक खतरा महिला डॉक्टरों को है। इस शोध के अनुसार महिला डॉक्टरों में आत्महत्या का खतरा आम लोगों की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है। भारत में किए गए अध्ययनों से भी यह स्पष्ट हुआ है कि 40 प्रतिशत महिला डॉक्टर अत्यधिक तनाव में काम करती हैं। इस तनाव का सीधा संबंध मेंटल डिस्ऑर्डर और आत्महत्या के विचारों से है।

'इंडियन जर्नल ऑफ साइकियाट्री' में प्रकाशित एक शोध से भारत के डॉक्टरों के लिहाज से भी चिंताजनक तस्वीर उभरती है। इस जर्नल के आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक दशक में भारत में 358 डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों ने आत्महत्या की है, जिनमें से 70 प्रतिशत की उम्र मात्र 30 से 40 वर्ष के बीच थी। यह आंकड़ा केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि यह समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी है। जब देश के युवा और प्रतिभाशाली डॉक्टर तनाव और मानसिक दबाव के कारण अपनी जान लेने पर मजबूर हो रहे हैं तो यकीनन यह हमारे हेल्थ केयर सिस्टम और समाज के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है।

भारत के अध्ययनों से पता चलता है कि 40 प्रतिशत महिला डॉक्टरों को अत्यधिक तनाव की हालातों में काम करना पड़ रहा है। बढ़ता मानसिक असंतुलन और आत्महत्या के विचार इसके कारण हैं। डॉक्टर एमबीबीएस के बाद विशेषज्ञ बनने के लिए पीजी की तैयारी में जुट जाते हैं। एक तरफ काम का दबाव होता है, दूसरी ओर पढ़ाई की चिंता सताती है। इससे उपजे तनाव में संतुलन रखना बहुत कठिन होता है। शायद इसी का परिणाम है कि पिछले पांच सालों में 1270 मेडिकल छात्रों ने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। इनमें 153 एमबीबीएस तथा 1117 पीजी में एडमिशन लेने वाले छात्र थे, जो एमबीबीएस के बाद विशेषज्ञ डॉक्टर बनने की चाह लिए हुए थे।

हमारे देश में आत्महत्या करने वाली महिला डॉक्टरों में सर्वाधिक 22.4 प्रतिशत 'एनेस्थीसिया विभाग' (निश्चेतना) की एवं 16 प्रतिशत 'स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग' की थीं। इन विभागों के डॉक्टरों के पास ही सर्वाधिक 'हाई-रिस्क' वाले मरीज आते हैं, इसलिए उन पर काम का दबाव एवं तनाव ज्यादा होता है। डॉक्टरों की भारी कमी वाले हमारे देश में बन रहे ये हालात बहुत बुरे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी की वजह से लोगों को इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर भागना पड़ रहा है। केंद्र सरकार का दावा है कि देश में डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' (डब्ल्यूएचओ) की ओर से निर्धारित मानदंडों से बेहतर है, मगर स्वास्थ्य मंत्रालय के पिछले साल के आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण भारत में 'सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों' (सीएचसी) में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है। मंत्रालय द्वारा जारी भारत की 'स्वास्थ्य गतिशीलता (बुनियादी ढांचा और मानव संसाधन) 2022-23 रिपोर्ट' के निष्कर्षों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में 'सीएचसी' में जरूरी 21 हजार 964 सर्जन, प्रसूति/स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन और बाल रोग विशेषज्ञों के मुकाबले भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में 17 हजार 551 विशेषज्ञों की कमी है।

सीनियर डॉक्टरों की मानें तो मेडिकल छात्रों और डॉक्टरों पर अत्यधिक दबाव उनके लंबे और कठोर प्रशिक्षण, भारी कार्यभार, सामाजिक अपेक्षाओं और मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी से उत्पन्न होता है। महिला डॉक्टरों को अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पारिवारिक जिम्मेदारियों का भी संतुलन बनाना पड़ता है, जिससे उनकी स्थिति और जटिल हो जाती है। अस्पतालों में तोड़फोड़, डॉक्टरों से मारपीट और अभद्र व्यवहार जैसी घटनाएं भी इस स्थिति के लिए कम जिम्मेदार नहीं हैं।

> सरकार, मेडिकल संस्थानों, 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' और समाज को मिलकर ऐसे उपाय करने होंगे, जिससे डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों के लिए काम और जीवन के बीच संतुलन कायम करना आसान हो। यह भी आवश्यक है कि समाज की ओर से डॉक्टरों पर अनावश्यक अपेक्षाओं का बोझ न डाला जाए। डॉक्टर भी इंसान हैं, उनकी भावनाओं और सीमाओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

वर्ष 2022 में राजस्थान के लालसोट में इलाज के दौरान एक प्रसूता की मौत होने पर धरने-प्रदर्शन और पुलिस द्वारा अपने खिलाफ मुकदमा दर्ज करने से परेशान होकर सुसाइड कर लेने वाली युवा चिकित्सक डॉ. अर्चना शर्मा की मौत आज भी झकझोरती है। डॉ. अर्चना ने सुसाइड नोट में लिखा था कि "मैंने कोई गलती नहीं की है, किसी को नहीं मारा। प्रसवोत्तर रक्तस्राव (पीपीएच) एक कॉम्प्लिकेशन है, इसके लिए डॉक्टरों को प्रताड़ित करना बंद करो।" हाल में भरतपुर के रेडियोलॉजिस्ट डॉ. राजकुमार चौधरी ने आगरा में जाकर सुसाइड कर ली है। पूरे देश में इस तरह के मामले आते रहते हैं। यह समस्या बहुत बड़ी है जिसका त्वरित समाधान होना चाहिए, लेकिन यह तभी हो सकता है, जब समस्या की जड़ों तक पहुंचकर असलियत की थाह ली जाए। यह जरूरी है कि महिला डॉक्टरों के दृष्टिगत 'हेल्थ केयर सिस्टम' में लिंग संवेदनशील रणनीतियां प्रभावी ढंग से लागू की जाएं। कामकाजी माहौल को महिला डॉक्टरों के लिए अधिक अनुकूल बनाना होगा। इसके साथ ही, डॉक्टरों और छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए।

सरकार, मेडिकल संस्थानों, 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' और समाज को मिलकर ऐसे उपाय करने होंगे, जिससे डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों के लिए काम और जीवन के बीच संतुलन कायम करना आसान हो। यह भी आवश्यक है कि समाज की ओर से डॉक्टरों पर अनावश्यक अपेक्षाओं का बोझ न डाला जाए। डॉक्टर भी इंसान हैं, उनकी भावनाओं और सीमाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। जिस प्रकार डॉक्टर समाज के लिए जुटे रहते हैं, उसी प्रकार समाज के प्रत्येक वर्ग को भी डॉक्टरों के मानसिक स्वास्थ्य एवं सुकून को बनाए रखने के लिए योगदान देना चाहिए।

**( स्वतंत्र लेखक हैं। )**



## ललित सुरजन की कलम से

# 21 वीं सदी में जनतंत्र!

*'पहले दिन परिसंवाद की शुरूआत नागपुर के प्रोफेसर युगल रायलु के बीच वक्तव्य के साथ हुई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय जनता के लिए जनतंत्र सिर्फ एक राजनैतिक व्यवस्था ही नहीं, बल्कि जीवन पद्धति है। उन्होंने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि भारत व्यापक विविधताओं का देश है तथा इस विविधता का संरक्षण जनतांत्रिक व्यवस्था में ही संभव है। किसी भी तरह की तानाशाही अथवा अधिनायकवाद में विविधता का निषेध ही होता है। प्रोफेसर रायलु ने इस खतरे की ओर आगाह किया कि देश में जनतांत्रिक प्रक्रिया को भीतर ही भीतर नष्ट करने का महीन षड़यंत्र चल रहा है। एक तरफ अतिदक्षिणपंथी हैं जो भारत के संविधान को बदल देना चाहते हैं, तो दूसरी ओर अतिवामपंथी हैं जो संविधान में विश्वास ही नहीं रखते। इन दोनों से ही सावधान रहने की आवश्यकता है। एक अन्य वक्ता डॉ. अजय पटनायक ने इस बात पर चिंता जताई कि जनता और मीडिया में कथित विकास को लेकर तो बहसें हो रही हैं, किंतु गैरबराबरी और नाइंसाफी को लेकर जिस गंभीरता के साथ बहस होना चाहिए वह दूर-दूर तक नहीं दिखती। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि धर्मनिरपेक्षता हमारे जनतंत्र का प्रमुख आधार है और इसे बचाना बेहद जरूरी है।'*

*'ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव फोरम के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल राजिमवाले ने इस अवसर पर एक विस्तृत आधार पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने बतलाया कि अंग्रेजी राज के दौरान भी हमारे स्वाधीनता सेनानियों ने किस तरह से समाज के बीच जनतांत्रिक चेतना फैलाने का काम किया। उन्होंने विभिन्न कालखंडों का जिक्र करते हुए 1937 के आम चुनावों की चर्चा की जब ग्यारह में से नौ प्रांतों में कांग्रेस ने भूमिहीनों व गरीब जनता के भारी समर्थन से विजय हासिल की। इसके बाद उन्होंने ध्यान आकर्षित किया कि भारत के पड़ोसी देशों में जनतंत्र को जड़ें ज़माने का पर्याप्त अवसर नहीं मिला जबकि हमें संविधान सभा के माध्यम से ऐसी जनतांत्रिक व्यवस्था प्राप्त हुई जो अब तक चली आ रही है।'*

**( देशबन्धु में 06 फरवरी 2014 को प्रकाशित )**

## गुरूवाणी विचार

# जो सुख को चाहे सदा सरण राम की लेह

मोती तां मंदर उसरेहि-रतनी तां होय जड़ाओ
कसतूर कूंगूं अगर चंदन लीप लावै भावो
मत देख भूला बिसरे तेरा चित न आवै नावो
हरि बिन जीओ जलि बलि जाऊं
मैं अपना गुरु पूछ देखिआ अवर नाहीं थाओ (रहाओ)।

गुरुवाणी की यह पंक्तियां श्रीराग से ली गई है गुरु ग्रंथ साहिब के 14 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा गुरु नानक देव जी मानव मन को समझाइश देते हुए समझा रहे हैं कि अगर मोतियों के महल या बड़े-बड़े मकान भी बना दिए जाएं और उन महलों में लाल, जवाहरात से पूरी तरह नक्काशी कर दी जाए। कस्तूरी, केसर और चंदन मिलाकर उसकी पुताई कर दी जाए अर्थात अंदर जाते ही मन को लुभाने वाली सुगंधी प्राप्त हो रही हो तो भी मेरे लिए व्यर्थ है अगर मेरे मन में प्रभु सिमरन भक्ति नहीं है। इन झूठे आडंबरों में फंसकर मेरा मन प्रभु से विमुख हो गया तो ये सब झूठे आडंबर मेरे लिए बेकार हैं क्योंकि बिन हरि सिमरन के मेरा पार उतारा होने वाला नहीं है। बिना प्रभु परमात्मा के यह सब सुख मेरे लिए बेकार हैं इसीलिए तो गुरवाणी में समझाया गया है-

जो सुख को चाहे सदा सरण राम की लेह।

यह सुंदर मानव काया हमें कई जनमों में भटकते-भटकते प्रभु की बड़ी कृपा के कारण प्राप्त हुआ है इसीलिए तो भक्त रविदास भी इस बात की ताकीद कर रहे हैं कि-

बहुत जनम बिछड़े थे माधो एह जनम तुमारे लेखे।
कहि रविदास आस लग जीवो चिर भयो दरसन देखे।।

मुझे अच्छी तरह समझ में आ गया है कि मैं प्रभु से बिछड़ गया तो यह माया मेरे किसी काम की नहीं है। मुझे प्रभु परमात्मा ने यह हीरे जैसा मानवजीवन दिया है अगर इसमें प्रभु सिमरन नहीं किया तो यह कौड़ियों के दाम की भी नहीं रहने वाली है-

हीरे जैसा जनम है कौड़ी बदले जाय।

इसीलिए समझाया गया है कि हमें गुरमुख बन कर जीवन व्यतीत करना है- मनमुख बनकर सांसारिक मोह माया में गलतान नहीं रहना है। पर अधिकांश जीव इस संसार में आकर खा लो-पी लो और मौज कर लो- यही सिद्धांत अपना लेते हैं और सत कर्म करना, प्रभु सिमरन बंदगी करना बिसार देते हैं जिसका फिर मुवाअजा भी उन्हीं को भुगतना पड़ता है क्योंकि धर्मराज की कचहरी में हमारे द्वारा किए जा रहे प्रत्येक कर्म का लेखा-जोखा धर्मराज द्वारा रखा जा रहा है और उसी के अनुसार वापस प्रभु परमात्मा द्वारा हमें दंड या ईनाम मिलने वाला है। बची हुई 84 लाख योनियों में किसी पशु-पक्षी, कीड़े-मकोड़े आदि जीवन में भेज दिया जा्एगा और हमारा सतकर्म वाला खाता प्रभु भक्ति सिमरन वाला धनात्मक हुआ तो फिर हमें प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्राप्त हो सकेगा। इसलिए हमें चाहिए कि साध संगत में कलयुग कभी प्रवेश नहीं कर सकता पर हमारे भाग्य अच्छे हों तो तो साध संगत प्राप्त हो जाती है-

बिन भागां सतसंगि न लभै। बिन संगति मैल भरीजै जीओ।।

अगर हमारा मन निरंकार की भक्ति में लगा रहेगा तो झोपड़ी में रहकर भी सदा आनंद की प्राप्ति होती रहेगी। यदि हम सांसारिक मोह माया में फंसे रहे तो फिर महल माड़िया में रहकर भी मन अशांत रहेगा। दसम गुरु गोविंद सिंह ने भी हमें कुछ इस तरह समझाया है-

बिन हरि नाम न बाचन पैहे।
चौदह लोक जेहि बसि कीयै तांते कहा पलेहैं।।

इसलिए बिना प्रभु सिमरन हमारा कल्याण होने वाला नहीं है। अंदर सचमुख उजला- खसमें मां हे समाहि। **- इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# तंबाकू के विरुद्ध आवाज उठाने वाले वैज्ञानिकों पर संकट

वैसे तो हम सभी जानते हैं कि तंबाकू, शराब और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। लेकिन इस जागरूकता को लाने में एक भूमिका वैज्ञानिकों की भी है। क्योंकि यूं बेबुनियाद तो किसी चीज़ को नुकसानदेह या फायदेमंद नहीं कहा जा सकता। कोई चीज़ कितनी नुकसानदेह या कितनी फायदेमंद है, इस बात का निर्णय सतत शोधकार्यों के ज़रिए बारीकी से पड़ताल करने के बाद होता है तंबाकू के विरुद्ध आवाज उठाने वाले वैज्ञानिकों पर सांइस पड़ताल के दौरान वैज्ञानिकों को न सिर्फ अनुसंधान सम्बंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है बल्कि उन्हें ऑनलाइन धमकियां, मुकदमे, सायबर हमले और यहां तक कि, जान से मारने की धमकियां तक झेलनी पड़ती हैं। इन वैज्ञानिकों को बदनाम करने और स्वास्थ्य से जुड़े अहम नियमों को टालने के लिए तंबाकू उद्योग ऐसी ही रणनीतियां अपनाते हैं। हाल ही में हुए एक अध्ययन में इस समस्या पर प्रकाश डाला गया है। हेल्थ प्रमोशन इंटरनेशनल में प्रकाशित अध्ययन में वर्ष 2000 से 2022 के बीच 64 प्लेटफॉर्म पर दर्ज हुए उत्पीड़न के मामलों की समीक्षा की गई- करीब आधे मामले वैज्ञानिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को अखबारों, सोशल मीडिया, विज्ञापनों और टीवी के ज़रिए बदनाम करने के संगठित प्रयास थे।

तंबाकू और अन्य उद्योग आम तौर पर शोधकर्ताओं को 'चरमपंथी' या 'पाबंदीपसंद' साबित करने की कोशिश करते हैं। उदाहरण के लिए, पोलैंड में एक तंबाकू कंपनी ने इन वैज्ञानिकों को 'लड़ाकू चरमपंथी' कहा है। कड़े नियमों की मांग करने वाले शोधकर्ताओं को 'निकोटीन नाज़ी', 'स्वास्थ्य तानाशाह' और 'प्रतिबंधवादी' जैसे आपत्तिजनक नामों से पुकारा जाता है। इन आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल एक बड़ी रणनीति का हिस्सा है, जिसका मकसद जन स्वास्थ्य उपायों को बाधित करना और तंबाकू, मीठे पेय और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों पर नियंत्रण वाले कानूनों के क्रियान्वयन को टालना या रोकना है।

कभी-कभी तो ये दहशतगर्दियां हिंसा तक पहुंच जाती हैं; ऐसा छः मामलों में देखा गया है। नाइजीरिया में तंबाकू नियंत्रण के पक्ष में बोलने वाले एक कार्यकर्ता और उनके बच्चों को बंदूक की नोक पर धमकाया गया। इस घटना में उनके साले और गार्ड की हत्या कर दी गई।

कोलंबिया में, डॉ. एस्पेरैंज़ा सेरॉन को मीठे पेय पर कर लगाने के समर्थन में अभियान चलाने पर धमकियां मिलीं, डरावने फोन कॉल्स आए और मोटरसाइकिल सवार लोगों ने उनका पीछा किया; बाद में उन्हें जान से मारने की धमकी मिली।

इन दहशतों के बावजूद, अधिकतर शोधकर्ता अपने काम पर डटे रहे। वैसे डराने-धमकाने के कारण बहुत थोड़े लोग पीछे भी हटे या हिचके। यूनिवर्सिटी ऑफ बाथ में तंबाकूनियंत्रण पर शोध कर रही वैज्ञानिक डॉ. केरन इवांस-रीव्स ने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर उपहास का सामना करना पड़ा, तंबाकू कंपनियों ने उनकी आलोचना की और उन पर कानूनी कार्रवाई की धमकी भी दी। उन्होंने इस बात को साझा किया है कि उनके काम पर लगातार निगरानी रखने से उन्हें मानसिक रूप से कितना दबाव झेलना पड़ा। अलबत्ता, उन्होंने अपना शोध जारी रखा।

यह अध्ययन उन अदृश्य दिक्कतों को उजागर करता है, जिनका सामना जन स्वास्थ्य की रक्षा के लिए काम करने वाले शोधकर्ताओं को करना पड़ता है। अध्ययन इस बात पर भी ज़ोर देता है कि वैज्ञानिकों को वैश्विक समर्थन की ज़रूरत है ताकि वे डर और हिंसा के बिना अपना काम कर सकें।

इन शोधकर्ताओं की दृढ़ता यह दर्शाती है कि जोखिमों के बावजूद वे स्वस्थ समाज बनाने के अपने मिशन में अडिग हैं। यह शोध हमें याद दिलाता है कि शक्तिशाली उद्योगों के खिलाफ यह संघर्ष जारी है और उन लोगों की सुरक्षा बेहद ज़रूरी है जो समाज के हित में काम कर रहे हैं।

# स्कूल के लिये आरक्षित 10 एकड़ जमीन मिलेगी नई मंडी बनाने के लिये

## कृषि उपज मंडी को जबलपुर से बाहर करना प्रशासन के लिये बना चुनौती




देशबन्धु पड़ताल

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर से कृषि उपज मंडी को बाहर करने की प्रक्रिया के बीच एक नया अपडेट है। जिसमें औरिया बाय पास के समीप ही शासन को करीब दस एकड़ जमीन मिल गई है, यह जमीन स्कूल बनाने के लिये आवंटित की गई थी, लेकिन किसी कारण स्कूल नहीं बन पाया, इसलिये अब इस जमीन को मंडी निर्माण के लिये दिया जा सकता है। अभी करीब 18 एकड़ जमीन पर सब्जी मंडी को अस्थाई रूप से शिफ्ट कर दिया गया है, यह और बात है कि यहां पर फिलहाल मटर की खरीद बिक्री हो रही है।

प्रशासन के उच्च पदस्थ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी को पूरी तरह शहर से औरिया बाई पास के पास करने की कवायद जारी है। मंडी के लिये अभी और जमीन की आवश्यकता है, जिसकी खोज की जा रही थी, इसके चलते जहां पर अभी मटर मंडी है, उसी से लगकर दस एकड़ जमीन का एक मुश्त चक प्रशासन को मिल गया है। इसका उपयोग मंडी बनाने के लिये किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुये मंडी बोर्ड के स्थानीय अधिकारियों ने उक्त प्रस्ताव भोपाल के आला अधिकारियों तक भेज दिया है। जैसे ही मंडी बोर्ड के आला अधिकारियों की स्वीकृति मिलेगी, उसी के साथ जबलपुर में प्रशासन स्तर पर इस कवायद को आगे बढ़ाया जायेगा।

**इतने एकड़ हो जायेगी जमीन-** बताया जाता है कि दस एकड़ और जमीन मिल जाने पर मंडी निर्माण के लिये लगभग 28 एकड़ हो जायेगी, इसमें सब्जी के साथ फल और आलू प्याज मंडी को आसानी से शिफ्ट किया जा सकता है। ऐसा होता है तो प्रशासन के अधिकारियों की मुश्किल हल हो जायेगी, जिसे लेकर अधिकारियों की परेशानी बनी हुई है। मंडी शिफ्टिंग को लेकर अधिकारी दबाव मे हैं।

**इधर फंस सकता है मामला-** वहीं अब तक कृषि उपज मंडी में फल, सब्जी और आलू प्याज का थोक कारोबार करने वाले व्यापारियों को यह पता नहीं है कि पूर्व के नियम के अनुसार उन्हें दुकान के बदले दुकान मिलेगी या नहीं, अभी इसे मंडी प्रशासन ने स्पष्ट नहीं किया है।

इस बारे में न्यू फल थोक व्यापारी संघ के अध्यक्ष **अशरफ भाई** ने बताया कि इससे व्यापारियों में ऊहा-पोह की स्थिति है। पहले जब शहर से कृषि उपज मंडी में हमे शिफ्ट किया गया था, उस समय दुकान के बदले दुकान आवंटित की गई थीं, जिससे आसानी से व्यापारियों को दुकान मिल गई थी।

इस बार ऐसा होता नहीं दिख रहा है। जिससे व्यापारियों की चिंता कम नहीं हो रही है, मंडी प्रशासन को व्यापारियों के हित का ध्यान रखते हुये इस दिशा में उचित दिशा निर्देश जारी करना चाहिये ताकि फल मंडी और दूसरी मंडी के व्यापारियों में व्याप्त असमंजस पर विराम लग सके।

# मान्यता चुनाव हारने वाले रेलवे यूनियनों के कार्यालयों पर की जायेगी तालाबंदी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय अंतर्गत पिछले दिनों हुये रेल यूनियनों के मान्यता चुनाव में हार का सामना करने वाली शाखाओं को आवंटित कार्यालयों को खाली नहीं किया गया है। जिसके बाद रेलवे प्रबंधन ने पत्र जारी कर बीस जनवरी तक इन्हें खाली करने कहा था, लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि मंडल के प्रेम कार्यालय एवं यूनियनों की शाखाओं के आवंटित कार्यालयों में उपलब्ध विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का लाभ लिया जा रहा है। जिसे लेकर रेलवे परिसर में चर्चाओं बाजार गर्म है। इस बीच अब रेलवे प्रशासन ने चेतावनी दी है कि शीघ्र आवंटित कार्यालयों को खाली नहीं किया गया तो प्रशासन द्वारा आवंटित कार्यालयों पर तालाबंदी की कार्रवाई शुरू कर देगा। इसके बाद रेलवे के गलियारों में हड़कंप है।



# शहर के बीचों बीच स्थित है कालोनी में अभी तक नर्मदा जल नहीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** दीनदयाल उपाध्याय वॉर्ड कि टीएनसीपी कालोनी श्री कृष्णम ईको सिटी श्री राम कॉलेज के पास स्थित है कॉलोनी में लगा समस्याओं का भंडार जो कि शहर के बीचों बीच स्थित है कालोनी में अभी तक नर्मदा जल नहीं है सभी लोगों को पानी के लिए बहुत परेशान होना पड़ता है और ना ही पक्की नालियां हैं जिसके कारण कालोनी वासियों ने विरोध जताया, जिसमें मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा रवि रजक पुष्पेंद्र अहिरवार के नेतृत्व मे कालोनी से संतोष खंपरिया, कामता तिवारी, दिलीप पांडे, अशोक मिश्रा,जवाहर चौरसिया, सौरभ सोनी, पंकज नेमा, अजय सोनी, राजकांत नेमा,एस एन दुबे, छोटेलाल चौधरी, संजय मिश्रा, राधा रमन तिवारी, राजेश साहू,गणेश घनघोरिया, कृष्णा पटेल, और कालोनी के सभी लोग उपस्थित रहे

# कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का भव्य स्वागत हुआ



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के नगरागमन पर अन्धमूक चौराहे पर राज्यसभा सदस्य विवेक तंखा मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष लखन घनघोरिया पूर्व कैबिनेट कैबिनेट मंत्री तरुण भनोट पूर्व वित्त मंत्री जबलपुर संगठन प्रभारी विधायक रजनीश सिंह सह प्रभारी लक्ष्मण सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) टीकाराम कोष्टा अमरीश मिश्रा प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी राजेश पटेल सुमन जैन दलवीर जैसल हमीद खान आदि ने पुष्पहारो से स्वागत किया।

# जानकीरमण महाविद्यालय में विविध प्रतिस्पर्धाओं का शुभारंभ आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** शैक्षणिक सत्र 2024 - 25 के अंतर्गत के श्रीजानकीरमण कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के तत्वाधान में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी चार दिवसीय साहित्यिक ,सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ आज 3 फरवरी से सुबह प्रात: 9 बजे से महाविद्यालय परिसर में होंगा। 36 विधाओं में प्रतियोगिताएं होगी। समस्त प्रतियोगिताएं शरदचंद्र पालन अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी के संरक्षण तथा वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ. शक्ति सिंह मंडलोई के संयोजक डॉ.आनंद सिंह राणा के मार्गदर्शन में संपन्न होगी।

# हमें प्रकृति के संदेश को आत्मसात करना चाहिए : मंत्री सिंह



**जबलपुर, देशबन्धु।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह रविवार को मानस भवन में अधिवक्ताओं द्वारा आयोजित बसंत उत्सव के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बसंत उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बसंत ऋतु का आना ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है।

प्रकृति का हर परिवर्तन नए रूप में होता है, वही सकारात्मक ऊर्जा भी साथ में लाती है। हमें प्रकृति के संदेश को आत्मसात करना चाहिए। समाज में एक सकारात्मक बदलाव आना चाहिए और समाज के भीतर सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ओपीनियन मेकर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अधिवक्तास समाज के संभ्रांत लोग होते हैं, जो राय देने व राय बनाने का काम करते हैं। वकील समाज में ओपीनियन मेकर की भूमिका में होते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से प्रारंभ हुआ, इस दौरान प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं के साथ श्री जीएस ठाकुर, अभय सिंह ठाकुर सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस दौरान बसंत की बधाई भी दी गई।

# नर्मदा जयंती को लेकर प्रशासन अलर्ट, तटों पर अतिरिक्त सावधानी बरतने की तैयारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक सक्सेना व पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने गौरीघाट पहुंचकर नर्मदा प्राकट्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने पर्व में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने, श्रद्धालुओं के लिए आवागमन व्यवस्थित करने, निगरानी के लिए वॉच टावर बनाने, अस्थाई मेडिकल कैंप व एंबुलेंस की व्यवस्था रखनें एवं किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसलिए नर्मदा तट पर स्थित अस्थाई दुकानों को हटाने के आवश्य क निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। साथ ही उन्होंसने अन्यन आवश्यकक व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व में नर्मदा स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, पूजन सामग्री से नर्मदा जल को दूषित न होने दें, होमगार्ड की टीम मौके पर रहे।

उन्होंने कहा कि नर्मदा प्राकट्योत्सव को शांति और सौहार्दपूर्ण मनाने के लिए सभी लोग एक दूसरे का सहयोग करने की बात कही।

# रेल अधिकारियों के क्रिकेट मैच में डीआरएम इलेवन की टीम ने जीत हासिल की



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल के रेल अधिकारियों ने कार्य की थकावट को रिलीज करने के लिए शनिवार को दो टीमें बनाकर एक सौहार्दपूर्ण क्रिकेट मैच खेला। इस मैच में डीआरएम 11की टीम ने एडीआरएम 11 की टीम को हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया। रेलवे स्टेडियम में प्रात: 10: 00 बजे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के रेलवे ऑफिसर्स की 02 टीमों डीआरएम 11और एडीआरएम 11के बीच एक क्रिकेट मैच खेला गया ।

टॉस जीत कर डीआरएम 11 ने बैटिंग का फैसला किया और 20 ओवर में 182 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इसमें मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, सुबोध विश्वकर्मा, राम बदन मिश्रा, आकाश, मुनव्वर खान, सौरभ अवस्थी ने शानदार बैटिंग कर महत्वपूर्ण रन जोड़े। आनंद कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा सचिपति नंदन ने बॉलिंग कर विकेट लिए। 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में एडीआरएम 11, 7 विकेट पर 129 रन ही बना सकी। डीआरएम 11 की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, कमल कुमार तलरेजा और डॉ. मधुर वर्मा, रामबदन मिश्रा, संजय, आकाश, प्रशांत कुमार सौरभ अवस्थी, आकाश ने विकेट लिए। एडीआरएम 11 से आनंद कुमार ,अपर मंडल रेल प्रबंधक (नाबाद) रहे तथा प्रिंस विक्रम, अक्षय कुमरावत , सर्वेश, रोहित ने महत्वपूर्ण रन बनाए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडल रेल प्रबंधक का स्वागत वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा ने किया।

# टिमरी नरसंहार मामले को लेकर ब्राम्हण समाज ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखंड ब्राम्हण सेवा समिति भारतवर्ष प्रदेश इकाई ने ध्यानाकर्षण, जिसमें 27 जनवरी 2025 को जबलपुर जिले के पाटन थाना अंतर्गत ग्राम टिमरी में ब्राम्हण परिवार के साथ घटित हुई 4 लोगो की नृशंस हत्या एवं 2 व्यक्ति के गम्भीर रूप से घायल होने के मामले में करना चाहता है जिसका संगठन घोर निंदा करती है और मुख्यमंत्री प्रदेश सरकार से ब्राम्हणों की सामाजिक सुरक्षा और विगत दिवस घटित घटना में लिप्त अपराधियों पर कठोर कार्यवाही की मांग करती है एवं मृत परिवार के आश्रितों को हर संभव सहयोग की अपील करती है।



जबलपुर जिले के ग्राम टिमरी में हुई ब्राम्हणों की हत्या से पूरा ब्राम्हण समाज दहसत में है और आक्रोशित है, खुलेआम तलवार व् कुल्हाड़ी आदि धारदार हथियारों से हमला किया गया जिसमे 4 लोगो की घटना स्थल पर जान चली गई तथा अन्य 2 घायल हो गए, इस जघन्य हत्याकांड को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि मध्य प्रदेश के अन्दर कानून व्यवस्था धराशाई हो गई है, सरे आम कानून कि धज्जीयाँ उड़ाई जा रही है खुले आम हत्या, मारपीट, चोरी, लूट इत्यादी आम बात है जिससे सरकार बदनाम हो रही है, इस हत्याकांड में ब्राम्हणों कि हत्या हुई है इसलिए किसी भी राजनैतिक दल का इसमें कोई टिप्पणी नहीं आई है जो कि शर्मनाक है।

आर्थिक सहायता एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाये नहीं तो पूरा ब्राम्हण समाज पुरे प्रदेश में आन्दोलन को मजबूर होगा जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# ईको क्लब के अंतर्गत किया आर्द्रभूमि दिवस का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय ओएफके कॉलेज में आयुक्त, उच्च शिक्षा, प्रदेश शासन के निर्देशानुसार ई.ई.पी. अंतर्गत विश्व वेटलैण्ड दिवस–2025 के अवसर पर ईको क्लब द्वारा शनिवार को आर्द्रभूमि दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज में दोपहर 12 बजे प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे की अध्यक्षता में विद्यार्थियों को आर्द्रभूमि संबंधित एक वीडियो क्लिप दिखाई गई। कार्यक्रम का संचालन ईको क्लब के संयोजक बृजेश कुमार द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने आर्द्रभूमि क्या होती है एवं इसकी विशेषता के बारे में विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता ईको क्लब के सदस्य डॉ. दीपक कुमार अग्रवाल द्वारा भारत में प्रमुख आर्द्रभूमि तथा आर्द्रभूमि का जीवन के लिये महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में ईको क्लब सदस्य श्रीमती जान्हवी द्विवेदी, महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मधुका श्रीवास्तव, डॉ. एस. के. सिंह, डॉ. अरुण कटारा, डॉ. श्रुति पटेल, डॉ. सुनील दत्त लखेरा, डॉ. वीना फर्नान्डिस, डॉ. रामनी चौहान, डॉ. ऑस्टिन रुचिन, जयकृष्ण प्यासी, सुनील कुमार पाण्डेय, सुश्री निधि उपाध्याय व शादाब अंसारी एवं रामू का तकनीकी सहयोग रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष बने डॉ. मुईन अंसारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** सामाजिक, साहित्यिक, शैक्षणिक संस्था मप्र मुस्लिम विकास के प्रदेश अध्यक्ष मोह. माहिर खान ने सक्रिय समाजसेवी डॉ. मुईन अंसारी को परिषद में जबलपुर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। डॉ. अंसारी शीघ्र ही जिले की कार्यकारिणी घोषित करेंगे, उनकी नियुक्ति पर हाजी मुईन खान, शेख निजामी, मामूर गुड्डू, असरफ शिराजी, बाकी खान, ताहिर खोकर, हाशिम राजा, मुख्तार अंसारी, इस्तियाक अंसारी, ताज उस्मानी, अशफाक आरिफ, बब्लू कुरैशी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# ढंड में पेयजल संकट से ग्रामीण परेशान, आयोग ने संज्ञान लेकर कलेक्टर को दिये निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले की तहसील सिहोरा के विकासखंड अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कछपुरा में बोर सूख जाने के कारण ढंड में पिछले एक सप्ताह से ग्रामीणों को पेयजल नहीं मिलने का मामला सामने आया हैं। नल जल योजना के माध्यम से लोगों को पीने के पानी की आपूर्ति करने वाले दोनों बोर सूख जाने के कारण गांव में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। इस कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि, समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी तथा सदस्य राजीव कुमार टण्डन की युगलपीठ ने जनहित में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, गांव में पेयजल की वैधानिक अस्थायी व्यवस्था एवं नल जल योजना के उचित क्रियान्वयन को सुनिश्चित करवाये जाने के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

# मिलन का 52 वां सरस्वती पूजन समारोह 3 फरवरी से

**जबलपुर,देशबन्धु।** मिलन का 52 वां सरस्वती पूजन समारोह ओमनगर अमखेरा रोड स्थित मूर्तिकार प्रहलाद की शिल्पशाला में 3 फरवरी दिन सोमवार संध्या 6 बजे आयोजित है। समारोह की अध्यक्षता पूजा पीठाधीश्वर साध्वी विभानंद गिरी एवं मुख्य अतिथि महामहोपाध्याय डॉ.हरिशंकर दुबे रहेंगे।

# सर्व ईसाई महासभा की कार्यकारिणी का गठन हुआ




**जबलपुर,देशबन्धु।** सर्व ईसाई महासभा का कार्यकारिणी जेरी पॉल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मान डेविड फ्रांसिस जी के अनुमोदन से एवं प्रदेश अध्यक्ष विनोद चैंबर्स की सहमति से जबलपुर ईसाई का गठन हुआ। जिसमें अध्यक्ष के पद पर पुन:शान कुमार को नियुक्त किया गया एवं संयोजक फ्रांसिस मारियान, सचिव डेन्जिल आंग्रे कोषाध्यक्ष जेरी दयाल, उपाध्यक्ष, रेजीनॉल्ड जैकब सहकोषाध्यक्ष मेशक चौधरी, विशेष सलाहकार पास्टर स्टैनली सुकुमार, पास्टर, वैभव जोशुआ पी राजा बाबू, विधि सलाहकार अधिवक्ता क्रिस्टोफर एंथोनी मिडिया प्रभारी मनोज एंथोनी, कार्यकारी सदस्य पास्टर मनोज पिल्ले, पास्टर नीरज गुप्ता, रविन्द्र कुमार को नियुक्त किया गया एवं सभी के सहमति से जबलपुर युवा मोर्चा अध्यक्ष नोर्बट पॉल को चुना गया एवं युवा मोर्चा सचिव शिमोन सागर को चुना गया।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष सालोमन, प्रदेश महासचिव डेविस समाधानम प्रदेश संघठन मंत्री पास्टर अभिषेक सेमुएल, प्रदेश महिला मोर्चा भावना शर्मा,जबलपुर प्रभारी रोनी साल्वी एनोश, रोहन बब्लू, अर्पित एवं ईसाई समाज के वरिष्ठ जान शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# महाकौशल क्षेत्र में ग्रामीण विकास एवं रोजगार देने वाला बजट : डॉ.देवेन्द्र विश्वकर्मा

**जबलपुर, देशबन्धु।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आठवीं बार बजट प्रस्तुत किया । जिससे केन्द्र सरकार के द्वारा बजट 2025-26 में महाकौशल के युवाओं एवं किसानों को रोजगार एवं कृषि कार्य में एमएसएमई एवं स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार कृषि आधारित उद्योग मजबूत होंगे, महाकौशल के अनुसूचित जाति एवं जनजाति महिलाओं के लिए उद्योग लगाने हेतु सरकार के द्वारा लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त प्रतिक्रिया अर्थशास्त्री डा. देवेंद्र विश्वकर्मा ने व्यक्त की।



उन्होंने कहा कि महाकौशल के किसानों को आप क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 3 लाख से 5 लाख दिये जाएंगे। 10000 मेडिकल कॉलेज की सीट बढ़ाई गई है। इस पर महाकौशल के युवाओं को भी फायदा होगा। स्टार्टअप को10 करोड़ का फंड एवं एमएसएमई को 20 करोड़ के फंड से युवा एवं उद्योग में तेजी आएगी। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए महाकौशल को 150 लाख करोड़ मिलने वाले है इससे महाकौशल का इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास होगा। रिसर्च में 12000 करोड़ से 20000 करोड़ दिये गए हैं पीएच रिसर्च फेलो का लाभ महाकौशल के युवा भी ले सकते हैं।

महाकौशल क्षेत्र में उद्योग एवं रोजगार के आने से मंडला डिंडौरी जिले के महिलाएं अनुसूचित जाति ओर जनजाति के उद्यमियों के लिए नई योजनाओं का ऐलान किया गया जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को जनजाति के उद्यमियों के लिए नई योजनाओं का ऐलान किया गया जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

# पूर्ण विद्युतीकरण की राह पर भारतीय रेल

**जबलपुर, देशबन्धु।** पहिए के अविष्कार के साथ ही दुनिया कई गुना तेजी से आगे बढ़ने लगी। इस रफ्तार को नई दिशा सितंबर 1825 में तब मिली, जब दुनिया की पहली ट्रेन ने अपनी यात्रा शुरू की। इसी क्रम में 28 साल बाद 16 अप्रैल, 1853 को वह दिन भी आया जब भारत में पहली बार ट्रेन चलाई गई। इसके करीब 72 वर्षों बाद 3 फरवरी 1925 ने भारतीय रेल ने एक और अध्याय जोड़ते हुए पहली बार छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ( से कुर्ला, मुंबई तक अपनी यात्रा बिजली से चलने वाली ट्रेन चलाकर नया कीर्तिमान रच दिया। उक्त विचार रेलवे बोर्ड अपर सदस्य डा. जयदीप गुप्ता ने व्यक्त किये। वे रेलवे के इलेक्ट्रिफिकेशन विभाग से जुड़े हैं।



उन्होंने कहा कि अब साल 2025 भारत में रेल विद्युतीकरण के 100 साल पूरे के होने के साथ, भारत अपने ब्रॉड गेज नेटवर्क के 100न विद्युतीकरण के कगार पर है जो भारतीय रेल की उपलब्धियों में एक मील का पत्थर है। यह उपलब्धि भारत में पहली रेल यात्रा के समान ही ऐतिहासिक है तथा भारतीय रेल के विद्युतीकरण में एक सदी की प्रगति का प्रतीक है।

दुनिया में पहली बार रेल संचालन के केवल 28 वर्षों के भीतर भारत में भी रेलगाड़ियां दौड़ने लगीं।

हालांकि, बिजली से चलने वाले इंजनों को अपनाने में भारत को अधिक समय लगा। वर्ष 1879 में जर्मनी में पहली बार इलेक्ट्रिक यात्री ट्रेन चली, लेकिन भारत में यह तकनीक पहुँचने में 46 वर्षों का समय लगा। दुनिया की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 1879 में चलाई गई, जबकि भारत ने 1925 में पहली बार इस सुविधा की शुरुआत की।

बिजली से चलने वाले इंजनों ने बहुत कम समय में अपनी उपयोगिता साबित करने में सफलता हासिल कर ली। ये इंजन अधिक ताकतवर, तेज और कुशल थे।

# नर्मदा प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर 1100 फुट की चुनरी से श्रृंगार आज

## गर्भ ग्रह से आज निकलेगी नर्मदा जी की पादुका



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस 22 वे वर्ष में नर्मदा उमाशंकर चुनरी भक्त समिति के द्वारा 03 फरवरी सोमवार उमाघाट ग्वारीघाट इस पार से गुरुद्वारा घाट उस पार तक शाम 4 बजे 1100 फुट की चुनरी परम पूज्य संतों स्वामी गिरीसानंद, महाराज स्वामी पागलनंद महाराज, स्वामी काली नंद महाराज ,स्वामी इंद्रभान महाराज,स्वामी राम भारती महाराज, स्वामी सुरेंद्र नाथ महाराज, रोहित महाराज के सानिध्य में किया जाएगा।

गर्भग्रह से साल में एक बार नर्मदा जी के पादुका दर्शन दुग्धभिषेक दीपदान महाआरती कन्या पूजन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

उपस्थिति की अपील नर्मदा महा आरती के संस्थापक चुनरी समिति के संरक्षक डा. सुधीर अग्रवाल चुनरी समिति के अध्यक्ष जयकिशन गुप्ता नर्मदापुत्र अमर सिंह ठाकुर ,डॉक्टर सुचित्रा मिश्रा, राकेश अहिरवार, सोनू सैनी, प्रमोद नागर ,सुरेंद्र खरे राजेश साहू, समीर पटेल ,नीतीश पटेल,अतुल विश्वकर्मा,अंकुर श्रीवास्तव, मोनू सोनकर, आशीष वाजपेई, गोलूपुरी गोस्वामी कमल विश्वकर्मा, मनोज कुशवाहा ,एवं कान्यकुब्ज वैश्य महिला मंडल की बहने उपस्थित रहेगी।

## नर्मदा जयंती की संध्या भेड़ाघाट में निर्झरणी उत्साव का आयोजन.

नर्मदा जयंती पर 4 फरवरी की शाम भेड़ाघाट में सांस्कृगतिक महोत्स.व निर्झरणी महोत्स व का आयोजन किया जायेगा। माँ नर्मदा के प्रति धन्यटता के उत्सकव निर्झरणी महोत्स्व का शुभारंभ शाम 6.30 बजे से होगा।

मध्यबप्रदेश शासन के संस्कूति विभाग द्वारा जिला प्रशासन तथा जबलपुर पुरातत्व एवं संस्कृकति परिषद द्वारा आयोजित किये जा रहे इस सांस्कृभतिक महोत्स्व में भोपाल के विक्रम सिंह जिंजोरिया एवं उनके साथियों द्वारा निमाड़ी लोकगायन प्रस्तुत किया जायेगा। सागर की स्वाति यादव एवं उनके सहयोगियों द्वारा नृत्यम नाटिका प्रवाहिनी तथा दमोह के नितिन अग्रवाल एवं उनके साथियों द्वारा भक्ति गायन प्रस्तुतत किया जायेगा।

## महाकाली मंदिर में विशाल भंडारा आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरगंज वार्ड लार्डगंज थाना के पीछे कल्याण मंदिर कछियाना स्थित जय माता महाकाली मंदिर का बंसत पंचमी की पावन बेला के अवसर पर 22 वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम उत्सव के साथ 3 फरवरी 2025 सोमवार को प्राप्त नर्मदा जल से अभिषेक पूर्ण विधि विधान के साथ माता का श्रृंगार किया जावेगा दोपहर 12 बजे माता को विशाल भंडारा का भोग अर्पित कर विशाल भंडारा प्रारंभ होगा और रात्रि 8 बजे तक भूराभूजा मुहल्ला शंकर घी भंडारा से सैकड़ों की संख्या में महिलाऐं बच्चे माता के भक्तों गण द्वारा केक यात्रा में सम्मलित होगें जो शंकर घी भंडार गढ़ा फाटक कालीधाम बड़ी महाकाली मेन रोड होते हुए मोची कुआ कछियाना जय माता मंदिर पहुंचेगी यहां केक कटा कर महाआरती की जाएगी प्रसाद वितरण होगा।

इस आयोजन के अतिथि मप्र शासन के पूर्व केबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया पूर्व विधायक विनय सक्सेना विधायक अभिलाष पांडे महापौर जगत बहादुर अन्नू नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा, युवा समाज सेवी जये घनघोरिया कांग्रेस नेता मनोज नामदेव पूर्व पार्षद चक्रेश नायक आदि अतिथिगण आमंत्रित हैं।

# श्री जिनेन्द्र रथयात्रा से प्रारंभ हुआ पंचकल्याणक महोत्सव

## कुंडलपुर नगरी में हुआ ध्वजारोहण, आज मनेगा गर्भकल्याणक महोत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** पंचमी रविवार 2 फरवरी के शुभ दिन संस्कारधानी में श्री जिनेन्द्र शौभायात्रा से 6 दिवसीय श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का मंगलकारी शुभारंभ हुआ।

प्रात:काल की मंगल बेला पर श्रावकगणों ने बड़ा ?ुआरा स्थित श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय में पूजन कर श्री जिनेन्द्र शौभायात्रा निकाली जिसका सकल जैन समाज ने अभिनदंनं किया जो मंगलगान के साथ घोष करते हुए कुंडलपुर नगरी पहुंची। जहां श्रीजी को विराजमान कर अभिषेक पूजन किया गया पश्चात विविध उदघाटन विधि सम्पन्न कराई गई।

महोत्सव के अध्यक्ष अशोक जैन एवं मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि कुंडलपुर नगरी का उदघाटन श्रीमती अचरजदेवी निहालचंद जैन जयपुर द्वारा एवं ध्वजारोहण विजय बड़जात्या परिवार इंदौर द्वारा किया गया।

प्रतिष्ठा मंडप का उदघाटन जयंत जैन रतलाम एवं श्रीमती हंसा विजय पामेचा जयपुर द्वारा, मंच का उदघाटन श्रीमती अनीता जैन जबलपुर द्वारा किया गया।

विधि अध्यक्ष की प्रतिमा नरेंद्रकुमार जैन परिवार जबलपुर द्वारा एवं श्रीजी को कमल बड़जात्या परिवार मुंबई द्वारा विराजमान किया गया, यागमंडल विधान को कराने का सौभाग्य सुरेश जैन गौरझामर परिवार जबलपुर को प्राप्त हुआ जिसमें मुख्य कलश श्रीमती श्वेता संजय जैन, प्रथम कलश सुरेश जैन गौरझामर परिवार, द्वितीय कलश श्रीमती माया पंडित राजेन्द्रकुमार जैन, तृतीय कलश शिवानी विकास मोदी सागर द्वारा विराजमान किए गए पश्चात भगवान महावीर स्वामी के चित्र का अनवर अजीत पाटनी एवं ताराचंद काला इंदौर एवं गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के चित्र का अनावरण कमलेश भाई टिमवाडिया परिवार राजकोट द्वारा किया गया वहीं जिनवाणी संवर्धन



केंद्र पौननूर मलई का उदघाटन कमलेश भाई टिमबाडिया परिवार राजकोट एवं पंडित अभयकुमार शास्त्री देवलाली, पंडित राजकुमार शास्त्री उदयपुर द्वारा किया गया।

**प्रवचनो का लाभ लिया**-संध्या के समय सभी ने श्री जिनेन्द्र भक्ति की ओर बच्चों ने पाठशाला के माध्यम से जैन दर्शन का पाठ पढ़ा पश्चात गुरुदेवश्री के साथ पंडित अभयकुमार शास्त्री देवलाली के प्रवचनों का लाभ लेकर इंद्र सभा एवं राज सभा में पंचकल्याणक की खुशियां मनाई एवं माता ने 16 स्वप्न देखें जिनका सुंदर प्रदर्शन प्रदर्शन किया गया।

फेडरेशन अध्यक्ष संजय जैन एवं मीडिया प्रभारी नितिन जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव के द्वितीय दिवस आज सोमवार 3 फरवरी को गर्भकल्याणक महोत्सव मनाया जावेगा जिसका शुभारंभ प्रात: 6.30 बजे मंगल प्रभात गीत से होगा, 6.45 से शांति जाप एवं श्री जिनेन्द्र पूजन, 8.15 से शास्त्र स्वाध्याय, 9 बजे से गुरुदेवश्री का सीडी प्रवचन, 9.30 से माताजी जागरण, इंद्र सभा एवं राज सभा, दोपहर 12.30 से गर्भकल्याणक पूजन, 1.30 से शास्त्र स्वाध्याय, 2.15 से द्वितीय शास्त्र स्वाध्याय, 3 बजे से वेदी कलश शिखर शुद्धि घटयात्रा, संध्या 6.15 से श्री जिनेन्द्र भक्ति, रात्रि 7 बजे से शास्त्र स्वाध्याय, 8.30 से माता देवियों की चर्चा एवं 9.30 से ज्ञानायतन के विद्यार्थियों द्वारा आत्मबोध नाटिका का मंचन किया जावेगा।

## ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पूजन होगा श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में बसंत पंचमी के पावन पर्व में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती का पूजन,कलम से सहस्त्रार्चन,पीत पुष्पों से सहस्त्रार्चन वैदिक विद्वान ब्राह्मणों द्वारा ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज श्री के परम सन्निध्य में किया जाएगा।जो दोपहर 1 बजे से प्रारम्भ होगा। ठाकुर राजदीप सिंह, संतोष यादव, मनोज सेन आदि ने उपस्थित की अपील की है।

## बसंत पंचमी के पर युवाओं द्वारा मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** लीला ग्रुप ऑफ बिल्डर्स के द्वारा संचालित ह्.त्.ह्. द्वारा आज मेगा ब्लड कैंप शिविर का आयोजन संजीवनी नगर स्थित रॉयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ। जिसमें तकरीबन 501 यूनिट का रक्तदान युवाओं के द्वारा किया गया । रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान के महत्व को समझते हुए अपने सहयोगी के साथ रक्तदान किया। प्रमुख प्रियांश विश्वकर्मा ने बताया कि रक्तदान करने से अनेकों फायदे होते हैं, हमारे शरीर में नए रक्त बनने की प्रक्रिया तेज होती है साथ ही साथ कैंसर होने की संभावनाएं भी कम हो जाती हैं एवं हमारा रक्त आपातकाल स्थिति में किसी मरीज के लिए अमृत के रूप में काम आता ह ।

उन्होंने बताया कि यह प्रत्येक युवाओं की जिम्मेदारी है कि रक्तदान की जागरूकता को अधिक से अधिक मात्रा में बढ़ाएं ताकि रक्त कोष में कभी भी कमी ना हो। इस अवसर पर बरगी



विधायक नीरज सिंह जी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि रक्तदान शिविरों का आयोजन समय-समय पर होना चाहिए और समाज के हर वर्ग को इसमें हिस्सा लेना चाहिए जिससे सभी का कल्याण हो सके। इस अवसर पर संजीवनी नगर थाना प्रभारी बीएल द्विवेदी, शुभम रजक, दीपक पटेल, अचिंत्य सिंह, पवन रैकवार, अंकित रजक, अनुज विश्वकर्मा, निहार पवार, गौरव कुकरेजा, साहिल खान, रवि सिंह , हर्ष विश्वकर्मा आदि ने प्रमुख रूप से सहयोग किया।

## दरबारे सफ़वी नई बस्ती से निकला बसंत पंचमी जुलूस

**जबलपुर, देशबन्धु।** महान सूफ़ी संत हज़रत अमीर खुसरो की परम्परा का निर्वाह करते हुए खानकाहों में भी बसंत पंचमी पर उत्सव का माहौल रहा। नई बस्ती गोहलपुर स्थित दरबारे सफ़वी से सूफी सरदार हाजी अब्दुल हकीम बाबा की सदारत में बसंत पंचमी जुलूस निकाला गया. मुस्लिम बहुत क्षेत्र में गश्त करते हुए जुलूस दरगाह बहादुर अली शाह मोमिनपुरा में समाप्त हुआ। जहां कव्वाल हज़रात ने कलाम पेश किए। इस मौके पर हज़रत बाबा रहीम उल्ला शाह, खुर्शीद बाबा, मेहमूद बाबा, मुन्ना केवट हकीमी, विनीत अग्रवाल, नीलेश पसारी, पत्रकार तालिब हुसैन, शुभम सैनी, बाबू बाबा आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।






## हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में सुहागले एवं गोद भराई

**जबलपुर, देशबन्धु।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में निशुल्क माघ मास कल्पवास अब से 10 वर्ष से पहले चालू हुआ, कल्पवास के 21 वे दिन 5000 माता बहनों की सुहागले एवं गोद भराई की रस्म किन्नर समाज के द्वारा की गई सभी ने एक स्वर में नशा मुक्ति का संकल्प लिया साथ ही नर्मदा को स्वच्छ रखेंगे दोनों हाथ उठाकर जय कारे लगे।

आश्रम के द्वारा सभी माता को आश्रम के द्वारा सभी माता को मातृशक्तियों को सुहागले चुड़िया बिंदी गुड़ चना पान बूंदी आदि सामान दिया गया।

नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया. ज्ञानेश्वरी दीदी मैत्रि दीदी विद्या भारती अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविंद पंत अमित दवे शरद अग्रवाल किन्नर मंगलामुखी समाज की हीरा दीदी कैट शर्मा बबली तिवारी काजल दीदी खिलौना दीदी राधिका दीदी पूजा दीदी मोना दीदी कामिनी दीदी गोद भराई की रस्में करी।

इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डा. सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉ शिव शंकर पटेल, पं मनमोहन दुबे, पप्पू चौबे श्याम मनोहर पटेल, विनोद दीवान, सुरेश विश्वकर्मा, कैलाश विश्वकर्मा, मोहित तिवारी आदि उपस्थित थे।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 03 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी, नक्षत्र- रेवती।**

**मेष** – आप तन-मन से अस्वस्थ रहेंगे। बुखार, सर्दी या कफ जैसी समस्याएं उत्पन्न होंगी। किसी का भला करने के चक्कर में आप अपना नुकसान कर बैठेंगे।

**वृषभ** – व्यापार में वृद्धि होने के साथ सौदे लाभदायक साबित होंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी। बुजुर्गों तथा मित्र मंडल से लाभ और सुखद क्षणों का अनुभव मिलेगा।

**मिथुन** – शारीरिक और मानसिक सुख बना रहेगा। नौकरी - व्यवसाय में आपके परिश्रम का लाभ मिलता हुआ प्रतीत होगा। अधिकारी के प्रोत्साहन से आपका उत्साह बढ़ेगा। स ेक-

**कर्क** – आज आपके लिए काफी आरामदायक दिन है। हर काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। नौकरी में उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। पदोन्नति होने के योग हैं।

**सिंह** – आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की जरुरत है। बीमारी के कारण मेडिसिन पर खर्च करना पड़ सकता है। क्रोध और वाणी को वश में रखें।

**कन्या** – सामाजिक तथा अन्य क्षेत्रों में ख्याति या सम्मान प्राप्त होगा। नए कपड़े और आभूषण खरीदने में आपकी रुचि हो सकती है। वाहन सुख प्राप्त होगा। भागीदारों के साथ संबंध अच्छे बनेंगे।

**तुला** – आज का आप का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरने वाला है। दोस्तों का साथ जीवन को महकाता रहेगा। नए वस्त्रों की खरीदी होगी।

**वृश्चिक** – आज यात्रा प्रवास का आयोजन न करें। स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। संतान के संबंध में समस्याएं खड़ी होंगी। स्वाभिमान भंग न हो इसका ध्यान रखें।

**धनु** – आज किसी घरेलू मामले को लेकर मानसिक तनाव होने की आशंका है। मन में उठनेवाली दुविधाओं से आप मानसिक उचाट अनुभव करेंगे।

**मकर** – आज आप रणनीति में शत्रुओं को परास्त करेंगे। नए काम के आरंभ के लिए तैयार रहें। सफलता मिलेगी। आपके सभी काम सफल रहेंगे। व्यापार- धंधे में लाभ होगा।

**कुंभ** – मन में दुविधाएं होने से आप कोई ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

**मीन** – आज का दिन आनंद और उत्साह से परिपूर्ण रहेगा। घर में किसी मांगलिक प्रसंग का आयोजन होगा। नए काम का आरंभ करने के लिए शुभ दिन है।

सगे- म.

## श्रीप्रिया मानसी दीदी ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** पचमठा मंदिर सेवक धाम गढ़ा में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत में व्यास पीठ पर विराजमान श्रीप्रिया मानसी दीदी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने पृथ्वी पर धर्म और सत्य की पुन: स्थापना के लिए द्वापर युग में अवतार लिया। भगवान के नामकरण, बालहट, पूतना वध और इंद्र के अभिमान दमन के साथ माखनचोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

उन्होंने बाल्य अवस्था में ही कालिया नाग का मर्दन करके यमुना जी को पवित्र किया, पूतना एवं वकासुर आदि मायावी शक्तियों का अंत किया। इसके बाद गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया।

उन्होंने कहा कि भगवान ने इंद्र का घमंड को तोड़ने के लिए लोगों को गोवर्धन पर्वत की पूजा के लिए लोगों को तैयार किया था जिससे क्रोधित होकर इंद्र में मूसलाधार बारिश कर दी



थी तो भगवान कृष्ण ने अपनी सबसे छोटी उंगली कनिष्ठा पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर गोकुल वासियों को शरण दी थी। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी।

भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु देर तक नाचते रहे। प्रसंग में बताया गया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था।

कथा में महंत कामता शरण जी, गुरु माता ममता शर्मा, श्रीमति राजरानी झा, महेन्द्र सिंह, श्रीमति आरती चौहान द्वारा, श्रीमति किरण चौहान, श्रीमति रुकमणि सोनी, राकेश कुमार सेन श्रीमति रितु सेन, श्रीमान रविन्द्र सिंह, श्रीमति कुसुम चौहान, दीपिका घुसिया, मालती सिंह यजमानों के साथ भक्तगण और नगरवासी उपस्थित हुये।

## अधिकारी कर्मचारी मोर्चा 51 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यालय में धरना देगा




**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी में जबलपुर पधारे अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सतीश शर्मा और सुभाष शर्मा महामंत्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांगों को लेकर सकारात्मक रुख नहीं अपनाती है तो मजबूरीवश 7 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय पर कर्मचारी संगठन प्रदर्शन करेंगे और ज्ञापन देकर सरकार और प्रशासन को 51 सूत्रीय मांगों से अवगत कराकर निराकरण का आग्रह करेंगे।

अगर सरकार ने इसके बाद भी कोई फैसला नहीं लिया तो 16 फरवरी को भोपाल के अंबेडकर जयंती पार्क में प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन किया जाएगा, इस अवसर पर अतुल मिश्रा, एच. पी. उरमलिया , आर पी खनाल, रत्नेश मिश्रा, रजनीश पटेल, प्रवीण सोनी, मूलचंद चौधरी, यूनूस खान, राजीव मिश्रा एस के प्रधान, अजय दुबे, अय्यर, सुनील पटेल, नितिन अग्रवाल, उमाचरण झारिया, राजकुमार यादव आदि मौजूद थे।

## कर्मचारियों को दी जाए ओल्ड पेंशन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वर्ष 2005 से प्रदेश में नेशनल पेंशन सिस्टम एन पी एस व्यवस्था लागू है जिसके स्थान पर वर्तमान में केंद्र द्वारा यूनिफाइड पेंशन स्कीम यू पी एस व्यवस्था लागू की जा रही है उसी की तर्ज में राज्य सरकार भी इस योजना को लागू करना चाह रही है।

दोनो ही पेंशन स्कीम में कर्मचारियों का नुकसान है । जहा एक ओर एन पी एस शेयर मार्केट पर जीवित है वही दूसरी ओर ओपीएस कर्मचारी फंड पर जीवित है देखा जाए तो दोनो पेंशन स्कीम में कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान है। यह स्कीम राज्यों द्वारा लागू किया जाना या नहीं किया जाना राज्य शासन के निर्णय पर आधारित है। प्रदेश सरकार से कर्मचारियों की अपील है की इन दोनो पेंशन को आत्मसात ना करते हुए पुरानी पेंशन स्कीम कर्मचारियों के हित में लागू की जाए।

संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग करता है की प्रदेश के पूर्व की भाती पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाए।

संगठन के रॉबर्ट मार्टिन, जयिाउर्रहीम, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, राजेश सहारिया, दिनेश गोंड, एनोस विक्टर, फिलिप अन्थोनी, राजकुमार यादव, दीपेश जैन, मनमोहन चौधरी, विनय रामजे, सुनील झारिया, उमेष ठाकुर, धनराज पिल्ले, क्रिस्टोफर नरोन्हा, रवि जैन, सुधीर पावेल, गोपीषाह, रऊफ खान, मक़सूद अहमद क़ादरी, समर सिंह ठाकुर, मनीष मिश्रा , मनीष झारिया, त्रिलोक सिंह, आर. पी. खनाल, एस बी रजक, अनूप डाहट, निलेष खरे, अषोक परस्ते,महेंद्र प्रधान, योगेश ठाकरे, वीरेंद्र श्रीवास, समर सिंह ठाकुर, धर्मेन्द्र गुप्ता, चैतन्य कुसरे, मान सिंह मारको, चन्द्रभान, आदेष विष्वकर्मा, नितिन तिवारी, आषीष कोरी आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री राजपाल सचदेवा**- रसल चौक के निकट निवासी श्री राजपाल सचदेवा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती पद्ममिनी अम्मा**- प्रियदर्शिनी कॉलोनी डुमना रोड निवासी श्री वीवीएस नायर की धर्मपत्नी श्रीमती पद्ममिनी अम्मा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश रजक**- नारायण चौक लालमाटी निवासी श्री रजक रजक (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कलावती पटेल**- कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री रामसिया पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती पटेल (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वीरेंद्र चौधरी**- वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री रमेश चौधरी के पुत्र श्री वीरेंद्र चौधरी (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गनेश सिंह**- अधारताल धनी कुटिया के पास निवासी श्री गनेश सिंह (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनीष बंशकार**- शीतलामाई निवासी श्री जगदीश बंशकार के पुत्र श्री मनीष बंशकार (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भूपत सिंह ठाकुर**- लमती करमेता निवासी श्री भूपत सिंह ठाकुर (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कांति कुमारी राय**- सैनिक सोसायटी डुमना तिराहा निवासी श्री सच्चिदानंद राय की धर्मपत्नी श्रीमती कांति कुमारी राय (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री एमवी कृष्णन नायर**- दत्त चड्डा एनक्लेव साउथ सिविल लाइन निवासी श्री एमवी कृष्णन नायर (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छेदी लाल लड़िया**- नई बस्ती ग्वारीघाट निवासी श्री छेदी लाल लड़िया (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# एनएसयूआई कार्यकर्ता की गिरफ्तारी के विरोध में धरने पर बैठे पूर्व मंत्री

## पुलिस, क्राइम ब्रांच पर बर्बरता का आरोप, रादुविवि में आरएसएस प्रतिबंधित करने किया था प्रदर्शन

**जबलपुर,देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) को प्रतिबंधित करने की मांग को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा किए गए प्रदर्शन करने पर एनएसयूआई छात्र नेता की सिविल लाइन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस गिरफ्तारी को लेकर बीती देर रात थाने में पहले छात्र नेताओं बाद में कांग्रेस जनों ने प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही रात करीब 3 बजे पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया ने भी थाने पहुंचे और गिरफ्तारी के विरोध में धरने पर बैठ गए।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा रादुविवि में कथित तौर पर पोस्टर लगाए जाने को लेकर सिविल लाइन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में श्री घनघोरिया कार्यकर्ताओं के साथ सिविल लाइन थाना के बाहर धरना देकर बैठे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने करीब दो घंटे तक पुलिस के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन किया।

**जबरन थाने में बैठाने का आरोप**

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का कहना था कि सिविल लाइन थाना में करीब दो घंटे तक जबरन बैठाकर रखा। जबकि संविधान के अनुरुप कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन पुलिस ने बर्बरतापूर्वक तरीके से उन्हें घरों से उठाकर गिरफ्तार कर लिया, जैसे वे लोग कोई अपराधिक प्रवृति के हों। थाने पहुंचे श्री घनघोरिया ने कहा कि छात्रों के साथ पुलिस का अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्र नेता अपनी सिद्धांतों को लेकर एक जायज पोस्टर लगाकर प्रदर्शन कर रहे थे। यह अधिकार सभी को संविधान में दिया है लेकिन पुलिस ने





कथित तौर पर सत्ताधारी दल के इशारे पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया। श्री घनघोरिया ने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के साथ खड़ी है। उन्होने कहा कि तानाशाही रवैया अपनाते हुए कार्रवाई की है तो सरकार को सड़क पर अब कांग्रेस से लडना पड़ेगा।

**रादुविवि प्रबंधन ने दी लिखित शिकायत**

वहीं गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जो भी कार्रवाई की गई है वह जायज है। रादुविवि की ओर से सिविल लाइन थाने में लिखित शिकायत दी गई थी, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने एनएसयूआई के कुछ कार्यकर्ताओं के खिलाफ जमानती धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी उन्हें थाने से जमानत देकर छोड़ दिया है.

**आरएसएस प्रतिबंधित करने की मांग**

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव नीलेश महार और अमित मिश्रा को कथित तौर पर पुलिस प्रशासन ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए तानाशाही पूर्वक आधी रात को गिरफ्तार किया। क्राइम ब्रांच की टीम ने रादुविवि परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को बैन करने संबंधी पोस्टर लगाए जाने के मामले में हिरासत में लिया। क्राइम ब्रांच की टीम उन्हें पहले गोरखपुर थाने लेकर गई थी लेकिन फिर वहां से सिविल लाइन थाने लेकर चली गई। मामले की जानकारी मिलने पर एनएसयूआई कार्यकर्ता भी सिविल लाइन थाने के बाहर एकत्रित हो गए हैं। सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री घनघोरिया भी थाने पहुंचे और धरने पर बैठ गए इस दौरान उनकी पुलिस से तीखी नोक झोंक भी हुई। एनएसयूआई ने जबलपुर क्राइम ब्रांच पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दमन का आरोप लगाया।

**मेरे साथ हुई बर्बरता: महार**

पीड़ित एनएसयूआई महासचिव नीलेश महार ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पुलिस ने बर्बरता पूर्वक दमन करते हुए उन्हें उनके घर से जबरन उठाया। उनका अपराध केवल इतना था कि उन्होंने रादुविवि में एक ऐतिहासिक तथ्य को लेकर बैनर एवं पोस्टर लगाए थे। जिसमें 2 फरवरी 1948 को तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा आएसएस पर प्रतिबंध लगाए जाने का उल्लेख था। यह घटना न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों का खुला उल्लंघन भी है। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्र रूप से अपने विचार रखने और अभिव्यक्ति का अधिकार प्रदान करता है लेकिन जबलपुर प्रशासन द्वारा इस अधिकार को कुचलने का प्रयास किया गया।

# नर्मदा प्राकट्योत्सव पर्व पर ऐसी होगी यातायात व्यवस्था

## बनाई गई ग्वारीघाट, भेड़ाघाट, तिलवाराघाट की यातायात, डायवर्सन एवं पार्किंग व्यवस्था

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 4 फरवरी को नर्मदा प्राकट्योत्सव पर्व पर अत्याधिक संख्या मे श्रद्धालुगण ग्वारीघाट/तिलवाराघाट/भेड़ाघाट में माँ नर्मदा के पूजन अर्चन एवं स्नान आदि के लिये पहुंचेंगे। जिसे ध्यान मे रखते हुये पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्ग दर्शन में चाक-चौबंद व्यवस्था लगाई जा रही हैं।

**ग्वारीघाट में ऐसी होगी व्यवस्था**

ग्वारीघाट में डायवर्सन व्यवस्था के अनुसार मेट्रो बसों के अलावा सभी प्रकार के भारी वाहन/लोडिंग वाहन आदि रामपुर चौक तक ही जा सकेंगे। इस दौरान ग्वारीघाट पहुंच मार्ग पर सभी प्रकार के दो पहिया/चार पहिया वाहन रामपुर चौक से बिग बाजार, सुखसागर वैली से होते हुये जायेंगे। जो अवधपुरी मोड़ से बायें डायवर्ट होकर अवधपुरी कालोनी होते हुए आयुर्वेदिक संस्थान पार्किंग परिसर (दशहरा मैदान) गेट नम्बर 1 से प्रवेश करेगें एवं दशहरा मैदान में ही पार्क होगें। इस दौरान बिलहरी, तिलहरी, मण्डला रोड तरफ से आने वाले वाहन तिलहरी ग्राम, कालीधाम, भिटौली कुण्ड होते हुये गीताधाम के सामने ग्राउन्ड में पार्क होगें।

**यह होगा वापसी मार्ग**

सभी प्रकार के वाहन दशहरा मैदान से, आयुर्वेदिक संस्थान मेन गेट से होते हुये, गीताधाम, मरघटाई मोड, भिटौली कुण्ड, कालीधाम, छिवला ग्राम, तिलहरी ग्राम, जेडाक्स कॉलेज होते हुये तिलहरी क्रासिंग, बिलहरी की ओर जायेंगे कोई भी वाहन पुराना रेल्वे स्टेशन, झण्डा चैक की ओर नहीं जाने दिया जावेगा।

**सवारी वाहनों के लिए व्यवस्था**-इस दौरान मेट्रो बसें रामपुर चौक से खंदारीनाला से साउथ एवेन्यू मॉल (बिग बाजार) तक ही जा सकेगी। यहां श्रद्धालुओं को छोड़कर इसी मार्ग से वापस जावेंगी लेकिन किसी भी स्थिति में मेट्रो बसें रामपुर से बिग बाजार तक न तो बीच रास्ते में सवारियों बैठायगी, न उतारेंगी अर्थात् रोड पर नहीं रूकेगी। समस्त सवारी आटो/आपे रामपुर चौक, बिगबाजार से रेतनाका तक जा सकेंगे तथा सवारियों को उतारकर इसी मार्ग से वापस रेतनाका, बिगबाजार, रामपुर चौक होकर वापस जावेंगें लेकिन किसी भी स्थिति में आटो/आपे रामपुर से रेतनाका तक न तो बीच रास्ते में सवारियां बैठायगी, न उतारेंगी अर्थात् रोड पर नहीं रूकेगी। अत्याधिक भीड़ भाड़ होने पर सवारी आटो/आपे साउथ एवेन्यू मॉल (बिग बाजार) तक ही जा सकेगें।




**रामलला मंदिर से ग्वारीघाट तक नो व्हीकल जोन**-4 फरवरी को आम जनता तथा श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा की दृष्टि से रामलला मंदिर से झण्डा चैक, साकेत धाम, बर्मन मोहल्ला, जिलहरी मोड, आयुर्वेदिक संस्थान के सामने तथा ग्वारीघाट के आसपास वाले सभी गलियों को नो व्हीकल जोन बनाया जावेगा। नो व्हीकल जोन में रहने वाले ग्वारीघाट निवासियों से अपील की गई है कि आम जनता के हित के लिये एवं स्वयं की असुविधा से बचने के लिए स्वयं के दो पहिया/चार पहिया वाहनों को उक्त मार्ग पर न निकाले और न ही वाहनों को आम रोड पर खड़ा करें।

गोराबाजार, बिलहरी, तिलहरी, अथवा बरेला की ओर से आने वाले सभी प्रकार के लोडिंग वाहन तिलहरी मोड से भिटौली होकर काली धाम या ग्वारीघाट वाले रास्ते से नहीं आ सकेंगे। दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किग के लिए जिन स्थलों का चयन किया गया हैं आयुर्वेदिक संस्थान स्थित दशहरा मैदान और दूसरी पार्किंग गीताधाम के सामने मैदान में होगी। यह व्यवस्था 3 फरवरी की रात से प्रभावशील होगी।

**भेड़ाघाट के लिए यातायात व्यवस्था**-भेड़ाघाट की यातायात व्यवस्था के तहत डायवर्सन व्यवस्था के अनुसार सगड़ा बाईपास की ओर से जाने वाले वाहन-मेट्रो बसों के अलावा सभी प्रकार के भारी वाहन/लोडिंग वाहन चौकीताल बाईपास से भेड़ाघाट मार्ग की ओर नहीं जा सकेंगें। सगड़ा बाईपास की ओर से आने वाली मेट्रो बसें एवं सवारी आटो/आपे चौकीताल से लम्हेटाघाट होकर भेड़ाघाट हाई स्कूल भड़पुरा तिराहा तक ही जा सकेंगें।

भेड़ाघाट चौराहे की ओर से जाने वाले वाहन मेट्रो बसों के अलावा सभी प्रकार के भारी वाहन/लोडिंग वाहन सरस्वतीघाट मार्ग की ओर नहीं जा सकेंगें। भेड़ाघाट चौराहे की ओर से आनी वाली सभी मेट्रो बसों एवं सवारी आटो/आपे भेड़ाघाट जनपद पंचायत मैदान तक ही जा सकेगें। यहां पार्किंग व्यवस्था दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए भेड़ाघाट चौराहे से आने वाले वाहनो के लिए समस्त बड़े वाहनों हेतु भेड़ाघाट पुलिस लाईन पार्किंग मैदान एवं दो पहिया/हल्के चार पहिया वाहन हेतु हरे कृष्ण आश्रम के सामने एवं जनपद पंचायत भेड़ाघाट पार्किंग में दो पहिया/हल्के चार पहिया वाहन हेतु हेलीपेड मैदान में की गई हैं।

**तिलवारा घाट की यातायात व्यवस्था**


तिलवारा घाट की यातायात व्यवस्था (ट्रैफिक प्लान) में डायवर्सन व्यवस्था शहर से आने वाले सभी प्रकार के बड़े/मध्यम वाहन त्रिपुरी चौक, मेडीकल, शास्त्रीनगर से सगड़ा तिराहे तक जा सकेगें। इसके बाद दाहिने टर्न होकर सगड़ा बाईपास होकर जावेगें। सिवनी तरफ से आने वाले सभी प्रकार के बड़े/मध्यम वाहन तिलवारा पुल से शहर की तरफ नहीं जा सकेंगें आगे बढ़कर सगड़ा बाईपास से सगड़ा चौराहा, शास्त्रीनगर, मेडीकल होकर जाएंगें। यहां पार्किंग के लिए दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग स्थल लिटिल वर्ल्ड स्कूल मैदान पार्किंग एवं तिलवारा नया पुल के नीचे पार्किंग की व्यवस्था की गई हैं।

## पति, सास, ससुर एवं देवर के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरगी थानांतर्गत एक नवविवाहिता की संदेहास्पद परिस्थितियों में मृत्यु के मामले में उसे प्रताड़ित करने के आरोप में आरोपी पति, सास, ससुर देवर के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। सीएसपी बरगी सुनील कुमार नेमा ने बताया कि थाना बरगी में 13 जनवरी को पवन चौधरी उम्र 42 वर्ष निवासी कालादेही ने सूचना दी थी कि उसकी बेटी चांदनी चौधरी की शादी वर्ष 2023 में आरोपी विकास चौधरी से हुयी थी। आरोपी विकास चौधरी पनागर में रहता है। पवन की बेटी चांदनी को मेडिकल अस्पताल में बेटी हुई थी। जिसके बाद ससुराल वाले बेटी को ले गये, बेटी चांदनी ने फोन कर बताया था कि उसे ससुराल से ले जाओ तबियत ठीक नही है। सूचना पर पवन बेटी को कालादेही लेकर आया। तबियत ज्यादा खराब होने से रात में अपैक्स अस्पताल मे इलाज हेतु भर्ती कराया। 13 जनवरी को सुबह बेटी 22 वर्षीय चांदनी चौधरी की मृत्यु हो गयी है। सूचना पर मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में लिया गया। मर्ग की जांच के दौरान मृतिका मूलतः गरदा उमरिया निवासी चांदनी चौधरी के मायके पक्ष के कथन लिये गए। जिसमें चांदनी को पति विकास चौधरी, सास कलावती, ससुर लक्ष्मन एवं देवर साहिल चौधरी चारों आरोपियों के विरूद्ध धारा 85, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# जमीन खरीदने का सौदा कर 20 लाख की धोखाधड़ी

**जबलपुर,देशबन्धु।** भेड़ाघाट थानांतर्गत भूमि विक्रय का अनुबंध कर 20 लाख रूपये लेकर हडपने के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामला विवेचना में लिया हैं। पुलिस के अनुसार इस मामले में थाना भेडाघाट में सदर कैंट, गली नंबर 16 निवासी अमित पटेल ने लिखित शिकायत की थी। शिकायत में अमित ने आरोप लगाया कि आरोपी श्रीमति जमुना बाई तिवारी उर्फ जमना बाई ने अपनी एक जमीन ग्राम बिलखरवा. प.ह.न.56 पुराना, नया प.ह.न.47. रा.नि.म. 02. तहसील शहपुरा, जिला जबलपुर में स्थित कृषि भूमि का ख.न. 82 के कुल रकबा 1.0400 हे. में से रकवा 0.20 हे. कृषि भूमि यानि लगभग 22000 वर्गफुट को 20 लाख 40 हजार रूपये में बेचने का रजिस्टर्ड विक्रय अनुबंध किया था। आरोपी श्रीमति तिवारी ने वर्ष 2019 से आपसी बातचीत के तहत अपने पुत्र आरोपी ब्रजेश तिवारी के खाते में यह कहकर राशि लेती रही है कि उसका खाता नहीं हैं और उसके पुत्र के खाते में जरूरत के अनुसार रूपये जमा करवा लेती थी। आरोपी श्रीमति तिवारी ने बयाने के रूप में 20 लाख रूपये प्राप्त कर 5 सितंबर 2022 को गवाहों के समक्ष रजिस्ट्रार कार्यालय जबलपुर में विक्रय अनुबंध पत्र पंजीयन कराकर निष्पादित किया गया। अतिम ने शिकायत में कहा कि आरोपी श्रीमति तिवारी पति स्व. कोमल प्रसाद तिवारी उम्र लगभग 70 वर्ष आरोपी ब्रजेश तिवारी पिता स्व. कोमल प्रसाद तिवारी, आरोपी पवन तिवारी पिता सुरेश प्रसाद तिवारी सभी निवासी-61, बिजली खम्भा के पास एवं म.न. 87, ग्राम बिलखिरवा. आमहिनौता, ने 5 सितंबर 2022 को सामुहिक रूप से रजिस्ट्रार कार्यालय में उपस्थित होकर संपूर्ण राशि प्राप्त करने जिसमें कुछ राशि बैंक के माध्यम से प्राप्त करने तथा लगभग 7 लाख 50 हजार रूपये नगद प्राप्त करने एवं पूर्व में 2-2 लाख रूपये के दो चैक स्वयं प्राप्त कर उक्त अनुबंध पत्र 11 माह के लिये पंजीयन कराया गया।




**11 माह बाद नहीं कराया पंजीयन**

अमित के द्वारा 11 माह बाद अनेकों बार सभी से विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु निवेदन किया लेकिन सभी आरोपियों के द्वारा हमेशा टाल मटोल किया जाता रहा एवं पंजीयन कराने मे हीलाहवाली की जा रही है। जिसके उपरांत उक्त खसरे की नकल निकालवायी तब ज्ञात हुआ कि उक्त विवादित भूमि में से कुछ भूमि भारतीय स्टेट बैंक शाखा भेड़ाघाट में बंधक रखी हुई हैं। तथा यह भी ज्ञात हुआ कि आरोपी श्रीमति तिवारी द्वारा षडयंत्रपूर्वक 5 सितंबर 2022 के विक्रय अनुबंधित जमीन पत्र निष्पादित करने के पूर्व ही 23 अगस्त 2022 को अपनी पुत्री श्रीमति सावित्री तिवारी एवं अपने पुत्र धर्मेन्द्र तिवारी के नाम वसीयत कर चुकी है। जिस बात को छुपाकर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर दूसरे खसरे को दिखाते हुए जालसाजी तरीके से धोखा देते हुए 20 लाख रूपये प्राप्त कर अब उक्त जमीन को विक्रय करने में हीला हवाली कर रहे है। तथा उक्त जमीन दूसरे व्यक्ति को छलपूर्वक बेचने की फिराक में हैं।

**दिया झूठा आश्वासन**

पीड़ित अमित ने शिकायत में कहा कि इसके बाद श्रीमति तिवारी से पंजीयन कराने हेतु संपर्क करने पर उनके द्वारा उक्त भूमि का पंजीयन 30 अक्टूबर 2023 को कराने का आश्वासन दिया और कहा कि वे रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंच जाएंगी लेकिन नियत दिन आरोपी श्रीमति तिवारी न ही रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंची और न ही किसी प्रकार का कोई जवाब दिया। जिससे स्पष्ट होता है कि श्रीमति तिवारी की मंशा उक्त विक्रय पत्र निष्पादित करने की नहीं है दी हुई राशि को हडपने की नियत है। इसके साथ ही बैंक से जानकारी ली गयी तब यह ज्ञात हुआ है कि दो चैक 2-2 लाख रूपये स्वयं का श्रीमति तिवारी को दिया था उसे 6 सितम्बर एवं 7 सितम्बर 2022 को आरोपी पवन तिवारी द्वारा षडयंत्रपूर्वक उक्त राशि बैंक से निकाल लिया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया इस विषय में चर्चा करने पर आरोपी श्रीमति तिवारी व पुत्र गिरजेश तिवारी तथा नाती पवन तिवारी द्वारा लड़ाई-झगडा एवं गाली गलौज पर उतारू हो जाते हैं और कहते है कि उसके पक्ष में उक्त जमीन विकय पत्र निष्पादित नहीं करेंगे, यदि फिर कभी पैसे मांगने आये तो जान से मरवा देंगे और नहीं तो उसके ऊपर छेड़छाड़ करने का प्रकरण दर्ज करा देंगे।

**जांच के बाद प्रकरण दर्ज**

पुलिस ने शिकायत जांच में पाया कि आरोपी जमुना बाई तिवारी, गिरजेश तिवारी एवं पवन तिवारी द्वारा विक्रय अनुबंध पत्र से संबंधित ग्राम बिलखरवा स्थित खसरा नंबर 82 रकबा 0.20 हैक्टेयर कृषि भुमि 22,000 वर्गफुट की रजिस्ट्री करने के संबंध मे एक राय होकर विश्वास दिलाकर कपटपूर्वक एवं छल कर रजिस्टर्ड अनुबंध पत्र के पूर्व नगद एव चैक तथा आरटीजीएस के माध्यम से 20 लाख रुपये ले लिये है। आरोपियों द्वारा 5 सितंबर 2022 को भू-स्वामी आरोपी जमना बाई तिवारी ने अमित पटेल को उपरोक्त जमीन विक्रय करने संबंधी उप रजिस्टार कार्यालय जबलपुर मे विक्रय अनुबंध पत्र तैयार कराया किंतु विक्रय अनुबंध पत्र से सबंधित भुमि की रजिस्ट्री नही की न ही लिये हुये 20 लाख रुपये वापस कर रहे है। जांच पर थाना भेड़ाघाट में शनिवार को जमना उर्फ जमुना बाई तिवारी, गिरिजेश तिवारी एवं पवन तिवारी के विरुद्ध धारा 316 बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।



## ट्रक के अचानक ब्रेक लगने से टकराई कार, एक मृत

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरगी रोड पर बीती देर रात तेज गति से जा रहे ट्रक चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने के कारण पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार इस तरह टकराई कि न सिर्फ कार के परखच्चे उड़ गए बल्कि कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार बरगी थानांतर्गत बरगी रोड पर बीती रात शिवानी ढ़ाबे के पास एक ट्रक के अचानक ब्रेक लगने से पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 5214 उससे पीछे से टकरा गई। ट्रक चालक द्वारा लापरवाही से ब्रेक लगाए जाने की वजह से हुए हादसे में टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए एवं कार चालक स्टेशन रोड बरगी निवासी आनंद राय की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार स्टेशन मृतक श्री राय अपनी कार जबलपुर किसी काम से गए थे। जहां से रात को घर के लिए रवाना हुए, जब वे शिवानी ढाबा बरगी की ओर बढ़ रहे थे तभी आगे जा रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे आनंद संभल नहीं पाए और कार, ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। राह चलते लोगों सहित आसपास के लोग पहुंच गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आनंद को बाहर निकाला। घटना के बाद इस रोड पर जाम के हालात निर्मित हो गए थे। दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लगी रही। पुलिस ने खासी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाया, इसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरु हो सकी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है।

## 20 रुपए की चाट के लिए जानलेवा हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरेला थानांतर्गत समाधि रोड पर चाट की दुकान 20 रुपए की चाट के पैसे मांगने पर एक आरोपी ने दुकानदार पर न सिर्फ जानलेवा हमला कर दिया बल्कि उसके बीच बचाव में उसके पिता से भी मारपीट कर दी। मामले में पीड़ित पिंडरई निवासी 24 वर्षीय प्रदुम्य यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

रिपोर्ट में प्रदुम्य ने पुलिस को बताया कि वह चाय की दुकान चलाता हैं। शनिवार को प्रदुम्य ने अपने पिता मिथलेश यादव के साथ समाधि मेला में चाट की दुकान लगाई थी। इसी दौरान सुहागी निवासी आरोपी लकी पटैल उसकी चाट दुकान में चाट खाया और पैसे दिये बिना जाने लगा। प्रदुम्य ने चाट के 20 रूपये मांगे तो रूपये देने से मना कर उसके पिता के साथ गाली गलौज करने लगा। प्रदुम्य ने गालियां देने से मना किया तो आरोपी लकी ने प्रदुम्य की गर्दन को पीछे से पकड़ लिया और कमर एवं बाई जांघ में चाकू से जान से मारने नियत से मारकर चोट पहुंचा दी। उसके पिता मिथलेश यादव बीच बचाव करने लगे तो लकी पटैल ने उसके पिता के साथ भी मारपीट कर नाक मुंह हाथ पैर में चोट पहुंचा दी। रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 351(2), 109 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एसपी सम्पत उपाध्याय द्वारा घटना को गम्भीरता से लेते हुये आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किये जाने पर एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं डीएसपी ग्रामीण आकांक्षा उपाध्याय के मार्गनिर्देशन में टीआई बरेला विजय कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गयी।


## नवविवाहिता के साथ दहेज के लिए मायके पहुंच कर मारपीट

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिहोरा थाना पुलिस ने एक नवविवाहिता की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना के आरोप में उसके पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार इस संबंध में नवविवाहिता मूलतः ग्राम बंधा हरदुआ निवासी 30 वर्षीय मानसी पाण्डे ने रविवार को शिकायत दी। शिकायत में मानसी ने बताया कि उसका विवाह 29 अप्रैल 2018 को पाण्डव नगर, थाना सुहागपुर जिला शहडोल निवासी 40 वर्षीय पंकज पाण्डे के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुई थी। शादी के समय मानसी के पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार 3 लाख रूपये नगद एवं टीवी, सोफा, पलंग, वाशिंग मशीन, कूलर फ्रिज, अलमारी तथा सोने की चैन, अंगूठी तथा गृहस्थी का अन्य सामान दिया था। शादी के बाद मानसी लगभग एक वर्ष तक ससुराल में अच्छे से रही। उसके बाद मानसी से उसके पति पंकज पाण्डे ने कहा कि उसके माता पिता ने मोटरसाइकिल देने के लिये कहा था लेकिन अभी तक नहीं दिये। मानसी से मोटर सायकल के लिए डेढ़ लाख रूपये अपने पिता से मांग कर लाने की बात कही गई। मानसी के मना करने पर पति उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। उसने माता पिता को घटना की बात बताई तो उसके पिता ने पति को नगद डेढ़ लाख रूपये दे दिये थे। इसके बावजूद भी आरोपी पति आये दिन पैसे की मांग करके परेशान करता रहा। मानसी का 2 वर्ष का एक बेटा है, बच्चे के पैदा होने के बाद पति और प्रताड़ित करने लगा तथा मारपीट करता था। लगभग एक माह पहले मानसी के साथ पैसे की मांग को लेकर उसके पति ने मारपीट की तो मानसी अपने पति के घर से अपने मायके पिता विजय पाठक के घर हरदुआ आ गयी थी। 28 जनवरी को दोपहर लगभग 3 बजे पति पंकज पाण्डे उसके मायके ग्राम हरदुआ आया और रात मे रुका और 29 जनवरी को सुबह लगभग 10 बजे उससे उसके जेवर मांगने लगा। मानसी ने कहा कि जेवर तो उसने पहले ही बेच दिये हैं। इस पर पति कहने लगा कि तुम्हारे भाई ने कार खरीदी हैं उसे भी कार चाहिये। मानसी ने कहा कि उसके पिता के पास इतने पैसे नहीं है इसी बात पर मानसी के साथ उसके पति ने गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्कों से मारपीट कर हाथ कान, गाल में चोटे पहुंचा दी। उसके माता-पिता, भाई एवं अन्य लोगों ने बीच बचाव किया। शिकायत पर धारा 85, 115(2) बीएनएस तथा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## 16 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाई

**जबलपुर,देशबन्धु।** खितौला थानांतर्गत ग्राम पहरेवा निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी ने रहस्यमय परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को किशोरी के चचेरे भाई 26 वर्षीय आकाश पटैल ने बताया कि बीती शाम लगभग 6-30 बजे संध्या झारिया निवासी पहरेवा ने फोन कर बताया कि उसके चाचा विजय पटैल के घर से चाची की रोने की आवाज आ रही हैं। मोहल्ले के लोग भी हैं सृष्टि पटेल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैं। सूचना पर आकाश पहरेवा में चाचा के घर पहुंचा तो देखा घर मे भीड़ लगी थी। अंदर जाकर देखा तो 16 वर्षीय सृष्टि साड़ी का फंदा बनाकर मकान की म्यारी से बांधकर फांसी लगाई हुई थी जिसकी मृत्यु हो चुकी थी।

# कुंभ स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की जीप खाई में गिरी, 7 घायल



**रीवा देशबन्धु।** प्रयागराज से श्रद्धालुओं को लेकर आ रही तेज रफ्तार जीप अनियंत्रित होकर पहाड़ से करीब 100 फिट नीचे गिर गई। इस हादसे में जीप में सवार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया। घटना हनुमना थाने के पिपराही पहाड़ की बताठ जा रही है। सीधी जिले के अमिलिया से परिवार कुंभ स्नान करने प्रयागराज गया हुआ था। वहां गंगा स्नान कर सभी लोग वापस अपने घर लौट रहे थे। रविवार की दोपहर करीब तीन बजे उनकी गाड़ी जैसे ही हनुमना थाने के पिपराही पहाड़ के समीप पहुंची तभी अचानक चालक नियंत्रण खो बैठा। इस दौरान तेज रफ्तार जीप अनियंत्रित होकर पहाड़ से करीब 100 फिट नीचे जा गिरी। उसमें 7 लोग सवार थे जो हादसे में घायल हो गए। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। गाड़ी में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया जिनको तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया।

घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायलों सखरजुआ दुबे पति नादवराम दुबे 60 वर्ष सावित्री द्विवेदी पति विष्णु द्विवेदी, नीलू द्विवेदी पति प्रेमलाल द्विवेदी, रितु द्विवेदी पिता प्रेमलाल द्विवेदी, ललिता द्विवेदी पति राजेन्द्र द्विवेदी, देवीदीन, राजेन्द्र द्विवेदी

## बहरी थाना के बारी गांव के निवासी है सभी घायल

पिता नायराज द्विवेदी सभी निवासी बारी शामिल है। प्रारंभिक जांच में हादसे के कारण सामने नहीं आए है। आशंका जताई जा रही है कि ब्रेकफेल होने की



वजह से यह हादसा हुआ है।

**हादसे में घायल कुंभ यात्री की मौत**

हादसे में घायल कुंभ यात्री की मौत हो गई। महाराष्ट्र के पूणे से कुंभ यात्री गंगा स्नान करके वापस अपने घर जा रहे थे। मनगवां के समीप उनकी कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई थी जिससे उसमें सवार लोग घायल हो गए। इस हादसे में आजाद सिंह पिता महुआरी सिंह 65 वर्ष निवासी पूनावाली जिला पूना की मौत हो गई। वहीं अन्य घायलों का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# टिमरी कांड के हत्यारों को फांसी की सजा की मांग, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**बरेला, देशबन्धु।** जबलपुर जिले के पाटन विधानसभा के टिमरी ग्राम में विगत दिवस ब्राह्मण परिवार के चार नवयुवकों की निर्मम हत्या कर मौत का तांडव किया गया। मौन सभा में वक्ताओं ने जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि शासन प्रशासन को अपराध रोकने सक्त निर्देश दें। महेश मानव, सुभाष चौरसिया,सोनू सोनकर, सतेन्द्र गर्ग, आशीष जैन, रजनीश पांडे,मोनेश साहू,प्रतीक दुबे, आशीष शुक्ला, विपिन झारिया, डालचंद विश्वकर्मा, दिनेश सोनी पहलाद चोकसे ने कहा कि अपराधियों को फांसी की सजा होनी चाहिए।

कार्यक्रम संचालक अरविन्द तिवारी ने मौन रखवाकर जीव आत्मा को शांति प्रदान करने प्रार्थना की।इस अवसर पर उमाशंकर उपाध्याय, आलोक दुबे, योगेश दुबे,ज्ञानू प्यासी, गोल्डी दुबे, शैलेन्द्र दुबे, राजेश केशवानी,खुब्बीलाल पटेल,माधव शर्मा,सरमन पटेल, मुनि विश्वकर्मा, महाकाल दत्त, राजकुमार गौटिया, मिथलेश तिवारी, संजय दुबे, रामजी रैकवार,शेख सलीम, सुखदेव झारिया,बृज बर्मन, सहित सेंकड़ों नागरिक उपस्थित रहे।

## सार-समाचार



### पीएमश्री स्कूल सालीवाडा में कॅरियर मेला आयोजित

**बरेला, देशबन्धु।** पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाडा जबलपुर में मध्य प्रदेश शासन लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार कैरियर मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती आभा वानखेडे ने विभिन्न महाविद्यालयों से आए हुए कैरियर काउंसलरों का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षक ध्रुव गुलहानी ने कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

तत्पश्चात सेंट एलोयशियस, हितकारणी इंजीनियर, महात्मा गांधी नर्सिंग, महाकौशल यूनिवर्सिटी, मंगलायतन, सुभाष चंद्र बोस नर्सिंग महाविद्यालय से आए हुए करियर काउंसलरों ने भी विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों से संबंधित जानकारी दी इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षक श्रीमती सरोज राय, श्रीमती मीरा पांडे श्रीमती मनीषा सोनी , कैरियर काउंसलर पल्लवी विश्वास दीपांशु पाठक तथा अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### मां नर्मदा की भव्य प्रतिमा की स्थापना, आज होगा भंडारा

**पनागर, देशबन्धु।** नवयुवक गांधी मैदान समिति के तत्वाधान में मां नर्मदा जी की भव्य प्रतिमा की स्थापना नगर में मेंन रोड शिवाजी वार्ड में की गई है प्रतिदिन सुबह शाम आरती का आयोजन हो रहा है



जिसमें पुरुष महिलाएं सम्मिलित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं 3 फरवरी को विशाल भंडारा 4 फरवरी को नगर में मां की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी समिति के पदाधिकारी ने आमजन से उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की ।

**पनागर,देशबन्धु।** श्री माँ नर्मदा जन्मोत्सव 4फरवरी मंगलवार को श्री प्राचीन छोटे महावीर मंदिर सीताराम मौहल्ला पनागर मे न्यू बाल गोपाल समिति के पावन सानिध्य में मनाई जायेगी,19 वे वर्ष में भी मॉ नर्मदा जन्मोत्सव भव्यता के साथ मनाई जायेगी जिसमे प्रात:10 बजे माँ नर्मदा जी की कलश स्थापना व हवन पूजन किया जाएगा दोपहर 3 बजे से विशाल भंडारा प्रारंभ किया जाएगा जो कि रात्रि 10 बजे तक निरंतर जारी रहेगा जिसमे श्रृद्वालु भक्तो को बिठाकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कराने की सुंदर व्यवस्था की गई है और शाम7 बजे मॉ नर्मदा जी की भव्य महाआरती की जायेगी तथा पुनः भंडारे का प्रसाद ग्रहण कराया जायेगा जिसमे समिति के सदस्यों ने आप सभी श्रद्धालु भक्तो से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिती की अपील की जाती है।

### वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई का सरस्वती पूजन एवं हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम आज

**पनागर, देशबन्धु।** म प्र वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई पनागर द्वारा बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती की पूजा एवं हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम आज 3 फरवरी को दोपहर 1:00 बजे जगमोहन वार्ड स्थित श्री भोलेनाथ केसरवानी के निवास स्थल शारदा राइस मिल लमती मेन रोड पनागर पर आयोजित किया गया है इस अवसर पर गक्कड़ भरता वन भोज एवं नए सदस्यों का अभिनंदन वैश्य महासम्मेलन की समस्त इकाई सदस्यों का मिलन समारोह कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है कार्यक्रम में प्रदेश जिला तहसील एवं नगर इकाई के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### कार्यकताओं ने दो पेटी अवैध शराब ने पकड़ी

**मड़ियादो, देशबन्धु।** भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने मड़ियादो प्राथमिक स्कूल खजुरिया के सामने दो पेटी अवैध शराब पकड़ाई। शराब ले जाने वाला बाइक लेकर फरार हो गया। संगठन सदस्यों ने मौके पर पुलिस को बुलाया इसके बाद पुलिस कार्यकर्ताओं के साथ शराब थाने लेकर आई। संगठन के कार्यकर्ता तिलक सींग ने बताया 25 पाव सफेद व 75 पाव लाल मसाला शराब पकड़ी है। कार्यकर्ताओं के मुताबिक मनीष राय शराब का परिवहन कर रहा था।

# ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार दंपत्ति, पत्नी की मौत

**रीवा देशबन्धु।** बाइक सवार दंपत्ति ट्रक की चपेट में आ गये। इस दर्दनाक हादसे में पत्नी की घटना स्थल पर मौत हो गई, जबकि पति व बच्ची की हालत गंभीर है, जिन्हें उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना गुढ़ थाना क्षेत्र के चौड़ियार मोड़ में हुई है। जानकारी के अनुसार चौड़ियार निवासी शुभम रावत रीवा शहर में रह कर मजदूरी करता था। परिवार भी उसी के साथ रहता था। रविवार को वह अपनी पत्नी आंचल रावत व पुत्र माही रावत के साथ बाइक में सवार होकर गांव जा रहा था। गांव के पास ही विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने ठोकर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों बाइक समेत उछल कर दूर जा गिरे। हादसे में आंचल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया, वहीं मृतिका का शव मर्चुरी में शिफ्ट करा दिया है।

**सड़क पार कर रही वृद्धा को जीप ने कुचला**

इधर चोरहटा थाना क्षेत्र के उमरी गांव में सड़क पार कर रही वृद्धा को बेलगाम बोलेरो ने कुचल दिया है। हादसे में वृद्धा की मौत हो गई है। जिसकी पहचान सुखवरिया कोल निवासी पैपखरा के रूप में की गई है। बताया गया है कि वृद्धा अपने नाती के जन्मदिन पार्टी में शामिल होने के लिये घर से निकली थी और सड़क पर वाहन का इंतजार कर रही थी। तभी सड़क हादसे का शिकार हो गई। पुलिस ने शव का एसजीएमएच में पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया।

# मंडला-सिवनी स्टेट हाईवे में अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बस, 20 यात्री घायल



**केवलारी, सिवनी।** मंडला-सिवनी स्टेट हाईवे में 1-2 फरवरी की मध्य रात 2.15 बजे यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर सिवनी के केवलारी थाना अंतर्गत देवकरणटोला गांव के पास सड़क किनारे लगभग 100 फीट गहरी खाई में पलट गई।

हादसे में 20 लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त पक्षीराज कंपनी की बस एमपी 07 जेएफ 5499 शहडोल से नागपुर जा रही थी। गनीमत की रही इतनी गहरी खाई में गिरने के बाद यात्री बाल-बाल बच गए। दुर्घटना के बाद मौके पर यात्रियों की चीख-पुकार मच गई। रास्ते से निकल रहे अन्य लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद घायलों को बस से निकालकर ऊपर लाया गया। घटना के बाद बस का ड्राइवर फरार हो गया, पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## नहर की पुलिया से गिरी कार, महिला-बच्चों समेत 5 लोगों को आई चोट

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के बम्हनी गांव के पास एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर नहर की पुलिया से नीचे गिर गई। हादसे में महिला और बच्चों सहित 5 लोग सवार थे। सभी यात्रियों को मामूली चोटें आई है। घटना शनिवार रात की है।

स्कॉर्पियो वाहन कान्हीवाड़ा की ओर जा रहा था। नहर के पास पहुंचते ही वाहन अनियंत्रित हो गया और पुलिया से नीचे गिर गया। घटनास्थल पर एक गहरी नहर है। अगर वाहन सीधे नहर के पानी में गिरता तो यह बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। फिलहाल स्कॉर्पियो में सवार लोगों की पहचान और उनके बारे में जानकारी का पता नहीं चल पाया है।

# बजट में मजदूर, किसान व बेरोजगारों के लिए कोई राहत नहीं



**शहपुरा,देशबन्धु।** 2025 के बजट में मजदूर किसान व बेरोजगारों के लिए कोई राहत नहीं है, इसके साथ-साथ छोटे मझौले मध्य वर्गीय व्यापारियों की बेहतरी के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। यह बजट में छलावा है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है इस आशा के विचार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुमन कुमार जैन ने बजट 2025 के संदर्भ में व्यक्त किया ऐसे ही विचार सरदार दलवीर सिंह जसपाल राजेंद्र जैन बंधु राजकुमार जैन मामा जी जो सब संजय वर्मा नेक राम पटेल ने व्यक्त किये है

**वजट का मतलब ग़रीबों को क्या**

देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा संसद में आज बजट पेश कर मिडिल क्लास को छूट के नाम पर प्रायोजित झूठी वाह वाही लूटी जा रही है ,दर असल मिडिल क्लास को इनकम टैक्स में 12 लाख तक छूट का झुनझुना पकड़ाया है , जब आय ही नही तो इनकम टैक्स कैसा, जरूरत है आय के साधन उपलब्ध करवाने की युवाओं को रोजगार की जिस पर बिल्कुल भी ध्यान ही नही दिया गया है,

बेहतर चिकित्सा,बेहत्तर शिक्षा के विषय को छोड़ दिया गया है , आयकर में छूट के नाम पर राहत दी और जीएसटी के माध्यम से वापस भी ले ली गयी। आज के समय मे मध्यमवर्गी परिवार व महंगाई से त्रस्त है ,डीजल पेट्रोल को तस्स्ज्ञ के दायरे में लाकर मूल्य नियंत्रण के वायदों पर ध्यान नही दिया गया है किसानों को स्स्क्क की गारेंटी के वायदे किये गए थे, आज देश का किसान अपना ऋण न चुका पाने के कारण आत्म हत्या कर रहा है पर बड़े बड़े वायदे करने के बाद भी बजट पर किसानों की सुविधाओं के बारे में कुछ नही किया गया है।

ऊर्जा के निजी साधन उपलब्ध करवाने सोलर सिस्टम को बढ़ाने की बात की गई थी पर सोलर पैनल की कीमत बढ़ा कर उसे भी रोकने का कार्य किया गया है। रसोई गैस की कीमतों में कोई राहत नही दी गयी है। देश मे नित बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए उसके आवागमन के साधनों जैसे रेल, वायुयान या अन्य विकल्पों पर बिल्कुल ध्यान नही दिया गया है। समूर्ण देश की आय का 24 प्रतिशत हिस्सा कर्ज के ब्याज में जा रहा है और आप विकसित भारत के सपने दिखा देश की अवाम को भ्रमित कर रहे है।

**दलवीर सिंघ जस्सल**
राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य,
अल्पसंख्यक विभाग

# कार में गांजा की खेप लेकर आ रहे थे, पुलिस से बचकर भागने में हुआ हादसा

## दो आरोपियों से 10 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिले की जबेरा पुलिस ने शनिवार शाम किराए की लग्जरी कार से 10 किलो 400 ग्राम गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जबलपुर से किराए की कार में गांजा लेकर आ रहे थे। पुलिस द्वारा रोके जाने पर आरोपी भाग निकले, लेकिन सिग्रामपुर जैन मंदिर के पास उनकी कार टकरा गई। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से जब्त किए गए गांजे की कीमत करीब एक लाख 62 हजार रुपये आंकी गई है।

जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। एक लाल रंग की



टीयूवी कार एमपी 20 सी 3640 को सिग्रामपुर में देखा गया। पुलिस ने पीछा किया, जिससे घबराकर आरोपियों ने भागने की कोशिश। इस दौरान कार जैन मंदिर के पास हादसे का शिकार हो गई। इसके बाद पुलिस ने कार से जबेरा निवासी दिनेश साहू और नितेश अहिरवार को 11 पैकेट गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि कार छिंदवाड़ा की श्वेता पाठक के नाम पर रजिस्टर्ड है। आरोपियों ने बताया कि जबेरा के रितेश जैन ने यह कार किराए पर दी थी। वहीं, आरोपियों के परिवार वालों का कहना है कि गांजा रितेश सेठ का है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मुख्य आरोपी रितेश जैन फिलहाल फरार है, और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

**गांजा की सप्लाई चेन की जांच जारी-** पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां सप्लाई किया जाता था। पूछताछ के बाद यह स्पष्ट हो पाएगा कि गांजा किसके द्वारा मंगवाया जाता था और किन-किन स्थानों पर इसकी सप्लाई की जाती थी।

# 15 किलो गांजा जब्त

**मंडला, देशबन्धु।** आपरेशन क्लीन स्वीप के तहत मंडला पुलिस द्वारा पुरे जिले में अवैध मादक पदार्थों के क्रय विक्रय में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे प्राप्त सूचना पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी तारतम्य में ऑपरेशन के तहत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 02.02.2025 को मुखबिर से सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी से ट्राली बैग में 15 पैकेट में रखी कुल 15 किलो 621 ग्राम गांजा जब्त करने में सफलता प्राप्त हुई। मामले में थाना कोतवाली को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बस स्टैंड में ट्राली बैग जिसमें गांजा रखा हुआ हैं। प्राप्त सूचना से अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंडला को अवगत कराते हुए प्राप्त निर्देशानुसार थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा विधिवत् कार्यवाही करते हुए आरोपी लक्ष्मण उर्फ सोनू पिता अर्जुन सिंह तोमर उम्र 34 साल निवासी ग्राम कोथर खुर्द थाना पोरसा जिला मुरैना की घेराबंदी कर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्राली बैंग में अवैध मादक पदार्थ गांजा जिसका वजन कुल 15 किलो 621 ग्राम जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रूपये जप्त कर गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली मंडला में एनडीपीएस की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

उक्त कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंडला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान की टीम निरीक्षक सफीक खान उनि जग्गू बघाड़ सउनि भुवनेश्वर वामनकर प्रआर.पूरन इडपाचे, आरक्षक इसरार खान ,हन्नू मार्को ,राजकुमार, अमित गरयार , रमेश सिंगरोरे, सुन्दर भलावी, रामचंद्र कुर्वेती , सुरेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

# एनएच-30 पर भीषण हादसा, महिला की मौत, कई घायल

**कटनी, देशबन्धु।** एनएच-30 हादसों का गढ़ बनता जा रहा है। कोई दिन बिना हादसों के नहीं गुजरता। कल रविवार को दोपहर जबलपुर से आ रही बेलगाम बस ने बाइक सवार पति-पत्नी को कुचल दिया और अनियंत्रित होकर दूसरी तरफ पहुंची तो कार से जा भिड़ी। इस हादसे में पत्नी की मौत हो गई तथा पति घायल है वहीं कार सवार एक व्यक्ति चोटिल हुआ है।

एनएच-30 पर लगातार हादसे बढ़ते ही जा रहे हैं। रविवार की दोपहर 12 के करीब स्लीमानाबाद थाना अंतर्गत नेगवां गांव के पास बाइक में सवार पति-पत्नी को बस की जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पति गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिसे तत्काल एंबुलेंस के द्वारा मेडिकल जबलपुर रेफर किया गया है घटना के संबंध में टीआई अखिलेश दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 पर दोपहर 12 बजे के सड़क क्रॉस कर रहे स्लीमनाबाद भगनवारा निवासी लक्ष्मी यादव (65), उनकी पत्नी सुरता यादव (60) अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 21 ईएन 6271 से रोड पार कर रहे थे , तभी जबलपुर से कटनी की ओर जा रही बस क्रमांक टीएन 73 एईबी 26 के चालक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार लक्ष्मी यादव (65) निवासी भगनवारा गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं उनकी पत्नी सुरता यादव के सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई।

**दूसरी तरफ कार से हो गई टक्कर**

बताया जाता है कि बस की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि टक्कर मारने के बाद हाईवे के दूसरी ओर जा पहुंची, जहां कटनी से जबलपुर की ओर जा रही कार क्रमांक एम एच 34 सीडी 0434 से जा भिड़ी हुई, जिसमें कार में सवार राजेंद्र यादव (34) वर्ष घायल हुए जबकि अन्य तीन लोग को मामूली चोटें आई।

**एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम ने जाम खुलवाया**

हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर से लंबा जाम लग गया था। दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई थी, जहां तत्काल टीआई अखिलेश दहिया और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। एनएएचआई की पेट्रोलिंग टीम के त्रिपुरारी पांडे, कृष्ण कुमार, ऋतुराज सिंह ने बंद यातायात को सुचारु रूप से चालू कराया तथा घायलों को 108 की मदद से चिकित्सालय भेजा गया।

## ट्रंप के 'टैरिफ आदेश' पर मेक्सिको का पलटवार, राष्ट्रपति शिनबाम ने कहा - हम टरकाव नहीं चाहते थे लेकिन

**मेक्सिको सिटी, ( आईएएनएस )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा, मेक्सिको और चीन के खिलाफ टैरिफ लगाने के लिए एक आदेश ने एक व्यापार युद्ध छेड़ दिया है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने शनिवार को अमेरिकी आयात पर जवाबी टैरिफ लगाने की बात कही। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक्स पर लिखे एक लंबे लेख में शीनबाम ने कहा कि उनकी सरकार अपने शीर्ष व्यापारिक साझेदार के साथ टकराव के बजाय बातचीत चाहती थी, लेकिन मेक्सिको को भी उसी तरह जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार (1 फरवरी) को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें मेक्सिको से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। कनाडा से आने वाले सामानों पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है, लेकिन कनाडा के ऊर्जा संसाधनों पर 10त्न टैरिफ ही लगेगा। इस ऑर्डर में चीन से आयात पर भी 10त्न टैरिफ लगाया गया है शीनबाम ने पोस्ट किया, मैंने अपने अर्थव्यवस्था मंत्री को प्लान बी को लागू करने का निर्देश दिया है, जिस पर हम काम कर रहे हैं, जिसमें मेक्सिको के हितों की रक्षा के लिए टैरिफ और गैर-टैरिफ उपाय शामिल हैं।

# हम यह नहीं चाहते थे...अमेरिकी टैरिफ पर बिलबिलाया कनाडा, जस्टिन ट्रूडो ने दे दी डोनाल्ड ट्रंप को धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शिवार को कनाडा से आयात की जाने वाली चीजों पर 25 फीसदी का टैरिफ लागू कर दिया है। अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका देने वाले इस फैसले से कनाडा बौखला गया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो डोनाल्ड ट्रंप को धमकी देने लगे हैं। उन्होंने कहा, हम यह चाहते तो नहीं थे लेकिन कनाडा इसके लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि कनाडा की सरकार भी 155 अरब डॉलर के अमेरिकी आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लागू कर देगा। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वह सीधे अमेरिकियों से बात करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला सीधे तौर पर अमेरिका के लोगों और अर्थव्यवस्था पर असर डालेगी। ट्रूडो ने कहा कि मंगलवार से ही 30 अरब डॉलर के उत्पादों पर टैरिफ लागू हो जाएगा। इसके अलावा बाकी के 125 अरब डॉलर के उत्पादों पर आने वाले 21 दिनों में नया टैरिफ लगा दिया जाएगा। ट्रूडो ने कहा, यह टैरिफ मुक्त व्यापार समझौते का उल्लंघन कर रहा है। इसके परिणाम अमेरिका के लोगों को भी भुगतने होंगे। जस्टिन ट्रूडो ने पहले भी कहा था कि अगर डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ लागू करते हैं तो तुरंत जवाब दिया जाएगा। बता दें कि चुनाव से पहले ही डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और चीन को सीधे तौर पर धमकी दे



दी थी कि राष्ट्रपति बनने के बाद वह दोनों देशों पर 25 फीसदी टैरिफ थोप देंगे।डोनाल्ड ट्रंप ने अब कनाडाऔर मेक्सिको पर 25 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। वहीं चीन पर10 फीसदी का टैरिफ लगाया गया है। ट्रंप ने आते ही मेक्सिको की सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल लगा दिया है।

**अमेरिका कस सकता है और कड़ा शिकंजा-** अब सवाल यह है कि कहीं यह टैरिफ की जंग विकराल रूप ना ले ले। इन देशों के एक्शन के बाद डोनाल्ड ट्रंप और ज्यादा टैरिफ की दरें बढ़ा सकते हैं। ऐसे में चीन, कनाडा और मेक्सिको के साथ आर्थिक तनाव चरम पर पहुंच सकता है। वहीं अमेरिका की आम जनता के लिए यह फैसला मुश्किल खड़ा कर सकता है क्योंकि इससे महंगाई और ज्यादा बढ़ जाएगी। डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा से तेल, बिजली और एनर्जी इंपोर्ट पर 10 फीदी का टैरिफ लगाया है।

# रूस की सेना अपने ही नागरिकों को मार रही, जेलेंस्की का पुतिन पर गंभीर आरोप

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस पर अपने ही नागरिकों के ऊपर बमबारी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि रूस ने कुर्स्क क्षेत्र में एक बोर्डिंग स्कूल पर हवाई बम गिराया, जहां से लोग निकलने की तैयारी कर रहे थे। जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, कुछ इस तरह से रूस युद्ध छेड़ता है। कुर्स्क का सुद्जा इलाका रूसी क्षेत्र में आता है, जहां स्थित बोर्डिंग स्कूल पर बमबारी की गई। यहां से नागरिक बाहर निकलने तैयारी कर रहे थे। रूसी हवाई हमले में इमारत ध्वस्त हो गई, उस वक्त वहां दर्जनों लोग ठहरे हुए थे। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पोस्ट में आगे कहा, रूस ने दशकों पहले कुछ इसी तरह चेचन्या के खिलाफ युद्ध छेड़ा था। उन्होंने सीरियाई लोगों को भी इसी तरह मारा। रूस की ओर से आने वाले बम यूक्रेन के घरों को भी नष्ट कर रहे हैं। यहां तक कि अपने ही नागरिकों के खिलाफ भी रूसी सेना इसी रणनीति का इस्तेमाल कर रही है। वोलोदिमिर जेलेंस्की का यह बयान ऐसे समय आया जब यूक्रेन के शहरों और नगरों पर रात में रूस के ड्रोन व मिसाइल हमले किए। इनमें 6 लोगों की मौत हो गई। रूस की सेना यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में अपनी आक्रामक बढ़त बनाए हुए है।



**यूक्रेनी पोल्टावा शहर में अपार्टमेंट पर गिरी मिसाइल-** यूक्रेन की आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि यूक्रेनी पोल्टावा शहर में एक अपार्टमेंट पर रूसी मिसाइल हमले में 5 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। दूसरी ओर, खार्किव क्षेत्र में एक गिरे हुए ड्रोन के मलबे से 60 वर्षीय एक महिला का शव निकाला गया।

खार्किव के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को सोशल मीडिया पर लिखा, 'कल रात रूस ने विभिन्न प्रकार के हथियारों जैसे कि मिसाइल, हमलावर ड्रोन और हवाई बम का उपयोग करके हमारे शहरों को निशाना बनाया।'

## आज का इतिहास

1760-सदाशिव राव भाऊ के नेतृत्व में मराठा सेना ने उदगीर के युद्ध में निजाम को बुरी तरह हराया।
1815-विश्व में पनीर उत्पादन का पहला कारखाना स्विटजरलैंड में खोला गया।
1909-भारतीय स्वतंत्रता सेनानी सुहासिनी गांगुली का जन्म।
1916-बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की शुरुआत।
1925-भारत की पहली बिजली संचालित ट्रेन सेवा मुम्बई से कुर्ला के बीच शुरू।
1934-पहली बार हवाई जहाजों से पार्सल भेजने का सिलसिला शुरू हुआ। इसे शुरू करने वाले कंपनी को आज लुफ्थांसा के नाम से जाना जाता है।
1938-प्रसिद्ध भारतीय फ़िल्म अभिनेत्री वहीदा रहमान का जन्म।
1942-जावा पर पहला जापानी हवाई हमला हुआ।
1945-रूस द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के खिलाफ युद्ध में शामिल होने पर सहमत
1954-इलाहाबाद कुम्भ मेले में हुए हादसे में 500 से अधिक की मौत।
1969-तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री सी.एन. अन्नादुरई का निधन।
1970-भारत के पहले और दुनिया के सबसे बड़े कोयला आधारित उर्वरक संयंत्र की तलचर में आधारशिला रखी गई।

## सुडोकू 6814

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 7 | 6 | | |
| | | 6 | 5 | | | | | |
| | 8 | | 1 | | | 9 | 2 | |
| 3 | | 7 | 2 | 1 | | | | |
| 4 | | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | 4 | 5 | 8 | | 3 |
| | 3 | 5 | | | 1 | | 8 | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | | 2 | 6 | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# अमेरिका की महत्वाकांक्षा नहीं हो पाएगी पूरी : सोल को वाशिंगटन की मदद पर भड़का उत्तर कोरिया

**सोल, ( आईएएनएस )।** उत्तर कोरिया ने रविवार को अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह अपने सहयोगियों के लिए हथियारों की मदद बढ़ा रहा है। उसने कहा कि इस तरह की सहायता दक्षिण कोरिया की रणनीतिक कमजोरी की भरपाई नहीं कर सकती है। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने यह आरोप तब लगाया जब अमेरिकी डिफेंस सिक्योरिटी सहयोग एजेंसी ने हाल ही में दक्षिण कोरिया को हथियारों की प्रस्तावित बिक्री की घोषणा की। उत्तर कोरिया की सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने एक टिप्पणी में कहा, अमेरिका, जो दुनिया का सबसे बड़ा युद्ध व्यापारी है, उन देशों को अपने हथियार बेचकर पहले से कहीं अधिक उत्साहित हो रहा है जो (अमेरिका) का अनुसरण करते हैं। इसमें कहा गया कि दक्षिण कोरिया को इस तरह की बिक्री तेजी से और लगातार हो रही है। केसीएनए ने दावा किया कि दक्षिण कोरिया को हथियार मुहैया कराना क्षेत्र में शक्ति संतुलन को नष्ट करने और अपनी आधिपत्य को मजबूत करने के अमेरिका के प्रयास को दर्शाता है। इसमें कहा गया, अमेरिका की ओर से कोई भी हथियार सहायता (दक्षिण कोरिया) को रणनीतिक कमजोरी की भरपाई नहीं कर सकती है...अमेरिका की महत्वाकांक्षा हमारी न्यायपूर्ण शक्ति की वजह पूरी नहीं हो पाएगी। उत्तर कोरिया लंबे समय से दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच सैन्य सहयोग की निंदा करता रहा है। प्योंगयांग का कहना है कि मित्र देशों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास दरअसल हमलों का अभ्यास है और एक उकसावे वाली कार्रवाई है। पिछले सप्ताह प्योंगयांग ने कहा कि वह तब तक अमेरिका के खिलाफ सबसे कठोर जवाबी कार्रवाई जारी रखेगा जब तक कि वह देश की संप्रभुता और सुरक्षा हितों को खारिज करता रहेगा।

# बेंजामिन नेतन्याहू ने रिटायर्ड अधिकारी को बनाया सेना प्रमुख, गाजा से है पुराना नाता

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना की कमान एक रिटायर्ड मेजर जनरल को सौंप दी है। नेतन्याहू ने सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हेरजी हालेवी के इस्तीफे के बाद अब रिटायर्ड मेजरल जनरल एयाल जमीर को नया सेना प्रमुख नियुक्त किया है। बता दें कि पिछले महीने हालेवी ने 7 अक्टूबर के हमास के हमले को ना रोक पाने की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया था। हमास और इजरायल के बीच सीजफायर की डील होने के दो दिन बाद ही उन्होंने पद छोड़ने का ऐलान कर दिया। शनिवार को नेतन्याहू के कार्यालय की तरफ से ऐलान किया गया कि मेजर जनरल एयाल जमीर के नाम पर रक्षा मंत्री कात्ज और पीएम नेतन्याहू में सहमति बन गई है। 59 साल के जमीर साल 2023 से ही रक्षा मंत्रालय के डायरेक्टर के रूप में काम कर रहे थे। उनकी जगह हालेवी को सेना प्रमुख बनाया गया था। इसके बाद उन्होंने सेवा से रिटायरमेंट ले ली थी। 2021 तक वह सेना में दूसरे नंबर के पद पर थे। उससे भी पहले वह सदर्न कमांड के हेड थे जो कि गाजा के मामलों को देखता था।ऐसे में कहा जा सकता है कि उनका गाजा से पुराना नाता है। सदर्न कमांड के हेड रहते हुए जमीर ने हमास की बड़ी साजिश को नाकाम किया था। उन्होंने गाजा से इजरायल तक बनाई जाने वाली सुरंगों का पता लगाकर उनको ध्वस्त करवा दिया था।

# डब्ल्यूटीओ में उठेगी बात, ट्रंप की टैक्स मनमानी पर गुस्सा चीन, कनाडा और मैक्सिको भड़के

**बीजिंग/ओट्टावा।** अमेरिका द्वारा आयात शुल्क बढ़ाने का बड़े पैमाने पर विरोध हो रहा है। चीन, कनाडा और मैक्सिको ने अमेरिका के इस कदम का कड़ा विरोध किया है। चीन वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि वह आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने के फैसले से असंतोष व्यक्त करता है। चीन ने यह भी कहाकि वह अमेरिका की इस गलत कार्रवाई के जवाब में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शिकायत दर्ज कराएगा। प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका द्वारा एकतरफा अतिरिक्त शुल्क लगाना डब्ल्यूटीओ के नियमों का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल अपनी समस्याओं को हल करने में विफल रहेगा बल्कि दोनों देशों के बीच सामान्य आर्थिक और व्यापार सहयोग को भी बाधित करेगा।

**अमेरिका सुधारे अपनी गलती-** बयान के अनुसार चीन अमेरिका से आग्रह करता है कि वह अपने फेंटेनाइल और संबंधित मुद्दों को निष्पक्ष और तर्कसंगत तरीके से देखे और उनका समाधान करे न कि अन्य देशों को धमकाने के लिए अक्सर आयात शुल्क का उपयोग करे। प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी पक्ष को अपनी गलतियों को सुधारना चाहिए और चीन के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ मिल सकें। उन्होंने अमेरिका से समस्याओं का सीधे सामना करने, स्पष्ट संवाद करने, सहयोग को मजबूत करने और समानता, पारस्परिक लाभ और आपसी सम्मान के आधार पर मतभेदों का प्रबंधन करने का आह्वान किया।

**कनाडा और मैक्सिको भी दे रहे जवाब-** कनाडा और मैक्सिको ने ट्रम्प द्वारा दोनों देशों पर भारी आयात शुल्क लगाने की घोषणा के बाद अमेरिकी वस्तुओं पर टैक्स लगाने की घोषणा की है। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा कि उन्होंने अर्थव्यवस्था मंत्री मार्सेलो एबरार्ड को देश के हितों की रक्षा के लिए आयात शुल्क और गैर-आयात शुल्क उपायों का उपयोग करने का निर्देश दिया है। शीनबाम ने एक्स पर कहा कि मैं अर्थव्यवस्था मंत्री को प्लान बी लागू करने का निर्देश दे रही हूं। हम इस पर काम कर रहे हैं। इसमें मैक्सिको के हितों की रक्षा के लिए आयात शुल्क और गैर-आयात शुल्क उपाय शामिल हैं। कनाडा सरकार भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगाए गए आयात शुल्क के जवाब में 155 अरब अमेरिकी डॉलर के अमेरिकी सामानों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगायेगी। मीडिया रिपोर्टों ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के हवाले से यह जानकारी दी। ट्रूडो ने शनिवार को कहा कि कनाडा की प्रतिक्रिया दूरगामी होगी। टैक्स के दायरे में आने वाली चीजों में अमेरिकी बीयर, वाइन, बोरबॉन फल और फलों के रस जैसी रोजमर्रा की चीजें शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि आज रात मैं घोषणा कर रहा हूं कि कनाडा अमेरिकी व्यापार कार्रवाई का जवाब 155 अरब डॉलर मूल्य के अमेरिकी सामानों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क के साथ देगा। इसमें मंगलवार तक 30 अरब अमरीकी डालर मूल्य के सामानों पर तत्काल आयात शामिल होगा।

**ट्रंप ने लिया है ऐसा फैसला-** गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा, मैक्सिको और चीन के सामानों पर आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जो अमेरिका के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार हैं। यह कदम अमेरिका और उसके उत्तरी अमेरिकी पड़ोसियों के बीच व्यापार तनाव में इजाफे के रूप में देखा जा रहा है।

ट्रम्प द्वारा लगाए गए शुल्क अमेरिका-मेक्सिको कनाडा समझौते (यूएसएमसीए) को कमजोर करते हैं, जिसका उद्देश्य उत्तरी अमेरिका में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है।


# गाजा में युद्धविराम के बाद भी हो रहीं मौतें, मिले 64 शव, क्या हैं वजहें

गाजा की नागरिक सुरक्षा ने फिलिस्तीनी क्षेत्र में गंभीर मानवीय स्थितियों की चेतावनी देते हुए शनिवार को कहा कि उसने गाजा पट्टी से 64 शव बरामद किए। एक प्रेस बयान में नागरिक सुरक्षा ने घोषणा की कि उत्तरी गाजा से 37 शव बरामद किए गए हैं।

बयान के अनुसार इजरायली बलों ने कमल अदवान अस्पताल के आसपास विभिन्न दफन स्थलों से शवों को स्थानांतरित करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया था, उन्हें खुले इलाकों में इकट्ठा किया था। नागरिक सुरक्षा टीमों ने बाद में उन्हें बीट लाहिया कब्रिस्तान में फिर से दफना दिया। इस बीच गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में 27 शव अस्पतालों में पहुंचे। बता दें कि गाजा में युद्धविराम के बाद भी लोग भुखमरी, संक्रमण और बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार सात अक्टूबर 2023 से अब तक इजरायली हमले में मरने वालों की कुल संख्या 47,487 हो गयी है, जबकि 111,588 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि कई पीड़ित मलबे के नीचे और सड़कों पर फंसे रहे जहां आपातकालीन और नागरिक सुरक्षा दल उन तक पहुंचने में असमर्थ थे। एक अलग बयान में नागरिक सुरक्षा ने चेतावनी दी कि गाजा निवासी बेहद गंभीर मानवीय संकट का सामना कर रहे हैं एवं हजारों लोग बिना आश्रय या जीवित रहने की आवश्यकताओं के बेघर हो गए हैं।

**तूफान की वजह से जान पर संकट-** बयान में कहा गया है कि इस क्षेत्र में कई तूफानों का सामना करने की आशंका है जिससे टेंटों और संरचनात्मक रूप से असुरक्षित इमारतों में रहने वाले हजारों लोगों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो जाएगा। इसके अलावा बड़ी मात्रा में गैर-विस्फोटित आयुध और इजरायली सैन्य अभियानों के अन्य अवशेष सड़कों पर और नष्ट हुए घरों और इमारतों के मलबे के नीचे बिखरे हुए हैं, जिससे नागरिकों को खतरा हो रहा है। नागरिक सुरक्षा ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय और मानवाधिकार संगठनों से बहुत देर होने से पहले लोगों की जान बचाने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया।

## वर्ग पहेली 6814




**बायें से दायें:-**

१. ठगी, धोखेबाजी, धूर्तता
३. दीवारों पर बना चित्र
५. उम्मीद,चाह, इच्छा
७. जहरीला
८. मुठभेड़, भिड़न्त
९. देखने की क्रिया,दीदार
१०. मद्य निर्माण शाला
१२. मुखिया, प्रमुख
१३. श्रेष्ठ, उत्तम
१४. निरस्त करना, रद्द होना
१६. भरा-पूरा, संपन्न
१८. रसीला
२०. लाल कमल
२१. परिवर्तित करना
२३. एकाएक, सहसा (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. जिस पर असर पड़ा हो
२. जिसे खुशामद पसंद हो
३. भीख मांगते हुए घूमना
४. चित्रकार
५. आय
८. जिसने किसी से कोई वादा कर रखा हो
१०. इज्जत, सम्मान
११. वस्त्र
१२. कोशिश
१३. बहरा
१४. जिस पर कोई नियंत्रण, अंकुश या दबाव न हो
१५. संवेदनशील, भावुक
१७. कमल
१८. अभिप्राय, उद्देश्य, हेतु (उर्दू)
१९. सीख, अध्याय, पाठ, पुस्तक की उतना अंश जतना एक दिन में गुरु स पढ़ा जाये (उर्दू)
२२. तबाह, बर्बाद, अंत

## वर्ग पहेली-6813



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**रेल बजट** *रेलवे का परिचालन अनुपात 98.2 रहने का अनुमान*

# आम बजट में रेलवे की 4.60 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं स्वीकृत

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)। आम बजट 2025-26 में रेलवे की चार लाख 60 हजार करोड़ की परियोजनाओं को स्वीकृति देने के साथ दो लाख 64 हजार करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है जिसमें से दो लाख 52 हजार करोड़ रुपए पूंजीगत व्यय के लिए दिये गये हैं जबकि करीब 12 हजार करोड़ रुपए सरकारी निजी साझीदारी (पीपीपी) के अंतर्गत निवेश से आएंगे।**

रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण आम बजट में रेलवे के लिए आवंटन की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने रेलवे के लिए इस साल दो लाख 64 हजार करोड़ रुपए की योजना मंजूर की है जिसमें दो लाख 52 हजार करोड़ रुपए पूंजीगत आवंटन है जबकि



**बजट में रेलवे की चार लाख 60 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गयी है जिनका दो से तीन साल में क्रियान्वयन होना है। रेलवे के संरक्षा बजट एक लाख 16 हजार करोड़ रुपए का है जो पिछले वर्ष एक लाख 14 हजार करोड़ रुपए का रहा है: रेल मंत्री**

करीब 12 हजार करोड़ रुपए पीपीपी के अंतर्गत परियोजनाओं में निवेश से आने का अनुमान है। रेलवे का परिचालन अनुपात 98.2 रहने का अनुमान है।

रेल मंत्री ने कहा कि बजट में रेलवे की चार लाख 60 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गयी है जिनका दो से तीन साल में क्रियान्वयन होना है। उन्होंने कहा कि बजट में रेलवे के संरक्षा बजट एक लाख 16 हजार करोड़ रुपए का है जो पिछले वर्ष एक लाख 14 हजार करोड़ रुपए का रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बीते दिसंबर एवं जनवरी माह में रेलवे में कोई भी दुर्घटना दर्ज नहीं की गयी है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में बताया कि दस हजार लोकोमोटिव्स और 15 हजार किलोमीटर पटरियों पर कवच लगाने का काम तेजी से चल रहा है।

इसके अलावा अब देश में करीब दस हजार किलोमीटर के मार्ग पर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिगनलिंग (एबीएस) लगायी जा रही है। इसके लिए विद्युत पारेषण लाइनों का उच्चीकरण 2X25 किलोवाट के स्तर पर किया जाना है। श्री वैष्णव ने कहा कि बजट में रेलवे के लिए स्वीकृत परियोजनाओं में 100 नयी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें, 50 नयीं नमो भारत एक्सप्रेस गाड़ियां, 200 वंदे भारत एक्सप्रेस (चेयरकार एवं स्लीपर) का विनिर्माण, 1000 नये फ्लाईओवर एवं अंडरपास का निर्माण, 17500 जनरल कोच बनाने की योजनाएं शामिल हैं।

# खेल जगत

## दुबे और राणा के बीच कोई समानता नहीं थी : गावस्कर



**नई दिल्ली।** भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा कि चौथे टी20 मैच में शिवम दुबे की जगह हर्षित राणा को कनकशन के कारण सब्स्टीट्यूट के रूप में लेना सही नहीं था। इससे भारत की जीत का आकर्षण कम हो गया। शिवम दुबे को आखिरी ओवर में बल्लेबाजी के दौरान सिर पर गेंद लगी थी और उन्हें हटा दिया गया। उनकी जगह हर्षित राणा, जो एक तेज गेंदबाज हैं, को टीम में शामिल किया गया था राणा ने अपने डेब्यू मैच में 3 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया, जिससे भारत ने 182 रन बचाकर 15 रनों से जीत दर्ज की और सीरीज अपने नाम कर ली। लेकिन इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने इस बदलाव पर आपत्ति जताई थी। गावस्कर भी इससे बहुत प्रभावित नहीं है। मिड-डे के लिए लिखे अपने कॉलम में उन्होंने कहा कि दुबे चोट लगने के बाद भी अंत तक बल्लेबाजी करते रहे, तो इसका मतलब है कि वे गंभीर रूप से घायल नहीं थे।

# भारत ने लगातार दूसरी बार जीता आईसीसी महिला अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप

## भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को दी नौ विकेट से शिकस्त

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। तृषा गोंगाडी (3/15 व अविजित 40 रन, 33 गेंद, 8 चौके) के हरफनमौला खेल की बदौलत मौजूदा चैंपियन भारत ने दक्षिण अफ्रीका को आईसीसी अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के एकतरफा फाइनल में क्वालालंपुर में रविवार को नौ विकेट से हरा कर लगातार दूसरी बार खिताब जीत लिया। तृषा गेंद और बल्ले से बढ़िया प्रदर्शन कर फाइनल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही। तृषा एक शतक सहित कुल सबसे ज्यादा 309 रन बनाने के साथ सात विकेट चटका कर टूर्नामेंट की भी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित की गई।

■ तृषा गेंद और बल्ले से बढ़िया प्रदर्शन कर फाइनल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही

भारत की ऑफ स्पिनर तृषा (3/15), बाएं हाथ की स्पिनर परुणिका सिसोदिया (2/6), आयुषी शुक्ला(2/9), वैष्णवी शर्मा (2/23) की स्पिन चौकड़ी ने स्पिन का जाल बुन कर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को मिके वान वूर्स्ट (23 रन,18 गेंद, 3 चौके) व फेओ काउलिंग (15 रन, 20 गेंद। एक छक्का) की छठे विकेट की 30 रन की भागीदारी के बावजूद 20 ओवर में मात्र 82 रन ढेर कर दिया। जवाब में ओपनर गोगांडी तृषा अविजित की अपनी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी (8 रन, 13 गेंद, एक चौका) के साथ पहले विकेट की 36 और उपकप्तान सानिका चाल्के (अविजित 26 रन, 22 गेंद, 4 चौके) के साथ दूसरे विकेट की 48 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत भारत ने मात्र 11.2 ओवर में एक विकेट खोकर 84 रन बनाकर मैच जीत लिया। ऑफ स्पिनर कयला रेंकी ने पारी के पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर कमलिनी को बड़े शॉट को ललचा कर लॉन्ग ऑन पर लॉरेंस के हाथों कैच करा उनकी और तृषा की 36 रन की भागीदारी को तोड़ा। तृषा ने शुरू की जो पांच गेंदें खेली उनमें शुरू की पांच गेंदों तीन चौके जड़े और उन्होंने पारी के चौथे ओवर में लेग स्पिनर नायडू के एक ओवर में तीन चौके जड़े। कमलिनी के रेंकी की गेंद पर आउट होने के बाद भारत की उपकप्तान सानिका चाल्के ने उतरते ही बढ़िया कवर ड्राइव जड़ कर चौका लगाया। तृषा को पारी के दसवें ओवर में 38 रन के निजी स्कोर पर जीवनदान मिला।

सानिका ने चौका जड़ भारत को जीत दिला कर ही दम लिया इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी के लिए उसकी ओपनर जेमा बोथा ने भारत की तेज गेंदबाज वीजे जोशिता के पहले ही ओवर में दो चौके जड़ तेज आगाज किया। भारत की बाएं हाथ की स्पिनर परुणिका सिसोदिया ने अपने पहले और पारी के दूसरे ही ओवर में साइमन लॉरेंस (0) को तेज स्पिन पर बाल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया।




### फाइनल में मैन ऑफ द' मैच का अवॉर्ड बेहद खास : तृष

तृषा ने नीतू डेविड से टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवॉर्ड लेते हुए कहा, 'मैं यह अवॉर्ड यहा मौजूद अपने पिता को समर्पित करना चाहूंगी। मैंने हमेशा खुद को ऑलराउंडर माना। मेरा लक्ष्य भारत के लिए खेल ज्यादा से ज्यादा मैच उसे ज्यादा मैच जीतना है। मेरे लिए फाइनल में मैन ऑफ द' मैच का अवॉर्ड बेहद खास है और मैं इतनी खुश हूं कि बयां नहीं कर पा रही हूं। हर किसी का समर्थन के लिए आभार। मेरी योजना हमेशा अपनी ताकत पर काबिज रहने की थी और फाइनल में भी मैंने यही किया। में हमेशा मिताली दी का आभार जताती हूं।

### हमारे लिए यह खिताब जीतना खास क्षण : निकी

भारत की कप्तान निकी प्रसाद ने अपनी टीम के लगातार दूसरी बार आईसीसी अंडर महिला क्रिकेट खिताब जीतने पर कहा कि हम सभी ने शांत रह अपने पांव जमीन पर रखे और अपने काम को अमली जामा पहनाया। हम सभी मैदान पर उतर कर यह बताना चाहती थी कि हम क्या कर सकती हैं। मैं बीसीसीआई का सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं मुहैया कराने के लिए आभार जताती हूं। हमारे लिए यह खिताब जीतना खास क्षण है। मैंने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले यह कहा कि हम यहां हावी रह कर यह पक्का करने आए हैं कि भारत शीर्ष पर रहे। दक्षिण अफ्रीकी टीम वाकई बहुत बढ़िया खेल रहे हैं। हम दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ लंबे समय से खेल रहे हैं और उन्होंने वाकई बहुत बड़ा जज्बा दिखाया और उनके

# बंगाल टाइगर्स ने हैदरबाद तूफांस को फाइनल में 4-3 से हराया, जीता पुरुष एचआईएल 2024-25 खिताब



**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (देशबन्धु)। देश के सर्वश्रेष्ठ नौजवान स्ट्राइकर अभिषेक नैन, सुखजीत सिंह और अफ्फान यूसुफ की त्रिमूर्ति के दोनों छोर से हमले बोल दिलाए 11 पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह (25 वें, 32 वें व 35वें) की बेहतरीन हैट्रिक और सैम लेन (54वें मिनट) के एक गोल की बदौलत दो बार पिछड़ने के बाद श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने हैदराबाद तूफांस को सात बरस बाद फिर शुरू पुरुष हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25के राउरकेला के बिरसामुंडा स्टेडियम में शनिवार को सांस रोक देने वाले बेहद रोमांचक फाइनल में 4-3से हराकर खिताब जीत लिया। पराजित हैदराबाद तूफांस के लिए ड्रैग फ्लिकर गोंजालो पिलात (नौवें व 39 वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो और अमनदीप लाकरा ( 26 वें मिनट) के कुल मिले सात पेनल्टी कॉर्नर में एक को गोल में बदला। सच तो यह है कि श्राची बंगाल टाइगर्स की इस जीत के नायक उसके तेज तर्रार स्ट्राइकर अभिषेक नैन रहे जिन्होंने की अहम फाइनल में अपने खेल का स्तर उंचा उठाकर बराबर हैदराबाद तूफांस के गोल पर हमलों को ऐसा तांता बांधा उसकी रक्षापंक्ति ने अपनी डी से गेंद को बाहर निकालने के लिए गलतियां की और इसका लाभ उठाकर वह बराबर अपनी टीम को पेनल्टी कॉर्नर दिलाते रहे। बंगाल टाइगर्स की जीत में उसके कप्तान अंतरराष्ट्रीय हॉकी का अलविदा कह चुके अनुभवी ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह और आयरिश गोलरक्षक जैमी कार रहे। पुरुष एचआईएल खिताब जीतने पर बंगाल टाइगर्स को तीन करोड़ रुपए और उपविजेता हैदराबाद तूफांस को दो करोड़ रुपए का इनाम मिला। बंगाल टाइगर्स के स्ट्राइकर सुखजीत सिंह को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किए जाने पर 20 लाख रुपय का इनाम मिला जबकि टूर्नामेंट में कुल सबसे ज्यादा 12 गोल करने पर बंगाल टाइगर्स के ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह को दस लाख रुपए का इनाम मिला। बंगाल टाइगर्स की फाइनल में एरियल पास से हैदराबाद तूफांस की डी में बराबर अपने स्ट्राइकरों के लिए गेंउ को पहुंचाने की रणनीति कारगर रही और उसे शुरू के पांच मिनट में ही तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन इन पर ड्रैग फ्लिकर जुगराज तीनों फ्लिक को हैदराबाद तूफांस के गोलरक्षक बिक्रमजीत सिंह ने रोक लिया। तलविंदर सिह, शिलानंद लाकरा, अर्शदीप सिंह, जैक वालेस ने आक्रामक मिडफील्डर नीलकांत शर्मा और राजिंदर द्वारा दोनों छोर से बराबर आगे बढ़ाई गेंद पर हैदराबाद तूफांस के नाम के अनुरूप लहरों की तरह हमले बोल कर बंगाल टाइगर्स के गोल पर दबाव बनाया और पेनल्टी कॉर्नर भी बनाए। बंगाल टाइगर्स के गोलरक्षक जैमी कार और कप्तान रूपिंदर पाल सिह, जसजीत कुलार और जुगराज सिंह की तारीफ करनी होगी।

■ बंगाल टाइगर्स की इस जीत के नायक उसके तेज तर्रार स्ट्राइकर अभिषेक नैन रहे

# राष्ट्रीय खेल : महाराष्ट्र ने खो-खो में दोनों वर्गों में जीता स्वर्ण पदक

**नैनीताल,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। 38वें राष्ट्रीय खेलों के पांचवें दिन खो-खो प्रतियोगिता में महाराष्ट्र ने अपना दबदबा कायम रखते हुए पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरुष वर्ग के फाइनल में महाराष्ट्र ने ओडिशा को 32-26 के स्कोर से हराया, वहीं महिला वर्ग में भी महाराष्ट्र ने ओडिशा को 31-28 से मात दी। 37वें राष्ट्रीय खेल में भी खो-खो के पुरुष और महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले महाराष्ट्र और ओडिशा के बीच ही खेले गए थे। पुरुषों की कांस्य पदक प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल और केरल के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। दोनों टीमों ने एक ही समय पर खेल समाप्त किया, जिसके चलते मुकाबला सडन डेथ में गया और दोनों टीमों को संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्रदान किया गया।



## आशी ने तोड़ा 50 मीटर महिला शूटिंग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**देहरादून,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में रविवार को देहरादून में पचास मीटर राइफल निशानेबाजी (शूटिंग) की तीन श्रेणियों में आशी चौकसी ने एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने 598 प्वाइंट बना यह नई इबारत लिखी।



# योगासन प्रतियोगिताओं में उप्र और हरियाणा ने जीता स्वर्ण पदक



■ छत्तीसगढ़ के प्रकाश कुमार साहू ने कांस्य पदक पर हासिल किया

**नैनीताल,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत योगासन प्रतियोगिता के आर्टिस्टिक पुरूष एकल में उत्तर प्रदेश ने स्वर्ण जबकि आर्टिस्टिक महिला युगल में हरियाणा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा में चल रहे योगासन प्रतियोगिताओं में रविवार को आर्टिस्टिक योगासन एकल (पुरूष) और आर्टिस्टिक महिला युगल प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। आर्टिस्टिक योगासन एकल पुरूष में उप्र के प्रवीण कुमार पाठक को स्वर्ण पदक हासिल हुआ है जबकि महाराष्ट्र के रूपेश मोगशाली संगे को रजत तथा छत्तीसगढ़ के प्रकाश कुमार साहू ने कांस्य पदक पर हासिल किया है। प्रतियोगिता में पहले पायदान पर रहे उप्र के प्रवीण पाठक ने 118.91 अंक, महाराष्ट्र के रूपेश मोगलाली ने 117.88 तथा तीसरे नंबर पर रहने वाले छत्तीसगढ़ के प्रकाश कुमार ने 117.25 अंक हासिल किये हैं।

## राष्ट्रीय खेल : वुशू में यूपी ने जीते चार स्वर्ण

**लखनऊ।** उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश के लिए तब सुपर बन गया जब वुशू खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक अपने नाम किए। देहरादून में हुई वुशू की स्पर्धाओं में शनिवार को सूरज यादव, अभिषेक तंवर, प्रेरणा व श्रुति ने स्वर्णिम सफलता हासिल कर उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित किया। इसी के साथ भानू सिंह ने रजत पदक जीता जबकि दो खिलाड़ियों को कांस्य पदक मिले। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने शनिवार को 4 स्वर्ण, 1 रजत व 2 कांस्य पदक जीत लिए है। इसी के साथ उत्तर प्रदेश अब तक राष्ट्रीय खेलों में 4 स्वर्ण, 2 रजत व 4 कांस्य सहित कुल 10 पदक अपने नाम कर चुका है। वूशु के सांडा इवेंट में पुरुष 70 किग्रा भार वर्ग में वाराणसी के सूरज यादव ने एवं गौतमबुद्ध नगर के अभिषेक तंवर ने 90 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। सांडा इवेंट के महिला वर्ग में यूपी पुलिस की प्रेरणा ने 60 किग्रा भार वर्ग एवं यूपी पुलिस की ही श्रुति सरवैया ने 70 किग्रा भार वर्ग में स्वर्णिम सफलता हासिल की।

## सार संक्षेप

### हीली डब्ल्यूपीएल 2025 में नहीं खेलेंगी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली दाएं पैर में खिंचाव की चोट के कारण आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 में नहीं खेल पाएंगी। उनके भारत में होने एकदिवसीय विश्वकप में खेलने को लेकर भी संशय हैं। हीली ने डब्ल्यूपीएल में न खेलने की पुष्टि करते हुए कहा कि दुर्भाग्य से मुझे कुछ महीनों का समय मिला है, इसलिए मैं इससे बेहद निराश हूं। लेकिन साथ ही मैं थोड़ा सा समय पाकर भी खुश हूं और अपने शरीर को ठीक करने का प्रयास करूंगी। शायद 18 महीने मेरे लिए सचमुच बहुत निराशाजनक रहे हैं। आगामी एकदिवसीय विश्वकप को लेकर उन्होंने कहा कि आप खेलकर स्वयं को ठीक कर लेते हैं और कुछ गलत हो जाता है। इसलिए मैं बस कुछ चीजों पर ध्यान दे रही हूं कि कैसे मैं बेहतर हो सकती हूं। शायद कुछ क्षेत्रों में थोड़ा और अनुशासित हो सकती हूं तथा यह सुनिश्चित करूंगी कि मैं विशेष रूप से उस एकदिवसीय विश्वकप के लिए ठीक हो जाऊ।

### पंजाब ने बास्केटबॉल में तमिलनाडु को दी शिकस्त

**देहरादून।** रविवार को बास्केटबाल के फाइनल मैच में पंजाब के खिलाड़ियों ने तमिलनाडु को हराकर, अपना परचम फहरा दिया। मैच के दौरान, उपस्थित मेजबान उत्तराखंड राज्य की खेल मंत्री रेखा आर्या ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। श्रीमती आर्या देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम के भागीरथी इनडोर हॉल में पुरुष वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच देखने पहुंची। फाइनल में रोमांचक मुकाबले में पंजाब ने तमिलनाडु को शिकस्त दी। मंत्री ने करीब डेढ़ घंटे तक यह मैच देखा और उसके बाद विजेता टीमों को पदक वितरण किया। इसके अलावा, उन्होंने महिला वर्ग बास्केटबॉल प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को भी पदक पहनाए। इसके बाद उन्होंने स्टेडियम में ही स्क्वैश प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल पहनाए और उन्हें जीत पर बधाई दी।

# दुबई में हमारा मिशन सिर्फ एक मैच नहीं, बल्कि चैम्पियंस ट्रॉफी जीतना है : गंभीर

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में शुरू होने में मात्र 17 दिन शेष हैं। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि उनकी टीम प्रतियोगिता में प्रत्येक मैच जीतने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, न कि केवल चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में जीत हासिल करने पर। 2002 और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम 23 फरवरी को दुबई में पाकिस्तान से भिड़ेगी। मुंबई में बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह के अवसर पर गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि हम चैंपियंस ट्रॉफी में यह सोचकर नहीं जाते कि 23 तारीख का मैच हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि पांच मैच, सभी मैच महत्वपूर्ण हैं। दुबई जाने का मिशन चैंपियंस ट्रॉफी जीतना है, न कि केवल एक विशेष मैच जीतना। उन्होंने कहा कि लेकिन हां, यदि यह चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बीच का एक मैच है, तो हम इसे यथासंभव गंभीरता से लेने का प्रयास करेंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब दो देश, भारत और पाकिस्तान, एक दूसरे के खिलाफ खेलते हैं, तो जाहिर है कि भावनाएं बहुत अधिक होती हैं, लेकिन अंत में यह एक मुकाबला ही रहता है। भारत को 20 फरवरी और 2 मार्च को दुबई में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी भिड़ना है। यह मैच आठ टीमों के टूर्नामेंट के नॉकआउट में प्रवेश करने के लिए जीतने बहुत महत्वपूर्ण हैं। गंभीर ने यह भी महसूस किया कि एकदिवसीय विश्व कप की तुलना में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान गलती की बहुत कम गुंजाइश होती है। गंभीर ने कहा कि 50 ओवर के विश्व कप की तुलना में चैंपियंस ट्रॉफी एक पूरी तरह से अलग चुनौती है क्योंकि हर खेल सचमुच निर्णायक होता है,

■ भारत को 20 फरवरी और 2 मार्च को दुबई में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी भिड़ना है




# एसए20 : डरबन सुपर जायंट्स ने रोमांचक जीत के साथ किया अपने अभियान का अंत

**जोहान्सबर्ग,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। डरबन सुपर जायंट्स ने वांडरर्स में जोबर्ग सुपर किंग्स पर 11 रन की रोमांचक डीएलएस जीत के साथ सीजन-3 में अपने अभियान का अंत किया। इस नतीजे के साथ जेएसके ग्रुप स्टेज लॉग स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर रहा और बुधवार को सेंचुरियन में एलिमिनेटर में तीसरे स्थान पर रहने वाली सनराइजर्स ईस्टर्न केप का सामना करेगा। डीएसजी के हेनरिक क्लासेन ने 47 गेंदों पर नाबाद 76 रन बनाकर मेहमान प्रशंसकों को खुश होने का मौका दिया। इस प्रक्रिया में, क्लासेन एसए-20 में 1000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। क्लासेन ने केन विलियमसन (22) के साथ 43 गेंदों पर 64 रन और वियान मुल्डर (नाबाद 30) के साथ 43 गेंदों पर 70 रन की दो मजबूत साझेदारियां की, जिससे डीएसजी 173/4 पर पहुंच गया। सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज लुथो सिपामला ने एक बार फिर 1-12 के चार ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया। इसमें ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस का बड़ा विकेट भी शामिल था।

## सुडोकू 6814 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 | 8 | 6 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 9 | 5 |

# मांडविया की अगुवाई में 250 से अधिक लोगों ने चलाई साइकिल

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मोटापे के खिलाफ मुहिम के तहत रविवार को 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में 250 से अधिक साइकिल चालकों की अगवुाई की। आज यहां मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में इस सप्ताह के फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम में चिकित्सकों और पोषण विशेषज्ञों के असंख्य समूह ने भाग लिया। इस अवसर पर पेरिस पैरालिंपिक पदक विजेता रुबीना फ्रांसिस के साथ-साथ भारती कॉलेज दिल्ली और सोनिया विहार वाटर स्पोर्ट्स क्लब के कई युवा भी मौजूद रहे। आज सुबह श्री मांड़विया ने कहा कि मोटापा एक बड़ा मुद्दा है और युवाओं के लिए एक बड़ी चुनौती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि आठ में से एक व्यक्ति मोटापे से ग्रस्त है।

इसलिए इन दिनों व्यायाम और खेल खेलना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों में इसका उल्लेख किया। हमें अपने तेल की खपत कम करनी होगी और अपने खान-पान के प्रति बहुत सचेत रहना होगा।



इस तरह की पहल देश को अच्छे स्वास्थ्य की ओर ले जाती है और मोटापे के खिलाफ लड़ाई लड़ती है : रुबीना फ्रांसिस

### 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' धीरे-धीरे उत्सव का रूप ले रहा है : मंडाविया

**नई दिल्ली,** 2 फरवरी (एजेंसियां)। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' लोगों को फिटनेस अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने रविवार को कहा कि यह पहल धीरे-धीरे एक उत्सव का रूप ले रही है। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया गया तथा बताया गया कि सफलता प्राप्त करने के लिए स्वस्थ शरीर महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया 'फिट इंडिया' अभियान का समर्थन कर रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य पूरे देश में फिटनेस और स्वास्थ्य की संस्कृति का निर्माण करना है। केंद्रीय खेल मंत्री ने साइकिलिंग इवेंट की बढ़ती सफलता पर कहा कि 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' धीरे-धीरे एक उत्सव का रूप ले रहा है, जिसमें प्रत्येक रविवार को अलग-अलग थीम पर पूरे देश में साइकिलिंग इवेंट आयोजित किए जा रहे हैं। आज, मुझे दिल्ली और पूरे देश के डॉक्टरों को रविवार को साइकिल चलाते और अपना संदेश फैलाते हुए देखकर खुशी हो रही है।

मोटापे से लड़ने के लिए हमें अपने आहार पर नियंत्रण रखना चाहिए। एक अच्छा आहार एक स्वस्थ भारत और मोटापे के खिलाफ एक मजबूत लड़ाई सुनिश्चित करेगा।



# लहसुन की उन्नत खेती



लहसुन महत्वपूर्ण बल्ब फसलों में से एक है। यह एक मसाला के रूप में भारत में प्रयोग किया जाता है। लहसुन की खेती आम तौर पर आंध्रप्रदेश, उत्तर प्रदेश मद्रास और गुजरात में खेती की जाती है।

लहसुन कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फॉस्फोरस का एक प्रचूर स्त्रोत के रूप में माना जाता रहा है। लहसुन में वाष्पशील तेल पाया जाता है। लहसुन अपच में मदद करता है। यह मानव रक्त में कोलेस्ट्रॉल कम कर देता है।

**लहसुन की खेती के लिए मौसम और जलवायु**

लहसुन की खेती कई प्रकार की जलवायु में की जा सकती है। तथापि बहुत गर्म या ठंडे मौसम में इसकी खेती नहीं की जा सकती है। बल्बों के गठन के लिए लघु दिन बहुत ही अनुकूल होते है। इसे 1000–1300 मीटर समुद्र तल की ऊंचाई पर अच्छी तरह से उगाया जा सकता है।

**लहसुन के लिए खेत की तैयारी**

पहली जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से 15–20 से.मी. गहरी जुताई करनी चाहिए। इसके पष्चात् दो–तीन बार कल्टीव्हेटर चलाना चाहिए, जिससे ढेले टूट जाए और मिट्टी भुरभुरी हो जाती है। दूब या मौथा आदि खरपतवारों को जड़ सहित निकाल कर जला देना चाहिए।

खेत में 20–25 टन अच्छी तरह से सड़ी हुई गोबर की खाद डाल कर उसे हैरो से मिट्टी में अच्छी तरह से मिला देना चाहिए। अच्छी तरह तैयार खेत में भूमि के प्रकार, मौसम, वर्षा की मात्रा आदि को ध्यान में रखते हुए समतल क्यारियां बनाकर प्याज की रोपाई किया जाता है। ज्यादातर, समतल क्यारियां 1.5–2.0 मी. चौड़े और 4–6 मी. लम्बे बनते है। लेकिन समतल क्यारियां खरीफ या बारसात के मौसम के लिए उपयुक्त नहीं होते है। इस मौसम के लिए ऊंचे मेड़ बनाने चाहिए ताकी पानी की निकासी हो सके।

**लहसुन उगाने के लिए मिट्टी**

लहसुन की खेती मध्यम काली से चिकनी बलुई मिट्टी, जिसमें पोटाष की काफी अच्छी मात्रा हो अच्छी मानी गई है। लहसुन जमीन के नीचे तैयार होने वाली फसल हैं, जिसकी जडें जमीन से अधिकतम 20–25 सें.मी. तक जाती है।

कन्दीय फसल होने के कारण भुरभुरी तथा जल निकास वाली भूमि उत्ताम मानी जाती है। बलुई दोमट भूमि सर्वोत्ताम होती है। अन्य भूमि में भी उगाई जा सकती हैं। लहसुन की खेती के लिए भारी मृदा उपयुक्त नहीं होती है, क्योंकि इसमें जल निकास उपयुक्त नहीं होने के कारण कन्दों का समुचित विकास नहीं हो पाते तथा कंद छोटे रह जाते है, इस कारण भारी मृदा में लहसुन नहीं लगाना चाहिए।

भूमि का पीएच मान 5.8–6.5 के मध्य होना चाहिए।

लहसुन बोने के लिए बीज दर और बुवाई का समय

लहसुन के लिए 400–500 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर बीज पर्याप्त होती है। लहसुन की खेती रबी और गर्मी के दिनों में की जाती हैं। अगस्त–नवम्बर तक इसे लगाया जा सकता है।

**लहसुन की उन्नत किस्म**

**गोदावरी** –यह किस्म जामनगर संग्रहण से चयन द्वारा विकसित है बल्ब आकार में मध्यम और गुलाबी रंग का होता है। प्रति बल्ब 25–30 कलियां होती है। यह किस्म माहू के लिए सहनषील हैं। अवधि 130–140 दिन है। औसत उपज 150 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होता है।

**श्वेता** – बल्ब का आकार मध्यम व सफेद रंग होता हैं। प्रति बल्ब 20–25 कलियॉ होती है। अवधि 120–130 दिन हैं। औसत उपज 130 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है।

**भीमा ओमेरी** – रबी मौसम के लिए उपयुक्त सफेद कंद 120–135 दिन में परिपक्वता, औसत उपज 10–12 टन/हे., उपज क्षमता 14 टन/हे., 6–8 माह तक भण्डारण योग्य।

इसके अलाव फवारी, राजली गादी जी–451, सलेक्षन–2, सलेक्षन–10 किमे भी बहुत पापुलर है।

**लहसुन की रोपाई**

कलियां का चयन लहसुन के रोपण लिए महत्वपूर्ण हैं। बीज लहसुन बल्ब से अलग–अलग कलियॉ बोने से पहले अलग कर लें, लेकिन लंबे समय से पहले नहीं। बड़ी कलियां रोपण के लिए चयनित किया जाना चाहिए। छोटे, रोगग्रस्त और क्षतिग्रस्त कलियॉ का चयन नहीं करना चाहिए। कलियां को कार्बेन्डाजिम 0.1 प्रतिषत की घोल से उपचारित करना चाहिए जिससे कवकजनित रोगों के प्रभाव को कम किया जा सके। लहसुन के लिए बीज दर 400–500 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर पर्याप्त होती हैं। चयनित कलियॉ 10 से.मी. दुरी पर कलियॉ लगाई जानी चाहिए।

**लहसुन में खरपतवार प्रबंधन**

लहसुन कलियों का अंकुरण 7–8 दिनों में होता है। लेकिन खरपतवार 3–4 दिन बाद लहसुन के रोपण के उपरान्त उग जाते है। जिसका उचित प्रबंधन अति आवष्यक है। लहसुन में खरपतवार की रासायनिक प्रबंधन के लिए पेन्डिामेथेलिन 30 ई.सी. /3.5–4 मि.ली. प्र्रति लिटर पानी या ऑक्सीफलोरोफेन 25 अनुपात ई.सी. /1.52 मि.ली. प्रति लिटर पानी के साथ बुवाई से पहले या बुवाई के बाद स्प्रे किया जा सकता है।

**लहसुन में निदाई–गुड़ाई**

पहली निदाई गुड़ाई हाथ या खुरपी से बुवाई के एक महीने बाद किया जाना चाहिए। दूसरी निदाई–गुडाई बुवाई के दो महीने के बाद किया जाता है। बल्ब के उचित विकास के लिए निदाई–गुडाई अति आवष्यक है।

**लहसुन में खाद एवं उर्वरक**

गोबर की खाद या कम्पोस्ट 200–300 क्विंटल प्रति हेक्टर तथा नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं पोटाष क्रमशः 100,50,50 किलों प्रति हेक्टर आवष्यक है। गोबर की खाद या कम्पोस्ट, फास्फोरस तथा पोटाष की पूरी मात्रा एवं नाइट्रोजन की 1/3 मात्रा भूमि के तैयारी के समय तथा नाइट्रोजन की बाकी मात्रा को दो भाग में बांटकर रोपाई के 25–30 दिन एवं 40–45 दिन में गुडाई करते समय देना चाहियें।

**लहसुन में सिंचाई**

पहली सिंचाई बुवाई के बाद दिया जाता है। लहसुन की फसल को शुरूआत में हल्का परन्तु कम अंतर पर पानी की आवश्यकता होती है सुखे खेत में रोपाई के तुरन्त बाद सिंचाई की जानी चाहिए। नयी जडें विकसत होने तक खेत में पर्याप्त नमी होना आवष्यक हैं। इसलिए रोपाई के बाद की गई सिंचाई के दो–तीन दिन बाद दूसरी सिंचाई की आवश्येकता होती है। एक बार पौधों को स्थापित हो जाने के बाद आरंभिक समय में पानी की आवश्यकता कम हो जाती हैं। परन्तु जैसे–जैसे पौधो की वृध्दि होती है। उनकी पानी की आवश्यकता बढ़ने लगती है। पौधों में गांठ बनना आरंभ होने से कन्दों के पूर्ण विकास तक (रोपाई के 60–110 दिन तक) नियमित रूप से सिंचाई की आवश्यकता होती है। रोपाई के तुरन्त अंतराल पर एक सिंचाई की जाती हैं इसके बाद मौसम के अनुसार रबी मौसम (नवम्बर–जनवरी) में 10–12 दिन के बाद सिंचाई की जाती है फरवरी–अप्रैल माह में 7–8 दिनों के अन्तराल पर सिचांई की जानी चाहिए।

**लहसुन की खुदाई**

लहसुन 41/2 से 5 महीनों की अवधि का फसल हैं। जब पत्ते पीले या भूरा होने प्रारंभ करें और सूखने के लक्षण दिखाने तब पौधे कटाई के लिए तैयार हो जाते हैं। देषी हल की मदद से पौधे को बाहर निकाल ले। और कम से कम 2–3 दिनों के लिए खेत में सुखने के लिए छोड़ दें ताकि बल्ब की गुणवत्ता लंबे समय के बरकारार रहे बल्ब या उन्हें सूखी फर्श पर एक अच्छी तरह हवादार कमरे में फर्श पर सूखी रेत पर रखते है।

**लहसुन की उपज**

50–70 क्विंटल प्रति हेक्टेयर लहसुन की उपज प्राप्त की जाती हैं।

**लहसुन का भण्डारण**

लहसुन के अधिक समय तक भण्डारण के लिए भण्डारणगृहों का तापमान तथा अपेक्षाकृत आर्द्रता महत्वपूर्ण कारक हैं अकणक आर्द्रता (70 अनुपात से अधिक) लहसुन के भण्डारण का सबसे बड़े शत्रु है। इससे फफुंदों का प्रकोप भी बढ़ता है व लहसुन सड़ने लगता हैं। इसके विपरीत कम आर्द्रता (65 अनुपात से अधिक) होने पर लहसुन के वाष्पोर्त्सन अधिक होता हैं तथा वजन में कमी अधिक होने लगती हैं। लम्बे समय तक भण्डारण के लिए भण्डार के गृहों का तापमान 1–0 सेंटीग्रेड तथा 65–70 प्रतिशत के मध्य आर्द्रता होनी चाहिए।

मई–जून के महीनों में भण्डार गृहों का तापमान अधिक होने से तथा नमी कम होने से वजन में कमी अधिक होती हैं।

**लहसुन फसल पर लगने वाली बिमारियां**

**लहसुन का आर्द्र गलन**

यह रोग स्केलेरोशियम राल्फसी नामक कवक से होता हैं जो कि पौधशाला में बीज अंकुरण के बाद पौधों की बढ़वार के समय प्रभावित करता हैं जिससे पौधे पीले पड़ने लगते हैं पौधों का जमीन से लगने वाला भाग सड़ने लगता हैं और फिर पौधे सूखने लगते है। मुरझाये हुए पौधों के जमीन वाला भाग कवक के सफेद तन्तु विकसित होते हैं जिन पर सफेद रंग छोटी दानेदार रचना होती हैं। पौधषाला में यदि जल निकास अच्छा न हो, तो इस रोग का प्रकोप अधिक होता है।

**रोकथाम–**

बुवाई से पूर्व बीज का केप्टान (2–3 ग्राम प्रति किग्रा बीज) से उपचारित करना चाहिए। ट्राईकोडर्मा विरिडीस प्रति किलो 4 ग्राम की दर से बीजों को उपचारित करना चाहिए। पौधेशाला कभी भी उठी हुई क्यारियों पर तैयार करना चाहिए। इससे जलनिकास अच्छा होता है।

**लहसुन का बैंगनी धब्बा**

यह रोग अल्टरनेरिया पोरी नामक कवक से होता हैं। यह रोग पौधों की किसी भी अवस्था में आ सकता है। इस रोग में पतियो या पुष्प (फूल) गुच्छा की डणिडयों पर आरंभ में छोटे, दबे हुए, बैंगनी केन्द्र वाले लंबवत सफेद धब्बे बनते है। यह धब्बे धीरे–धीरे बढने लगते हैं तथा आरंभ में धब्बे बैंगनी होते है। जो बाद में काले हो जाते है। ऐसे अनेक धब्बे बडे होकर आपस में मिल जाते है और पतियां पीली पड़कर सूख जती हैं। खरीफ मौसम में इस रोग का अधिक प्रकोप होता है।

# कम्पोस्ट खाद से बढ़ाएं खेती की पैदावार

कंपोस्ट खाद जैव कृषि का मुख्य घटक है। नम जैव पदार्थों का ढेर बनाकर कुछ काल तक प्रतीक्षा करना ताकि इसका विघटन हो जाय। गोबर व फ़सल के अवशेष,सब्ज़ियों के छिलकों व कूडा –करकट, मिट्टी को कुछ विशेष परिस्थितयों में रखकर तैयार की जाती है । कम्पोस्ट एक प्रकार की खाद है जो जैविक पदार्थों के अपघटन एवं पुनःचक्रण से प्राप्त की जाती है। विघटन क्रिया में दो तीन हफ़्ते लग सकते हैं । विघटन प्रक्रिया के बाद वह ह्यूमस में बदल जाता है। और कम्पोस्ट कहलाता है ।

कंपोस्ट खाद में पौधे के ज़रूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। कंपोस्ट खाद के उपयोग से पौधे बड़ी तेज़ी से बढ़ते है। फलन अच्छी होती है। काम्पोस्ट खाद से तैयार अनाज की आज कल बाज़ार में बड़ी मांग है। सुपर मार्केट में जैविक खेती से तैयार आम अनाज से काफ़ी महंगा बिकता है। कंपोस्ट खाद के प्लांट लगाकर कंपोस्ट खाद उत्पादन बहुत से किसानों के लिए यह उनका प्राइमरी बिज़नेस बन गया है। खेती किसानी डॉट ओर्ग से सीईओ व फ़ाउंडर मिस्टर राम अनुनाकी मानते है कि कम्पोस्ट खाद व जैविक खेती के लगातार प्रयोग से हम उर्वरा खो चुकी बंजर धरती माँ को पुनःजीवित कर सकते हैं । अधिक से अधिक किसान भाई कंपोस्ट खाद का खेतों से प्रयोग करें ।

**कंपोस्ट खाद के फायदे के बारें में –**

कंपोस्ट ख़ास बेहद सस्ती व बनाने में किसी विशेष तकनीक की ज़रूरत नही । कंपोस्ट खाद बनाने में बहुत कम ख़र्च आता है। कंपोस्ट खाद के बनाने में आवश्यक सामग्री हमारे आस पास ही मिल जाती है। कंपोस्ट खाद बनाने में उपयोग आने वाली सामग्री जैसे गोबर, फ़सल के अवशेष, घास–फूस, व अन्य घरेलू कचरे आदि हमें अपने घर के आस पास आसानी से व लगभग मुफ़्त मिल जाते हैं। कंपोस्ट खाद बनाने में किसी विशेष तकनीक की ज़रूरत नही होती है। कम पढ़ा लिखा किसान भी कम्पोस्ट खाद बड़ी आसानी से अपने घर पर बना लेगा।

पौधे कम्पोस्ट खाद से मिलने वाले पोषक तत्वों की सीधे अवशोषित करते हैं ङ्क रासायनिक खादों से मिलने वाले पोषक तत्व को पौधे भले ना सीधे ग्रहण करते हों। किंतु कम्पोस्ट खाद से मिलने वाले पोषक तत्वों को पौधे बड़ी सरलता से ग्रहण करते हैं। जिससे पौधों की वृधि व बढ़वार जल्दी होती है।पौधे के लिए आवश्यक पोषक कम्पोस्ट खाद में मौजूद रहते हैं खेत में कम्पोस्ट खाद डालते ही जड़ों के द्वारा इसमें मौजूद पोषक तत्व पौधे को मिलते हैं। जिससे पौधा बड़ी तेज़ी से बढ़ते हैं। बढ़वार अच्छी होती है। जिसके परिणाम स्वरूप फ़सल की पैदावार अच्छी होती है। इसके साथ कंपोस्ट खाद से तैयार अनाज व सब्ज़ी उच्च गुणवत्ता वाली होती है। खेतों में कई साल तक कंपोस्ट खाद का प्रयोग करते रहने से मिट्टी की संरचना सुधरती है । मिट्टी का गठन सही होने से उसमें जल धारण की क्षमता बढ़ती है। जिससे पौधों की जल माँग में कमी आती है। फ़सलों को बार बार पानी नही देना पड़ता है। जिससे सिंचाई कम करनी होती है। कंपोस्ट खाद सिंचाई में होने वाले ख़र्च को भी कम करता है। रासायनिक खादों से लगातार प्रयोग से मिट्टी में पोषक तत्वों की मात्रा घटने घटने लगती है । ज़मीन धीरे बंजर होने लगती है। जबकि कंपोस्ट खाद व जैविक खेती करने से पोषक तत्व ज़मीन में स्थिर रहते हैं। कई साल लगातार जैविक खेती करने व कम्पोस्ट खाद के उपयोग से बंजर ज़मीन भी उपजाऊ हो जाती है। इस तरह आप बंजर ज़मीन को कंपोस्ट खाद से उपजाऊ बना सकते हैं। कम्पोस्ट खाद ईको फ्रेंडली होती है। कम्पोस्ट खाद प्रकृति में मौजूद वस्तुओं के प्रयोग से बनायी जाती है। इसलिए इससे पर्यावरण को कोई नुक़सान नही पहुंचता। बल्कि रासायनिक खादों से मृदा व जल प्रदूषित हो जाते हैं।

# खाद्यान्न उत्पादन हेतु उपलब्ध नवीनतम तकनीकें

उत्पादन बढ़ाने के कुछ उपाय हैं – उत्पादकता में वृद्धि, संसाधन दक्षता, उत्पादन लागत में कमी, फसल सघनता में वृद्धि तथा उच्च मूल्य वाली फसलों द्वारा विविधता में वृद्धि। प्रधानमंत्री जी का दृष्टिकोण 2022 तक किसान की आय दुगुनी करने का है जिसमे समाहित है – प्रति बूंद ज्यादा उत्पादन, बीज प्रतिस्थापन दर में वृद्धि, मृदा परीक्षण के आधार पर पोषण प्रबंधन तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण, कृषि उपज सुरक्षित रखने हेतु वेयरहाउस व शीत गृह का निर्माण, कृषि उपज का मूल्य संवर्धन, राष्ट्रीय कृषि मंडी का निर्माण, ई–पटल के द्वारा देश की सभी मंडियों को जोडना, ज्यादा से ज्यादा फसलों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लाना व किश्त की राशि कम रखना तथा सहायक कृषि कार्यों जैसे मुर्गीपालन, रेशम उत्पादन को बढ़ाना। उत्पादन में आयी कमी तथा उत्पादन लक्ष्य में आयी दरार को पाटने हेतु निम्न अद्यतन तकनीकं कारगर साबित हो सकती हैं –

**उपग्रह संचार तथा मानचित्रण तकनीक**

भारत के बहुत से उपग्रह अंतरिक्ष से जानकारी लगातार भेजते रहते हैं जो कि मौसम, बाढ़, तूफान, प्राकृतिक आपदाएं जैसे मृदा क्षरण आदि से संबधित होते हैं। भविष्य में सेवा प्रदाताओं द्वारा किसानों व स्थानीय प्रशासन को उपरोक्त जानकारी समय पर उपलब्ध कराने होने वाले संभावित खतरे को कम किया या टाला जा सकता है। आज स्मार्ट फोन द्वारा अनेकों एप के माध्यम से भी किसान उपरोक्त जानकारी को समय रहते प्राप्त कर सकते हैं। पत्ती सेंसर द्वारा फसल जल मांग का समय व देने वाले जल की मात्रा का भी निर्धारण किया जा सकता है। पशुओं के कान में लगे सेंसर से उनकी नींद, बैठने व खाने की जानकारी संग्रहित कर उनका उत्पादन बढ़ाया जा सकता है।

**सिंचाई प्रबंधन**

यह अनुमान लगाया गया है कि जलवायु परिवर्तन जल उपलब्धता को घटाएगी अतः कम जल लागत वाली तकनीक जैसे लेजर मशीन से भूमि समतलीकरण, धान उत्पादन की एसआरआई (श्री) विधि, धान की सीधी बुवाई, स्थाई ऊँची क्यारी पद्धति (रेज्ड बेड) का अनुकरण ही लाभदायक होगा। तकनीकों द्वारा जल गुणवत्ता, उपस्थित लवणों की सांद्रता इत्यादि के बारे में पता लगाया जा सकता है। सौर ऊर्जा का प्रयोग पम्प व मोटर चलाने में किया जा सकता है। खुली सिंचाई का प्रयोग न करके स्प्रिंकलर व टपक सिंचाई पद्धति का प्रयोग करके जल की बचत की जा सकती है।

**उन्नत बीज का प्रयोग**

जीएम (अनुवांशिक रूप से परिवर्तित) तथा संकर किस्मों का प्रयोग किया जाये जिसमे कीटों व बीमारी से बचाने के गुण मौजूद हों ताकि हानिकारक रसायनों का प्रयोग खेती में कम से कम किया जा सके व पर्यावरण संतुलन बना रह सके।



कम अवधि की किस्मों का तथा ऐसी किस्मों का प्रयोग किया जाये जिनकी जल मांग कम हो तथा प्रतिकूल परिस्थिति में भी इष्टतम उपज दे सकें। बीज प्रतिस्थापन दर बढ़ाई जाये ताकि पुरानी किस्मों का स्थान नयी किस्में एक तय अंतराल पर लेती रहें। बीज का उपचार फफूंदनाशी, कीटनाशी व जैव उर्वरकों से करने के बाद ही बोनी करना चाहिए।

**संरक्षित खेती**

इस खेती का प्रथम प्रयास ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा कम करने का है तथा भूमि में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ाने का है। जिससे मृदा की जल धारण क्षमता बढ़ती है, मृदा संरचना में सुधार होता है, जल की अन्तः स्पंदन दर बढ़ती है फलस्वरूप बाढ़ खतरा कम होता है, मृदा क्षरण कम होता है तथा सूखे के समय फसल पर प्रतिकूल प्रभाव कम पड़ता है। इस विधि में मृदा की जुताई कम से कम की जाती है तथा फसल अवशेषों को जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध होता है। इस खेती में मुख्यतः बिना जुताई की खेती (जीरो टिलेज) जीरो टिल ड्रिल अथवा हैप्पी सीडर से की जाती है। पूर्व फसल के अवशेषों का निपटारा इसमें मुख्य समस्या होती है क्योंकि आजकल फसलों की कटाई कम्बाईन हार्वेस्टर से की जाती है जिसमे कटाई बाद फसल के अवशेष व नरवाई बचती है जो की अगली फसल हेतु खेत तैयार करने में कठिनाई पैदा करती है। इस समस्या से निपटने हेतु हैप्पी टर्बो सीडर सबसे उपयुक्त मशीन पाई गयी है जो खड़े फसल अवशेष के बीच एक बार में ही बखरनी तथा बोनी कर देता है। इसके कारण मृदा हलन चलन कम से कम होता है तथा खरपतवार के बीज कम से कम उगते हैं। धान के खेत को मचाकर बोनी करने की जगह सीधी बुवाई करने से समय पर बोनी होने के साथ पानी की बहुत बड़ी मात्रा की बचत होती है तथा खेत की मचाई से मृदा की संरचना को होने वाले नुकसान से भी बचाया जा सकता है।

फसल संरक्षण

नए रसायनों, जैव पदार्थों व जैविक उत्पादों का प्रयोग बढ़ाया जाये जो कि लक्षित पीड़कों, बीमारियों तथा खरपतवारों का नियंत्रण कर सकें। समन्वित कीट व फसल नियंत्रण को अमल में लाकर खेती की लागत को कम करने का प्रयास किया जाना चाहिए। सेवा प्रदाताओं द्वारा आर्थिक क्षति स्तर का आकलन करके समय रहते कीट व बीमारियों के बारे में आगाह किया जाये ताकि उत्पादन ह्रास को **रोका जा सके।**

**कृषि उपकरण, रोबोटिक व कृत्रिम बुद्धि आधारित मशीनें**

चालक रहित ट्रैक्टर, हार्वेस्टर व रोपाई मशीनों को उपग्रह से जोड़कर चलाने से बहुत सा मानव श्रम बचेगा जिनका प्रयोग और भी उत्पादक कार्यों में किया जा सकेगा तथा उत्पादन लागत में भी कमी आयेगी। छोटे मझोले व बड़े किसानों के उपयोग हेतु उपयुक्त मशीनें किराये पर सेवा प्रदाताओं (कस्टम हायरिंग) द्वारा उपलब्ध कराई जाये या उच्च श्रेणी के सेवा प्रदाता मशीन के साथ–साथ उसकी मरम्मत व सुधार भी समय–समय पर करें ताकि उनका समुचित उपयोग हो सके।

**खड़ी/उर्ध्व खेती**

खेती के लिए उपलब्ध जमीन घटती जा रही है क्योंकि शहरों का विस्तारीकारण एवं जनसंख्या विस्फोट चरम पर है अतः इसके समाधान के तौर पर एरोपोनिक्स व अक्वापोनिक्स का चलन बढ़ाना होगा जिससे शहरी जनसंख्या को ताजे व रसायन रहित फल व सब्जी की उपलब्धता लगातार बनी रह सके।

**उपज उपरांत प्रबंधन**

आधुनिक संग्रहण कक्ष/वेयरहाउस का निर्माण किया जाये जो कि कंप्यूटर से जुड़ा हो तथा जिसमे धूम्रण के द्वारा अनाज के कीड़ों व फफूंद का नियंत्रण आवश्यकतानुसार स्वतः होता रहे। प्रत्येक वेयरहाउस में ग्राम समूहों के उपज को रखने की सुविधा किराये आधार पर हो तथा ये आवागमन की सुविधा व बाजारों से जुड़े रहें ताकि कृषि उपज का उचित मूल्य मिल सके। अनाजों की निर्यात पैकिंग करने पर वे कीट मुक्त व ताजे बने रहते हैं।

# तोरई की खेती कब करें

तुरई खेती के लिए किसान लो टनल पॉलीहाउस में बीजारोपण करने की तैयारी कर रहे हैं ताकि यहां नियंत्रित तापमान में पौध तैयार की जा सके। समय से बिजाई का उपयुक्त समय जनबरी के बाद आता है। कद्दू वर्गीय किसी फसल को लगाने के लिए फरबरी में ही उपयुक्त तापमान आता है।

**तोरई की खेती करने का तरीका**– कुछ लोग लो–टनल में पौध तैयार करके उन्हें जनवरी के अंत या फरवरी के प्रारंभ में खेत में रोपते हैं। दूसरा तरीका मल्चिंग का है। इस तकनीक में बीज जमीन में समय से पूर्व ही लगा दिए जाते हैं। इन्हें पॉलीथिन सीट से ढ़क दिया जाात है। बाद में अंकुरण होने और बढ़बार शुरू होने तक ढँक कर रखा जाता है। पॉलीथिन सीट तब हटाई जाती है जबकि मौसम सामान्य हो जाए।

**तोरई के लिए कैसी मिट्टी चाहिए**– यह नगदी फसल है और बाजार में इसकी कीमतें बहुत ज्यादा न गिरने से किसानों को इसकी खेती से नुकसान नहीं होता । तोरई उचित जल निकासी वाली मिट्टी, मीठा पानी और गर्म जलवायु में अच्छा उत्पादन देती है। शुष्क और आद्र मौसम में इससे अच्छा उत्पादन मिलता है। अच्छे उत्पादन के लिए सब्जी वाली फसलों में कम्पोस्ट खाद का प्रयोग करना बेहद आवश्यक है।

**उन्नत किस्मों का चयन**– तोरई की अनेक उन्नत किस्में हैं। सस्ते बीज सरकारी संस्थानों में मिलते हैं। प्राईवेट कंपनियों के अनेक हाइब्रिड बाजार में मौजूद हैं। घिया तोरई, पूसा नसदार किस्म जिसे कुछ इलाकों में खर्रा भी कहा जाता है दिल्ली जैसे महानगरों में पसंद की जाती है। इसे दूसरे शहरों तक पहुंचाने में फल कम घिसते हैं। सरपुतिया, पंजाब सदाबहार, पी के एम 1, कोयम्बूर 2 आदि अनेक किस्में हैं। इनसे 70 से 80 दिन में फल मिलने शुरू हो जाते हैं। उपज 200 से 250 कुंतल प्रति हैक्टेयर मिलती है।

**बीजारोपण**– खेत को अच्छे से तैयार करते हैं। सड़ी गोबर की खाद जोत में मिलाते हैं। इसके बीजों को खेत में उगाने से पहले थीरम या बाविस्टीन से उपचारित कर लेना चाहिए. ताकि पौधे को शुरुआत में होने वाले रोगों से बचाया जा सके। एक हेक्टेयर में इसकी रोपाई के लिए दो से तीन किलो बीज काफी होता है। खेत में तीन से चार मीटर की दूरी पर नाली बना लेते हैं। इनके किनारों पर बीज रोपकर पानी लगा देना चाहिए।

**पौधों की सिंचाई**– तोरई के पौधों को सिंचाई की जरूरत बीजों के अंकुरित होने और पौधों पर फल बनने के दौरान अधिक होती है। इस दौरान पौधों की तीन या चार दिन के अंतराल में हल्की हल्की सिंचाई करते रहना चाहिए। खेत में 100 किलोग्राम एनपीके आखिरी जुताई में मिलाने और गोबर की खाद डालने के बाद किसी खाद की जरूरत नहीं होती। फसल विकास के समय बेहद हल्का यूरिया डालना चाहिए। खरपतवार नियंत्रण के लिए निराई गुडाई करते रहें।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com


## 8 संभागीय मुख्यालयों में 1760 अधिकारियों ने समझी सड़क-पुल निर्माण से जुड़ी बारीकियां

### विकसित टेक्नालॉजी के साथ इंजीनियर्स को अपडेट होना जरूरी: राकेश सिंह

**जबलपुर, देशबन्धु।** सड़कें और पुल प्रदेश में अच्छी गुणवत्ता के बनें, इसके लिये राज्य शासन लगातार कोशिश कर रहा है। इस कड़ी में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में पूरे प्रदेश में एक साथ विभाग की संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन प्रशासनिक अकादमी भोपाल के साथ प्रदेश के आठ संभागीय मुख्यालयों में एक साथ किया गया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कार्यशाला को जबलपुर से विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नवीनतम तकनीकों, उनके उपयोग और लाभों पर ध्यान केंद्रित करना था। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित अभियंताओं को आधुनिक निर्माण तकनीकों से अवगत कराया गया, जिससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता, स्थायित्व और पर्यावरण-अनुकूलता को बढ़ाया जा सके। मंत्री ने कहा कि जिस तरह से हर दिन सड़क निर्माण के क्षेत्र में नई-नई तकनीक आ रही हैं, उसके बाद लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स को भी अपडेट रखना होगा। तभी इस तरह के बदलाव का लाभ सड़क, पुल निर्माण के क्षेत्र में मिल सकेगा।

कार्यक्रम में उप यंत्री से लेकर अधीक्षण यंत्री स्तर तक के लगभग 1760 अभियंताओं ने भाग लिया। राज्य स्तर से मुख्य अभियंताओं के आठ दल अलग-अलग संभागों में भेजे गए, जिन्होंने नवीन तकनीकों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। जबलपुर संभाग में प्रशिक्षण का आयोजन घंटाघर के समीप स्थित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस कल्चरल एंड इर्न्फोमेंशन सेंटर में किया गया। इसमें लगभग 243 प्रतिभागियों ने भाग लिया। राज्य स्तर से प्रमुख अभियंता (भवन) शालिग्राम बघेल एवं मुख्य अभियंता (भवन) के.एस.यादव प्रशिक्षक के रूप में शामिल हुये।



लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कार्यशाला को विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग में, जब टेक्नोलॉजी तेजी से विकसित हो रही है, तो इंजीनियर्स के लिए स्वयं को अपडेट रखना आवश्यक हो गया है। इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और स्मार्ट सॉल्यूशंस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, और इसी उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई है। सिंह ने कहा कि लोक निर्माण से लोक कल्याण तक का मार्ग इंजीनियर्स के माध्यम से ही संभव हो सकता है।

उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग की नींव तभी रखी गई थी जब देश में इस विभाग का गठन हुआ और तब से लेकर आज तक, यह विभाग लगातार समाज के विकास में योगदान दे रहा है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स द्वारा निर्मित संरचनाएं केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक और आध्यात्मिक केंद्रों तक पहुँच इन्हीं संरचनाओं के माध्यम से होती है, जो लोक कल्याण की दिशा में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का गठन लोक कल्याण के लिए हुआ है, और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, इंजीनियर्स को अपने कर्तव्यों को समझते हुए कार्य करना चाहिए।

**नवीनतम तकनीकों के लाभ को बताया-** इस अवसर पर जानकारों ने अभियंताओं को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नवीनतम तकनीकों, उनके उपयोग और लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसमें प्रमुख रूप से व्हाइट टॉपिंग तकनीक, जो सड़कों की उम्र 15-20 साल तक बढ़ाकर रखरखाव की आवश्यकता को कम करती है तथा फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक, जो पुरानी सड़क सामग्री के पुनः उपयोग से किफायती और पर्यावरण-अनुकूल निर्माण सुनिश्चित करती है, शामिल थीं। अल्ट्रा-हाई परफॉर्मेंस कंक्रीट से हल्की और मजबूत सड़कें व पुल बनाए जाते हैं, जबकि वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग सड़कों को अधिक टिकाऊ और प्रदूषण-मुक्त बनाने में सहायक होता है। इसके अलावा, ग्लास फाइबर रिइनफोर्स्ड पॉलिमर बार तकनीक के उपयोग से जंग-प्रतिरोधी, हल्का और मजबूत निर्माण संभव होता है, खासकर नमी वाले क्षेत्रों में।

**इन सवालों का दिया जवाब**-ये प्रश्न मेंटी पोर्टल एवं गूगल फॉर्म के माध्यम से पूछे गए थे और क्यूआर कोड एवं लिंक सभी प्रतिभागियों के साथ शेयर किये गए थे। इन प्रश्नों में इंजिनियर्स द्वारा फेस की जा रही मुख्य चुनौतिया, पूर्व में आयोजित प्रशिक्षण, विभिन्न क्षेत्रों में इंजिनियर्स का तकनीकी कौशल, सॉफ्टवेयर एवं टूल्स के प्रशिक्षण की आवश्यकता, क्रॉस-फंक्शनल टीमों के साथ सहयोग, व्यवहारिक कौशल विकास आदि से सम्बंधित प्रश्न सम्मिलित थे। इस सत्र में प्रतिभागियों ने खुल कर अपने विचार रखे और विक्रांत तोमर प्रश्न भी पूछे। सत्र के दौरान प्रतिभागियों द्वारा दिए गए उत्तरों का समग्र एनालिसिस भी किया गया और विभिन्न विषयों पर सामूहिक विचारों को प्रदर्शित किया गया।

## मप्र बोर्ड परीक्षा में बदलाव विद्यार्थियों को अब नहीं मिलेगी पूरक उत्तर पुस्तिका

**जबलपुर, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू होंगी। इस बार अधिकांश शालाओं में विद्यार्थियों का जहां पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं हो पाया हैं वहीं कुछ शालाओं में अब भी युद्धस्तर पर तैयारियां जारी हैं। इस बीच खबर हैं कि इस बार परीक्षा में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। विद्यार्थियों को पूरक उत्तर उत्तर पुस्तिका नहीं दी जाएगी और उन्हें पूरी परीक्षा केवल 32 पृष्ठों की मुख्य उत्तर पुस्तिका में ही हल करनी होगी। पहले 20 पृष्ठों की उत्तर पुस्तिका दी जाती थी।

**मिलेगी बारकोड वाली उत्तरपुस्तिका-** उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर बारकोड लगाया जाएगा, जिससे छेड़छाड़ और हेरफेर की संभावना समाप्त होगी। विद्यार्थियों को अतिरिक्त पृष्ठ की सुविधा नहीं दी जाएगी, जिससे उत्तर लिखने में अधिक सुव्यवस्थित योजना की आवश्यकता होगी।

**उत्तर पुस्तिका की स्थिति पर सख्ती-** सिलाई खुली या टूटी हुई उत्तर पुस्तिका को नकल प्रकरण माना जाएगा। ऐसी उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं होगा। परीक्षा केंद्रों पर ध्यान रखा जाएगा कि केवल सही और सिलाईबद्ध उत्तरपुस्तिकाएं ही वितरित की जाएं। इस बार 10 वीं और 12 वीं कक्षा के कुल 16.61 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा संचालन में 45,000 अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी शामिल रहेंगे। प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका के वितरण में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। प्रश्नपत्रों के बंडल पुलिस थानों से कड़ी निगरानी में निकाले जाएंगे। उत्तरपुस्तिकाओं का क्रमांक वार वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

## उमरिया में बांधवगढ़ के बाघ छोटा भीम की मौत

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के बाघ छोटा भीम की वन विहार भोपाल में मौत हो गई। कन्जेस्टिव हार्ट फेल्योर के कारण बाघ ने रविवार को दम तोड़ दिया।

छोटा भीम को पिछले साल 30 नवंबर को खितौली परिक्षेत्र से रेस्क्यू किया गया था, जहां उसके गले में क्लेच वायर का फंदा लगा था। गंभीर स्थिति को देखते हुए बाघ को तत्काल इलाज के लिए भोपाल के वन विहार भेजा गया था। लगभग दो महीने तक चले इलाज के बावजूद बाघ को बचाया नहीं जा सका। बाघ की मौत की पुष्टि के बाद चार सदस्यीय डॉक्टरों की टीम पोस्टमॉर्टम करेगी, जिससे मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। बताया जा रहा है



कि यह बाघ अपनी अलग पहचान के लिए जाना जाता था और पर्यटकों के बीच भी काफी लोकप्रिय था।

## श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर की कलश यात्रा ने रचा इतिहास : प्रहलाद

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर में श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर की भव्य कलश यात्रा ने निकली जिसने इतिहास रच दिया। इसमे श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और नगर में ऐसा भक्तिमय माहौल बना, मानो कोई कुंभ महोत्सव चल रहा हो।

इस मौके पर प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने इस ऐतिहासिक यात्रा की भव्यता को देखकर कहा, 'यह केवल एक शोभायात्रा नहीं, बल्कि नगर के सांस्कृतिक और धार्मिक एकता का जीवंत प्रमाण है। ऐसा लग रहा है मानो पूरा नगर कुंभ के रंग में रंग गया हो।'



**नगर के इतिहास की सबसे भव्य शोभायात्रा-** शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ हुई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, और नगर के विभिन्न मार्गों से होकर पुनः मंदिर परिसर में पहुंचे। जगह-जगह पुष्प वर्षा, तोरण द्वार और जल सेवा-भंडारे की व्यवस्था ने इस यात्रा को अद्वितीय बना दिया। श्रद्धा और सेवा की इस कड़ी में आज दोपहर 12.00 बजे नगर में विशाल कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सैकड़ों कन्याओं को विधिपूर्वक भोजन कराया जाएगा, और श्रद्धालु विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण करेंगे द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी महाराज का शाम 7: 00 बजे नगर आगमन होगा। उनके आगमन को लेकर नगरवासियों में भारी उत्साह है।

इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी एवं देव ठाकुर बाबा मंदिर के संरक्षक सदस्य मुलायम सिंह पटेल, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, मणी नागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सदस्य सचिव सरदार सिंह पटेल शामिल थे।

## उत्तर भारत की यात्रा करना होगा मुश्किल, दुर्ग- छपरा 38 दिन रद्द रहेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे द्वारा यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा मुहैया कराए जाने का प्रयास हमेशा से किया जाता है। परंतु विद्युतीकरण कार्य घना कोहरा और अन्य कारणों से ट्रेनों को रद्द भी किया जाता है। पश्चिम मध्य रेलवे से सटे हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन की सबसे प्रसिद्धि प्राप्त ट्रेन दुर्ग छपरा ट्रेन का संचालन 38 दिनों तक रद्द किया जा रहा है। इसके कारण दुर्ग रायपुर बिलासपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी व अन्य शहरों की यात्रा करने वाले यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा।

पमरे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक जीएम सिंग प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ.मधुर वर्मा शशांक गुप्ता, गुन्नार सिंह, ग्रेसियश नाजरात आदि अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की है और शीर्ष अधिकारियों द्वारा जबलपुर की बिलासपुर द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि कम से कम दिनों में ट्रेने रद्द रहें।

प्रयागराज, बनारस एवं छपरा की ओर आने और जाने वाले यात्रियों को इस माह में मुसीबत का सामना करना पड़ेगा। 13 जनवरी से इस माह की 26 फरवरी तक महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। वैसे तो रेलवे महाकुंभ के कारण प्रयागराज के लिए स्पेशल ट्रेनों को संचालित करेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन द्वारा मौसम का अनुभाव लगाते हुए दुर्ग से छपरा संचालित होने वाली ट्रेन का 38 दिनों तक रद्द रहेगा।

**छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी-** उल्लेखनीय है कि ट्रेन नम्बर 15159 छपरा दुर्ग एक्सप्रेस को दिसम्बर माह में भी दिनांक 2,4,7,9,11,14,18,21,23,25 एवं 28 एवं 30 दिसम्बर 2024 को जनवरी माह में 1,4,6,8, 11, 13,15,18,20,22,25,27 एवं 29 जनवरी को रद्द किया गया था।

**फरवरी माह में इन तारीख में रद्द होगी-** 1,3,5,8,10,12,15,17,19,22,24,26 फरवरी में ट्रेनें पटरी पर नहीं दौड़ेगी।

यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि यह ट्रेनों के संचालन रद्द होने से यात्रियों को दूसरा विकल्प खोजना पड़ेगा याने निजी वाहनों का उपयोग करके अपनी यात्रा करना होगी। इसके लिए यात्रियों की जेबें ढीली होंगी और अधिक पैसे का भुगतान करना पड़ेगा।

## ट्रक की चपेट में आये बाइक सवार दंपत्ति, पत्नी की मौत

**रीवा देशबन्धु।** बाइक सवार दंपत्ति ट्रक की चपेट में आ गये। इस दर्दनाक हादसे में पत्नी की घटना स्थल पर मौत हो गई, जबकि पति व बच्ची की हालत गंभीर है, जिन्हें उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना गुढ़ थाना क्षेत्र के चौड़ियार मोड़ में हुई है। जानकारी के अनुसार चौड़ियार निवासी शुभम रावत रीवा शहर में रह कर मजदूरी करता था। परिवार भी उसी के साथ रहता था। रविवार को वह अपनी पत्नी आंचल रावत व पुत्र माही रावत के साथ बाइक में सवार होकर गांव जा रहा था। गांव के पास ही विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने ठोकर मार दिया।


खुल गया खुल गया

शहर के प्रमुख स्थल पर स्थित होटल टाइगर इन के कैम्पस में 16000 एस्क्वायर फिट का हाल उपलब्ध है जिसमें पार्किंग की विशेष सुविधा उपलब्ध है जिन इच्छुक व्यवसायिक लोगों को अपने व्यवसाय हेतु आफिस दुकान शो रूम छोटी छोटी दुकान खोलना हो निम्न पते मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते है।

संपर्क- दिनेश तिवारी
होटल टाइगर इन
विंध्यनगर रोड बैढ़न
मोबाइल नंबर -6265475368




J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 120 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 106 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 92 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 92 |

मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 88 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 102 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 116 |

मोबाइल नं. 9300692405

14 आयुर्वेदिक दर्द नाशक तेलों का मिश्रण

मामजेसिक

तीव्र दर्द नाशक तेल

अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरदार...

जोड़ों का दर्द, घुटने का दर्द, कमर एवं पीठ दर्द, सूजन, गर्दन का दर्द, लचकना, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, मांस पेशियों में खिचाव, मोच, पिंडलियों, पंजो हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ पैर में झुनझुनी, कमजोरी एवं कंपन्न, जांघो में दर्द, सिरदर्द, सर्दी जुकाम हेतु

उपयोग करते ही असर प्रारंभ

लकवा रोगियों हेतु अत्यंत असरकारक

जबलपुर 9826035091 | कटनी 9303092693 | अनूपपुर 9993902291

सभी मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध

FOR PRIVATE SCREENING CALL +91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888

CALL BOOKING 0761-4069888 4069889

समदड़िया सिनेमा

SKY FORCE
09:15AM
11:30AM
02:00PM
05:00PM
08:15PM
10:45PM

DEVA
09:15AM 10:00AM
11:00AM 12:00PM
01:00PM 02:00PM
03:00PM 04:15PM
06:00PM 07:00PM
08:00PM 09:00PM
10:00PM 11:00PM

PUSHPA-2
04:15PM